आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 312, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार



आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला 14
मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर 13

## हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

शिमला, एजेंसी



- एनएचएआई अधिकारियों पर हमला करने का मामला

हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया।

मंत्री के खिलाफ एनएचएआई के दो अधिकारियों पर उस स्थान का निरीक्षण करने के दौरान हमला करने का आरोप है, जहां पांच मंजिला एक इमारत ढह गई थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मचारी अचल जिंदल की शिकायत पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अचल जिंदल फोर-लेन परियोजना के प्रबंधक हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सिंह ने उन्हें और उनके साइट इंजीनियर योगेश को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ मारपीट की। एनएचएआई के दोनों कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए मंत्री से संपर्क नहीं हो सका।

# स्वस्थ और विकसित भारत से ही हम बनेंगे विश्व गुरु : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण, पारंपरिक जीवनशैली अपनाने की सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भारत का विश्व में डंका बज रहा है। स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए आज से ही हमें प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व विकसित भारत से ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं। शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्र और संस्थान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में खेतों व जंगलों में आज भी जड़ी-बूटियों का खजाना मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी



आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के बाद चित्र प्रदर्शनी देखतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

डेट नहीं होती। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती हैं कि पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा।

राष्ट्रपति मंगलवार को गोरखपुर में 52 एकड़ में 268 करोड़ की लागत से बने देश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है। आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग और सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है। भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की चर्चा करते कहा कि इन पद्धतियों की वैज्ञानिक स्वीकार्यता को बढ़ाने में भी ऐसे विश्वविद्यालय का योगदान रहेगा। राष्ट्रपति ने भाषण की शुरूआत में महायोगी गुरु गोरखनाथ की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली महापुरुष भारत में दोबारा नहीं हुआ। उन्होंने इस योग भूमि और नाथ पंथ के संतों-मनीषियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव व राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है।

### हर जिले में बनेगा आयुष वेलनेस सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में 100 बेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी, नई खेल नीति पर भी मुहर

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने विकास से जुड़ी कई योजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- रोजगार प्रोत्साहन योजना पर खर्च किए जाएंगे 1.07 लाख करोड़ रुपये



मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। यह योजना खासतौर पर निर्माण क्षेत्र पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निर्माण क्षेत्र को मजबूती और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई खेल नीति पर भी मुहर लगा दी है।

अनुसंधान और विकास में निजी निवेश बढाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इनके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विकासपरक योजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) का मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य दो साल में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा।

वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था। इस योजना का लाभ एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।

### भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने की दिशा में पहल

**नई दिल्ली।** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है।

### अनुसंधान, विकास में निजी निवेश बढ़ाने की योजना को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुसंधान में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को भी मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य उभरते क्षेत्रों तथा आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य व आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसंधान, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण देना है।

# जीएसटी ऐतिहासिक सुधार, आर्थिक परिदृश्य को दिया नया आकार : मोदी

## जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री

- कहा-छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर 'एक्स' पर लिखा कि अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल एवं सेवा कर के लागू होने के बाद से सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

### सकल जीएसटी संग्रह जून में 1.84 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पिछले महीने 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा। सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी दर में 58.5 रुपये की कटौती

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई जबकि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 58.5 रुपये की कटौती की है। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत प्रति सिलेंडर 1,665 रुपये और मुंबई में 1,616.50 रुपये होगी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। अप्रैल में घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है। इस निर्णय की सूचना 24 जून को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय के सभी कर्मचारियों को दी गई। परिपत्र कहा गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून से प्रभावी कर दिया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे इसकी सूचना रजिस्ट्रार (भर्ती) को दे सकते हैं। प्रभावी मॉडल रोस्टर के अनुसार, एससी श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। आरक्षण का लाभ रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायकों, सहायक लाइब्रेरियन, कनिष्ठ अदालत सहायकों और चैंबर अटेंडेंट को मिलेगा।

# रेल यात्रियों को अब एक ही जगह सभी सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया मोबाइल एप रेलवन





रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी। वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस एप की शुरुआत की। यह एप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

एप के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मंत्रालय ने कहा कि यह उपयोगकर्ताओं को सरल और स्पष्ट यूजर इंटरफेस के माध्यम से बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। इसमें न केवल सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत कनेक्टिविटी भी है, जिससे उपयोगकर्ता को भारतीय रेलवे सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है। एप सिंगल साइन-ऑन है, जिससे उपयोगकर्ताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं रहती। रेलवन एप डाउनलोड करने के बाद, कोई भी व्यक्ति रेल कनेक्ट या यूटीएसऑनमोबाइल एप की मौजूदा आईडी से लॉग इन कर सकता है। इससे अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग एप रखने की आवश्यकता नहीं रहती, जिससे डिवाइस स्टोरेज की बचत होती है। आर-वॉलेट (रेलवे ई-वॉलेट) सुविधा भी एप में जोड़ी गई है। संख्यात्मक एमपिन व बायोमेट्रिक लॉगिन जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं।

### टिकट बुकिंग से लेकर ढेरों सुविधाएं मिलेंगी

रेल मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि रेलवन एप पर यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान उपलब्ध होगा। इस एप से यात्रियों को आरक्षित, अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग के साथ माल ढुलाई से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी उपलब्ध है।

### केवल पूछताछ करने के लिए अतिथि लॉगिन

नए उपयोगकर्ताओं के लिए न्यूनतम जानकारी देकर पंजीकरण करने का प्रावधान है, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया आसान और तेज हो जाती है। जो उपयोगकर्ता केवल पूछताछ करना चाहते हैं, वे अपने मोबाइल नंबर और ओटीपी के साथ अतिथि लॉगिन के माध्यम से भी लॉग इन कर सकते हैं।

## फिर स्कूल पहुंचे हम...



गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार एक जुलाई से सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल खुल गए। विद्यालय पहुंचे बच्चों का रोली-चंदन लगाकर स्वागत किया गया। कुछ ऐसा ही नजारा लखनऊ में गोमती नगर के एक स्कूल में भी देखने को मिला, जहां बच्चों का शिक्षकों ने चंदन रोली लगाकर स्वागत किया। ● अमृत विचार

# दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी





- पेट्रोल पंपों पर रीडर कैमरे लगाए गए, तैनात किए गए जांच दल


दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए हैं।

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# किसी से आई लव यू कहना यौन इच्छा प्रकट करना नहीं

## बंबई उच्च न्यायालय ने कहा- यह केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति, आरोपी व्यक्ति की सजा रद्द की

मुंबई, एजेंसी



बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है, न कि यौन इच्छा प्रकट करना।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के की पीठ ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में अनुचित स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई टिप्पणी शामिल है।

शिकायत के अनुसार, आरोपी नागपुर में 17 वर्षीय लड़की के पास गया, उसका हाथ पकड़ा और आई लव यू कहा। नागपुर की एक सत्र अदालत ने 2017 में आरोपी को भारतीय दंड संहिता और बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था और तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं पाई गई जिससे यह संकेत मिले कि उसका वास्तविक इरादा पीड़िता के साथ यौन संपर्क स्थापित करना था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जब लड़की स्कूल से घर लौट रही थी, तो उस व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया, उसका नाम पूछा और आई लव यू कहा।

लड़की वहां से भाग निकलने में सफल रही और घर जाकर अपने पिता को घटना के इसके बारे में बताया, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह मामला छेड़छाड़ या यौन उत्पीड़न के दायरे में नहीं आता।

### यौन उद्देश्य साबित करने को ठोस आधार जरूरी

उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू जैसे शब्द अपने आप में यौन इच्छा (प्रकटीकरण) के बराबर नहीं होंगे, जैसा कि विधायिका द्वारा परिकल्पित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू कहने के पीछे यदि यौन उद्देश्य था, तो उसे साबित करने के लिए कुछ ठोस और अतिरिक्त संकेत होने चाहिए, केवल इतना कहना पर्याप्त नहीं है। अदालती आदेश में कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति यह कहता है कि वह किसी से प्रेम करता है या अपनी भावनाएं व्यक्त करता है, तो केवल इतना भर कह देने से इसे किसी प्रकार के यौन इरादे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

# डॉक्टरों का योगदान सराहा, सम्मानित किया

## चिकित्सा क्षेत्र के प्रति समर्पण दिखाने वाले डॉक्टर सम्मानित, आईएमए सभागार में पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

**डॉक्टर्स डे**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परेड स्थित आईएमए सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर एक दिवसीय सामाजिक, पर्यावरणीय व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र के प्रति समर्पण दिखाने वाले डॉक्टरों को सम्मानित करना और समाज में स्वास्थ्य व सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। आईएमए अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि डॉक्टर्स डे केवल चिकित्सकों को सम्मानित करने का दिन नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति उनके योगदान को याद करने और स्वास्थ्य सेवा के मूल्यों को पुनः स्वीकारने का अवसर है।

आईएमए परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे डॉक्टर, मेडिकल छात्रों के साथ ही समाजसेवी व आम लोगों ने भी भाग लिया, जिनकी मदद से 114 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। तिरंगा अगरबत्ती के निदेशक नरेंद्र शर्मा ने कहा कि चिकित्सक न केवल जीवन रक्षक होते हैं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले भी होते हैं। आईएमए दानशील रक्त केंद्र के सह अध्यक्ष डॉ. बृजेन्द्र शुक्ला, संयोजक डॉ. शशिकांत मिश्रा व निदेशक पंडित नरेंद्र शर्मा व उनकी टीम ने रक्तदान कर अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित किया। शिविर के बाद डॉक्टरों ने पौधरोपण किया। रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमे अयोध्या धाम से आए आचार्य योगेश जी महाराज और उनकी टीम ने आध्यात्मिक भजनों की प्रस्तुति दी। चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉक्टरों व समाजसेवियों को आईएमए अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी व सचिव डॉ. विकास मिश्रा ने सम्मानित किया। आईएमए द्वारा चयनित डॉक्टरों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाजा गया।




तिरंगा अगरबत्ती के निदेशक नरेंद्र शर्मा को प्रशस्ति पत्र देतीं आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ.विकास मिश्रा समेत अन्य डॉक्टर। अमृत विचार



आईएमए परिसर में वरिष्ठ डॉक्टरों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

### ये लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे

- आईएमए सचिव डॉ. विकास मिश्रा, रक्तदान शिविर समन्वयक, डॉ. शिवकांत मिश्रा, डॉ. नीलम मिश्रा, सामुदायिक कल्याण उप समिति के अध्यक्ष, डॉ. वीसी रस्तोगी, आईएमए के वित्त सचिव डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. अंतरा देबरॉय, डॉ. क्षमा शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बृजेन्द्र शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष डॉ.संतोष शुक्ला, डॉ. एसी अग्रवाल, डॉ.आरएन चौरसिया, डॉ.संजय रस्तोगी, डॉ.एसके कटियार, डॉ.वीके कपूर समेत आदि रहे।

### चिकित्सकों पर समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

- **कानपुर।** सीएसजेएमयू में भारत रत्न डॉ. बीसी रॉय के जन्मदिन पर डाक्टर्स डे मनाया गया। कुलपति प्रो.विनय पाठक ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर डॉक्टरों का सम्मान किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने कहा कि आज के आधुनिकीकरण में चिकित्सकों को स्वयं के स्वास्थ्य पर भी जागरूक होने की जरूरत है। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक डॉ. अवध दुबे, डॉ.संजय रस्तोगी, डॉ.विकास गुप्ता, डॉ.पंकज गुलाटी, डॉ.मलय चतुर्वेदी, डॉ.गौतम दत्ता, डॉ.बृजेन्द्रा शुक्ला, डॉ.क्षमा शुक्ला, डॉ.चमन वनमानी, डॉ. सौमित्र महेन्द्र, आदि डॉक्टर व प्रोफेसर रहे।

### बुजुर्गों का सम्मान, मिठाई-दवा दी

**कानपुर।** डॉक्टर्स डे पर आरोग्यधाम की टीम ने पनकी जवाहरपुर में स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का सम्मान किया। फल फ्रूटी मिठाई के साथ डेंगू चिकनगुनिया वायरल गैस्ट्राइटिस की होम्योपैथिक दवाइयों की किट वितरित की। आरोग्यधाम के वरिष्ठ होम्योपैथिक फिजिशियन डॉक्टर हेमंत मोहन, डॉ आरती मोहन, संस्थापिका पुष्पा मोहन ने वृद्ध आश्रम में होम्योपैथिक शिविर लगाकर बुजुर्गों का स्वास्थ्य की जांच की और दवाएं दीं। कार्यक्रम में महेश मिश्रा, पूजा सिंह, आशीष पुरी, समीर शुक्ला, उमा शर्मा, आनंद शुक्ला आदि शामिल रहे।



बुजुर्गों की जांच कर दवा देते डॉ. हेमंत मोहन। अमृत विचार

### जीवनदाता के रूप में सम्मान

**कानपुर।** डॉक्टर्स डे के मौके पर सेवा और समर्पण की मिसाल पेश करते हुए लायंस क्लब कानपुर आस्था, लायंस क्लब कानपुर मैन एवं लायंस क्लब कानपुर मारुति ने आर्यन हॉस्पिटल, काकादेव में रक्तदान शिविर आयोजित किया। उद्घाटन वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर फर्स्ट लायन शरद अग्निहोत्री, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन श्याम जी निगम एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन वंदना निगम ने दीप प्रज्वलन से किया। शिविर में 28 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदेश कटियार, डॉ चन्द्रहास, डॉ विजय एवं डॉ संगीत समेत अन्य चिकित्सकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित और 'जीवनदाता' की उपाधि से अभिनंदित किया गया। लायन रुचि अग्निहोत्री, नेहा कटियार, विनीत त्यागी, जेसी गुप्ता , वीणा मिश्र, रमाकान्त, सचिन शुक्ला, विजय झा, आलोक मौर्य, राजेश निगम, शिवम् गुप्ता, शिरीष द्विवेदी, इशांक अवस्थी, अंकित पांडेय, शिवम त्रिवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




लायंस क्लब के रक्तदान शिविर में उपस्थित पदाधिकारी।

# हरबंश मोहाल के होटल में मिला अधेड़ का शव

- नोएडा से आई पत्नी ने की शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हरबंशमोहाल स्थित होटल के कमरे में अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मंच गया। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर उसके परिजनों को सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज चेक किए। नोएडा से आई उसकी पत्नी ने शव की शिनाख्त की। मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।



ओम प्रकाश अग्निहोत्री।

मूलरूप से शुक्लागंज निवासी 48 वर्षीय ओम प्रकाश अग्निहोत्री मौजूदा समय में महेश्वरी मोहल्ला, बादशाहीनाका में रहते थे। शुक्लागंज का मकान एक साल पहले साढ़े नौ लाख रुपये में बेचा था। ओम की पत्नी मनीषा 13 वर्षीय बेटे ध्रुव के साथ नोएडा में रहती हैं। मनीषा नोएडा में ही एक इलेक्ट्रानिक शोरूम में नौकरी करती हैं। ओम प्रकाश का शव हरवंशमोहाल स्थित माता प्रसाद होटल के कमरे में मिला। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, बिसरा रखा गया है। मनीषा के अनुसार कुछ टकराव के चलते वह कई साल से अलग रह रहीं थीं। बीती फरवरी माह में ओम प्रकाश की तबियत खराब होने पर उसे उर्सला में भर्ती कराया गया था। तब उससे मिलने आई थी। उसके बाद से संपर्क नहीं रहा।

### होटल के बाहर वेटर का शव मिला

**कानपुर।** कलक्टरगंज स्थित होटल के बाहर कानपुर देहात के पुरैनी भोगनीपुर निवासी 66 वर्षीय वृद्ध सोबरन सिंह का शव मिला। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लोगों के अनुसार सोबरन होटल में वेटर का काम करता था। किन हालात में उसकी मौत हुई, यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह की जानकारी होगी।

# अभद्र टिप्पणी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कानपुर।** चकेरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जिलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर पर अभद्र टिप्पणी का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

सनिगवां निवासी कारोबारी प्रदीप तिवारी ने दिल्ली के रोहिणी सेक्टर में रहने वाले सुनील कुमार के कबाड़ गोदाम की जिलाधिकारी से शिकायत की थी। सुनील का गोदाम कोयलानगर में है। शिकायत के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर 24 जून को नगरनिगम टीम ने कबाड़ हटाने के साथ एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इसी खुन्नस में सुनील ने प्रदीप के खिलाफ मारपीट, रंगदारी व जमीन के कब्जे का प्रयास का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद सोमवार को प्रदीप तिवारी का तीन ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री समेत अधिकारियों पर अभद्र टिप्पणी की गई। एसीपी चकेरी अभिषेक पांडेय ने बताया कि आरोपी प्रदीप तिवारी को जेल भेजा गया है।

**सार-संक्षेप**



आचार्य विद्यासागर जी महाराज के दीक्षा दिवस पर मौजूद प्रोफेसर। अमृत विचार

### आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन पर होना चाहिए शोध

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज में संचालित आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोध पीठ में मंगलवार को आचार्य विद्यासागर जी महाराज का 58वां दीक्षा दिवस मनाया गया। लखनऊ से आईं रुबी जैन ने मंगलाचरण किया। निदेशक प्रो.अशोक कुमार जैन ने कहा कि आचार्य का पूरा जीवन संयम का रहा, उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय, सामजिक, धार्मिक व आध्यात्मिक योगदान दिया है। सुमित कुमार जैन ने कहा कि आचार्य के विचार देश और समाज के धरोहर हैं, उनके विचारों पर शोध कार्य होने चाहिए, जिससे देश और समाज को एक नई दिशा प्राप्त होगी। इस दौरान अंशु जैन, सीए अरविंद कुमार जैन, स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज के निदेशक डॉ. सर्वेश मणि त्रिपाठी, डॉ. अंकित त्रिवेदी, डॉ. प्रभात गौरव मिश्र डॉ. कोमल चंद्र जैन, ब्रम्हचारिणी समता दीदी, शिखा जैन, अभिलाषा जैन, रजनी जैन, अंजलि जैन, अलका जैन आदि लोग रहे।

### मेट्रो ब्रिज में फिर फंसा हैवी ट्रक, भीषण जाम

**कानपुर।** नौबस्ता में हाईवे को पार करने वाले मेट्रो ब्रिज पर एक बार फिर हैवी ट्रक फंस गया। जिससे अफरातफरी मची रही। बाद में हैवी ट्रक को सर्विस लेन से रामादेवी की ओर बढ़ाया गया। घटना के चलते हाईवे और सर्विस लेन पर भीषण जाम लगा रहा। मंगलवार को दिल्ली की ओर से भौंती हाईवे पर हैवी ट्रक रामादेवी की ओर जा रहा था, नौबस्ता बाईपास के पास मेट्रो के लिए ब्रिज बना है जिसे हैवी ट्रक पार नहीं कर पाया है। हैवी ट्रक को किसी तरह बैक करके सर्विस लेन पर उतारा गया और फिर उसे रामादेवी की ओर बढ़ाया गया। इस दौरान काफी देर तक हाईवे पर जाम लगा रहा।



नौबस्ता हाईवे पर मेट्रो ब्रिज में फंसने के बाद सर्विस लेन से निकलता हैवी ट्रक। अमृत विचार

# रोगों से बचाव को संचारी रोग नियंत्रण अभियान

- पूरे जुलाई माह चलेगा यह अभियान, दस्तक अभियान में खोजे जाएंगे रोगी
- कल्याणपुर ब्लाक के मकसूदाबाद पंचायत भवन से शुरू किया गया अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संक्रामक बीमारियों और मच्छरजनित रोगों से बचाव और रोकथाम के लिए मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने कल्यानपुर ब्लाक के मकसूदाबाद पंचायत भवन से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की शुरुआत की। पूरे जुलाई माह संचालित होने वाले इन अभियान में स्वास्थ्य विभाग समेत 12 विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में मौजूद लोगों, अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलवाई। नगर निगम की फागिंग गाड़ियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीडीओ ने अत्यधिक जलभराव वाले स्थल जैसे तालाब के आसपास कृषि विभाग और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से तालाब के ऊपर ड्रोन द्वारा जैविक लार्वीसाइड दवा का छिड़काव की उद्घोषणा की। कहा कि इस गतिविधि के ग्राम मकसूदाबाद में प्रायोगिक परीक्षण में आशातीत सफलता प्राप्त होने पर जिले के सभी ब्लाकों के तालाबों में इसकी शुरुआत की जाएगी। वहीं, सीडीओ ने एक फाइलेरिया रोगी को मोर्बिडिटी मैनेजमेंट किट (एमएमडीपी किट) देकर रोगी से रोग संबंधित चर्चा की। सीएमओ डॉ.उदय नाथ, एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश व जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह समेत आदि ने पहली बार ड्रोन से तालाब पर जैविक लार्वीसाइड छिड़काव देखा। उप कृषि निदेशक डॉ. आरएस वर्मा ने रोडेंट्स (चूहा व छछूंदर) को समाप्त करने की विधियों को समझाया। सीएमओ डॉ.उदय नाथ, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल के संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, अपर जिला पंचायतराज अधिकारी अभिलाश बाबू, जिला पंचायतराज अधिकारी (टेक) प्रदीप सिंह, एसीएमओ डॉ. रमित रस्तोगी, एसीएमओ डॉ. आरपी मिश्रा, डॉ.सुबोध प्रकाश, काशीराम चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. नवीन चंद्रा, ग्राम प्रधान कल्लूपाल, सहायक मलेरिया अधिकारी भूपेंद्र सिंह, वरि. मलेरिया निरीक्षक प्रशांत वर्मा, सभी मलेरिया निरीक्षक व फाइलेरिया निरीक्षक, रीजनल समन्वयक, डॉ.शिवकांत, अश्वनी गौतम आदि थे।




विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जानकारी देतीं सीडीओ दीक्षा जैन व साथ में सीएमओ, एसीएमओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**कानपुर।** अहिरवां फ्लाईओवर पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मथुरा के मगोर्रा निवासी 36 वर्षीय मनोज शर्मा की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे मनोज के बड़े भाई योगेश ने हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अनुसार युवक अहिरवां फ्लाईओवर पर सड़क पार कर रहा था, तभी वाहन की चपेट में आ गया।

# वीर अब्दुल हमीद याद किए गए

**कानपुर।** 1965 में हिंदुस्तान-पाकिस्तान जंग के दौरान साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान सेना के टैंकों को उड़ाने वाले परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शहीद वीर अब्दुल हमीद सोशल वेलफेयर आर्गनाइजेशन ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. निसार अहमद सिद्दीकी हाजी सलाउद्दीन अंसारी, अकील अहमद,नफीस अहमद ठेकेदार , महफूज़ हाशमी ,मुहम्मद राशिद इमरान खान एड्वोकेट ,अहमद रज़ा अंसारी एड , जुनेद आलम, अजहर आलम बचाऊ, फरीद अहमद सोनू, आज़ाद, जाकिर मौजदू थे।



रावतपुर में वीर अब्दुल हमीद को नमन किया। अमृत विचार

**खुशी के पल** शहर के 1607 बूथों पर सपाइयों ने काटा केक, दी बधाई

# संकल्प दिवस के रूप में मनाया अखिलेश का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर, सीसामऊ, किदवई नगर, कैंट और आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र के 1607 बूथों पर सपाइयों ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव का 52 वां जन्मदिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया। 1607 बूथों पर पीडीए सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमे केक काटकर सपाइयों ने मिष्ठान वितरण कर अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई भेजी।

नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि भाजपा स्वदेशी मंच भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को तरजीह देने लगा है, भाजपा लघु उद्योगों पर ध्यान न देकर विदेशी कंपनियों को महत्व दे रही है, जिसके कारण मोहल्लों के लाखों परचून कारोबारियों का कारोबार चौपट होने के कगार पर पहुंच गया है। महंगाई-बेरोजगारी पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, राष्ट्रीय सचिव रामगोपाल पुरी, पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट, राजीव शर्मा, अम्बर त्रिवेदी, कमलेश यादव, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, दीपक खोटे समेत आदि सपाई रहे।



सपा कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चित्र के पास केक रखकर काटते सपा नेता। अमृत विचार



स्वराज वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से आशीर्वाद लेते सपा नेता सम्राट विकास।

### सम्राट विकास ने वृद्धाश्रम में वितरण की सामग्री

**कानपुर।** गोविंद नगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सपा नेता सम्राट विकास पनकी स्थित स्वराज वृद्धाश्रम पहुंचे, यहां पर उन्होंने अखिलेश यादव का जन्मदिवस वृद्धिजनों के साथ मनाया और उन्हें खाद्य सामग्री वितरित की। दादानगर, पनकी, सर्वोदय नगर समेत आदि क्षेत्रों में भी खाद्य सामग्री व फल आदि का वितरण किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, शम्भू विश्वकर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, अनिल यादव, विशाल, धर्मेंद्र आदि लोग रहे।

## दुष्कर्म पीड़िता के घर से आरोपी ने चोरी की और धमकाया

**कानपुर।** चकेरी के अहिरवां में रहने वाली एक दुष्कर्म पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ घर में चोरी करने व धमकाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2023 में गांधीग्राम निवासी प्रतीक मिश्रा के खिलाफ उसने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बीती 25 जून को वह मामले में पैरवी के लिए कचहरी जाते समय कुछ कागज भूल जाने पर वापस घर लौटी तो आरोपी को अपने घर से निकलते देखा। रोककर पूछने पर उसने कहा कि मुकदमे से जुड़े साक्ष्य व दस हजार रुपये लेकर जा रहा हूं और धमकाते हुए कहा कि मुकदमा वापस ले लो नहीं तो किसी दिन गाड़ी चढ़ाकर मार दूंगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

पहले मेरा नाम : PRABHAT KUMAR KHARE था से बदलकर PRABHAT KHARE रख लिया है। अब मुझे PRABHAT KIARE के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O - SUDHIR KHARE FLAT NO-303 BCC GRAVITY APARTMENT TIKAIT GANJ MOHAN ROAD LUCKNOW - 226017

**सूचना**

मैं **पिंटू पुत्र मनोहरलाल निवासी ग्राम गोठवा पोस्ट गाजू तहसील संडीला जनपद हरदोई** का हूं ।मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जगदीश अंकित है और आज के बाद से मैं पिंटू के नाम जाना जाउगा और सभी तरह के कार्य पिंटू नाम से करूगा ।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र का नाम Aryan Singh से बदलकर Vedant Singh कर दिया है। उसे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये Varun Singh S/o Rakesh Singh, R/o Plot No. 8-9, Chak Malhauri, Malhaur Station Road, Chinhut, Lucknow, 226028.

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सियाराम पुत्र रामयज्ञ ग्राम व पो0 धूरीटीकर, परगना पश्चिम राठ थाना–तारून तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या**, मेरी पत्नी का नाम मीना तथा उपनाम सुशीला है। दोनों नाम मेरी पत्नी का ही है। अतः उसे मीना उर्फ सुशीला नाम से पढा और जाना जाय।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राहुल उर्फ भोले व उसकी पत्नी सलोचना के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगें– **अरविंद कुमार अवस्थी पुत्र कृपाशंकर व राधा देवी पत्नी अरविंद कुमार – निवासीगण –साहूपुर –तहसील– बिधूना– जिला –औरैया।**

**सूचना**

मैं **राज कुमार स्व0 कृष्णा प्रसाद निवासी म0 नं0– 180 खोवामण्डी शाहगंज थाना कोतवालीनगर परगना मीरानपुर तहसील सदर जनपद सुलतानपुर।** मैने दिनांक 25 /06 /2025 को जनपद सुलतानपुर में एक बैनामा जो कि जो मेरे नाम से था जिसकी पुस्तक संख्या 2 क्रमांक 230 पृष्ठ संख्या 51–72 क्रम संख्या 6987 दिनांक 16 /12/2002 कहीं खो गया है ।

**सूचना**

मैं प्रेम **सागर यादव पुत्र स्व. अमर सिंह यादव निवासी 353/21, लाइन खेड़ा, बी–ब्लॉक, राजाजीपुरम,** लखनऊ सूचित करता हूं कि मैं व मेरा परिवार अपने पुत्र राहुल यादव को उसके अशोभनीय व्यवहार एवं कृत्य से क्षुब्ध होकर अपनी चल अचल से बेदखल करते हुए सभी सम्बन्ध समाप्त करता हूं भविष्य में उसके किसी भी कृत्य एवं लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सर्वविदित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र राकेश कुमार के चाल– चलन से तंग आकर अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। इसके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **आत्माराम गौतम पुत्र आशाराम नि0– ग्राम चाकूजोत, थाना – रानीपुर तह0– जनपद– बहराइच**

**सूचना**

मैं **चन्द्रपाल पुत्र गंधर्व नि0 ग्रा0 जूड़ानिवादा, खण्ड बरिंगौं, नौहानौगाँव, रसूलाबाद, ज0 कानपुर (दे0)**, मेरें खातें में मेरा नाम त्रुटिवश शम्भूदास यादव दर्ज हो गया है जबकि सभी सरकारी कागज व आधार कार्ड, पहचान पत्र व खतौनी सभी में चन्द्रपाल पुत्र गंधर्व है यह दोनों नाम मेरें ही हैं मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ।

**सूचना**

मेरा पुत्र शानू व उसकी पत्नी सायरा का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। यह दोनो अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार है। दोनो के गलत आचरण को देखते हुए समस्त संबंध विच्छेद कर लिया है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **शाबिर अली पुत्र हनीफ अली वार्ड न. 10,रामनगर शिवली तहसील मैथा, जिला –कानपुर देहात**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनीष तिवारी पुत्र शिवाकान्त तिवारी ग्राम व पोस्ट सलेथू, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मैंने भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 236438013 अपनी पुत्री कु. शिवी तिवारी पुत्री मनीष तिवारी के नाम ली थी। आधार कार्ड में नाम बदलकर दर्शिका तिवारी पुत्री मनीष तिवारी कर लिया। अतः पालिसी में कु. शिवी तिवारी की जगह दर्शिका तिवारी अंकित किया जाये।और भविष्य में इसी नाम से जानी व पहचानी जायेगी।

**सूचना**

सूचित है कि मेरे डी.एल. का लाइसेंस नंबर UP 4020180005698 में नाम PUSHKAR KUMAR दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में PUKSHKAR KUMAR अंकित है। आधार कार्ड के अनुसार डीएल में सही नाम PUKSHKAR KUMAR अंकित किया जाए।
**पुष्कर कुमार पुत्र भागीरथी निवासी घुमनाभारू पोस्ट ककरहा तहसील मोतीपुर, जिला बहराइच।**

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

| 33.0° | 28.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 20 | सूर्यास्त 07 : 06 |

**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# गोल चौराहा एलिवेटेड रूट की अड़चनें दूर करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


जिलाधिकारी के साथ बैठक करते सांसद रमेश अवस्थी व अन्य जनप्रतिनिधि।

**अमृत विचार।** रामादेवी–गोल चौराहा एलिवेटेड रोड की डीपीआर में आ रही अड़चनों का तत्काल समाधान किया जाए। सड़कों पर गड्ढा मुक्त अभियान शीघ्र पूर्ण करें। अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा कब्जे रोकने के लिए पुलिस सक्रियता बढ़ाई जाए। दादा नगर पुल का नाम 'विश्वकर्मा सेतु' तथा मेट्रो स्टेशनों के नाम महापुरुषों के नाम पर रखे जाएं। यह बात मंगलवार को समग्र विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद रमेश अवस्थी ने कही। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनप्रतिनिधियों के उठाए मुद्दों का वरीयता के आधार पर निदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**श्रमशक्ति का समय बदला जाए:** विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि टाटमिल चौराहा पर जाम लगने के कारण अक्सर दिल्ली के यात्रियों की श्रमशक्ति एक्सप्रेस छूट जाती है, ऐसे में ट्रेन के समय में परिवर्तन करने का प्रस्ताव भेजा जाए। इसी तरह कहा गया जेपी नगर स्थित बंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ किया जाए।

**केस्को ने केबिल डाली पर गड्ढे नहीं भरे:** एमएलसी सलिल विश्नोई ने कहा कि केस्को द्वारा डाली गई केबिल के बाद गड्ढों को नहीं भरा गया है, जिससे सड़कों की स्थिति दयनीय है। बिजली फॉल्ट की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर की कार्यक्षमता सुनिश्चित की जाए।

**रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण प्राथमिकता से करें**

- सांसद ने कहा कि रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण प्राथमिकता पर पूरा हो, सेतु निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए, ग्रीनपार्क के जीर्णोद्धार के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और खेल विभाग से समन्वय बनाकर प्रस्ताव भेजें।
- **बाजारों में पार्किंग स्थल चिह्नित करें :** जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर निगम के बंद हॉस्पिटल को पीपीपी मॉडल से चलाया जाए। प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाई जाए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गरीब बच्चों के प्रवेश सुनिश्चित किए जाएं। मुख्य बाजारों में पार्किंग हेतु स्थान चिन्हित किए जाएं।




## एक नजर

### तीसरी रिपोर्ट निगेटिव चिड़ियाघर जल्द खुलेगा

**कानपुर।** कानपुर चिड़ियाघर के वन्यजीवों की तीसरी रिपोर्ट भी आ गई है जो निगेटिव है। ये रिपोर्ट बरेली और भोपाल के लैब से आई है जिससे चिड़ियाघर प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। उम्मीद है कि जल्द ही चिड़ियाघर खुल जाएगा। कानपुर चिड़ियाघर के रेंजर नावेद इस्लाम ने बताया कि 12 पशु पक्षियों के सैंपल बरेली और भोपाल लैब भेजे गये थे जिसकी रिपोर्ट आ गई है। शासन के दिशा निर्देश का इंतजार हैं। बताते चलें कि गोरखपुर से एक बीमार बब्बर शेर को कानपुर इलाज के लिए लाया गया था लेकिन उसकी बर्ड फ्लू से मौत हो गई थी। तबसे चिड़ियाघर बंद चल रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** सचेंडी में मंगलवार देर शाम बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सचेंडी के उदयपुर गांव निवासी अशोक सोनकर के तीन लड़कों में सबसे छोटा 20 वर्षीय राघवेंद्र उर्फ छोटे ऑटो चालक था। मंगलवार देर शाम सीढ़ी बाजार गया था। लौटते समय सकतपुर के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान कराई।

### जन्नती नौजवानों के सरदार इमाम हुसैन

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलमा–ए–अहले सुन्नत के द्वारा जूही लाल कालोनी में जिक्रे शोहदा–ए–करबला में मुफ्ती काजिम ओवैसी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन जन्नती नवजवानों के सरदार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तंजीम के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने विचार। हाफिज शब्बीर हुसैन बरकाती, हाफिज आसिफ रजा, हाफिज मोहम्मद इमरान, हाफिज ओवैस रजा आदि ने मौजूद रहे।

### अभद्र हरकत पर दबोचा

**कानपुर।** चकेरी के अहिरवां में मंदिर की गौशाला में एक व्यक्ति घुस गया और मवेशी से अभद्र हरकत की। इसकी जानकारी होने पर क्षेत्रीय लोगों ने उसे घेरकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी मदन लाला को गिरफ्तार कर लिया गया है। मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है।

### एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ी

**कानपुर।** कानपुर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद कानपुर एयरपोर्ट और मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु के विमानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मंगलवार को एयरपोर्ट पर सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई जबकि चकेरी पुलिस ने भी एयरपोर्ट के बाहर चेकिंग प्वाइंट बनाकर संदिग्धों पर नजर रखने का काम शुरू कर दिया है।

### घूस की मांग और फाइल दबाने के मामले में एक सप्ताह में केडीए के दो लिपिकों का निलंबन किया गया

# लिपिक हटा, ओएसडी डटा नहीं चलेगा-नहीं चलेगा...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए में पिछले एक सप्ताह में घूस मांगने व फाइल दबाने के मामले में अब तक दो लिपिकों विकास भारती और अतुल सोनकर का निलंबन हो चुका है। कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को केडीए के लिपिकों व अन्य कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। सैकड़ों कर्मचारियों ने पहले धरना दिया और फिर केडीए उपाध्यक्ष का कमरा घेर लिया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बड़े अधिकारियों की करनी की सजा छोटे कर्मचारियों को दी जा रही है। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने कर्मचारियों को अपने कार्यालय बुलाकर आश्वासन दिया कि जांच जारी है। ओएसडी मामले में शासन को पत्र भेज दिया गया है। कार्य बहिष्कार के चलते आम जनता परेशान रही।


केडीए उपाध्यक्ष के कमरे के बाहर घेराव कर खड़े कर्मचारी। अमृत विचार

बीते शुक्रवार को पीड़ित नीरज गुप्ता ने ओएसडी अजय कुमार पर रजिस्ट्री के नाम पर 30 हजार घूस मांगने का आरोप लगाया था। पीड़ित ने शिकायती पत्र के साथ 30 हजार की चेक ओएसडी के नाम जिलाधिकारी को दी थी। ओएसडी जोन 3 की आख्या पर डीएस भूतल योनजा-बर्रा-6 के द्वितीय श्रेणी लिपिक अतुल सोनकर को निलंबित कर दिया। ओएसडी ने अपना पलड़ा झाड़ा कि उनतक फाइल पहुंची ही नहीं। इसी तरह 26 जून को प्रार्थी से डेढ़ लाख मांगने के आरोप में लिपिक विकास भारती को भी निलंबित किया जा चुका है। दोनों ही निलंबन के विरोध में मंगलवार को कर्मचारी नेता धीरज बाल्मिकी, नीरज दीक्षित, दिनेश बाजपेई समेत 100 से अधिक कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार शुरू किया। केडीए के प्रथम तल पर एकत्र होकर कर्मचारियों ने नारेबाजी की। पहली बार बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी भी कार्य बहिष्कार में शामिल हुईं। दिनेश बाजपेई ने बताया कि ओएसडी अजय कुमार का दोष है। लिपिक को फर्जी फंसाया जा रहा है। उपाध्यक्ष और सचिव अभय पांडेय को अवगत कराया है।


केडीए के प्रथम तल पर कार्य बहिष्कार कर धरना देते कर्मचारी। अमृत विचार

**मायूस होकर लौटे फरियादी**

- बर्रा के रहने वाले धीरज अपने भवन की रजिस्ट्री के संबंध में जानकारी लेने केडीए पहुंचे तो पता चला कि कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर हैं। काफी देर भटकने के बाद वह लौट गए। ऐसे ही कई और फरियादी भी मायूस होकर लौट गए। केडीए कर्मचारियों ने सुबह 11 बजे से कार्य बहिष्कार किया जो शाम करीब 5 बजे तक चला। इस कारण करीब 6 घंटे तक केडीए में कोई काम नहीं हुआ।

- **एकजुट हुए कर्मचारी, केडीए उपाध्यक्ष का कमरा घेरा, ओएसडी पर कार्रवाई की मांग**

कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों और दोषी लिपिकों की बात को सुना गया है। जांच अधिकारियों से कहा है कि मामले में निष्पक्ष जांच की जाए। उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

– अभय पांडेय, सचिव केडीए

**पूरा दिन नहीं हुआ कार्य, लिखित आश्वासन पर अड़े**

- केडीए उपाध्यक्ष के आश्वासन के बाद भी कुछ कर्मचारी लिखित आश्वासन के लिए अड़े रहे और कार्य बहिष्कार जारी रखा। विनीता तिवारी, मंजू पाल, लेखिनी सचान समेत बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने कहा कि जब तक लिखित रूप से निलंबन की कार्रवाई का आश्वासन नहीं दिया जाता तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस वजह से मंगलवार को कोई भी कार्य नहीं हो सका।

# 5 साल बाद दक्षिण में नई मंडल कमेटियां घोषित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 5 वर्ष के लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार मंगलवार को भाजपा कानपुर दक्षिण जिले के 12 मंडलों की मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम की संस्तुति से सूची जारी की गई। श्याम नगर मंडल में मंडल अध्यक्ष की घोषणा न होने की वजह से वहां की घोषणा अभी नहीं हो सकी। मंडल कमेटी के अलावा शक्तिकेंद्र संयोजक भी घोषित कर दिए गए हैं। उत्तर जिला आज सूची जारी कर सकता है।

भाजपा की ओर से प्रत्येक मंडल में सोलह सदस्यीय कमेटी में मंडल अध्यक्ष के अतिरिक्त 6 उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, 6 मंत्री और एक कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा 60 सदस्यीय मंडल कार्यकारिणी भी बनाई गई है। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बताया कि मंडल कमेटी में सामान्य, पिछड़ा, अनुसूचित, महिला एवं अन्य वर्ग के कार्यकर्ताओं को उचित भागीदारी दी गई है। पार्टी के ऊर्जावान, समर्पित, निष्ठावान एवं शिक्षित



- उत्तर जिला आज सूची जारी कर सकता है
- शक्ति केंद्र संयोजक भी घोषित कर दिए गए

कार्यकर्ताओं का मंडल कमेटी में चयन किया गया है। भाजपा दक्षिण जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक शक्तिकेंद्र से एक कार्यकर्ता को मंडल कमेटी में शामिल किया गया है। श्याम नगर मंडल की घोषणा शीघ्र की जाएगी। बता दें कि 2020 के बाद से दक्षिण में नई जिला व मंडल कमेटी नहीं घोषित हुई थी। पुराने कार्यकर्ताओं से ही लोकसभा चुनाव हुआ था। उत्तर में भी यही स्थिति बनी थी। उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने बताया कि सूची फाइनल है क्षेत्रीय अध्यक्ष की संस्तुति के बाद घोषणा कर दी जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# रंगदारी के मामले में दीनू उसका भतीजा तलब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रंगदारी और डकैती के मामले में अधिवक्ता धीरज उपाध्याय उर्फ दीनू और उसके भतीजे मनु को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूरज मिश्रा की कोर्ट ने तलब किया है। कोर्ट ने नौ जुलाई को सोनभद्र से बी वारंट के जरिए दीनू को व उसके भतीजे मनु को बुधवार को जिला कारागार से तलब किया है। विवेचक ने रिमांड के लिए कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था।

केशवनगर के रहने वाले राकेश अरोड़ा ने 15 जून को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि उसकी नवीन मार्केट में फुटवियर की दुकान है। दीनू उपाध्याय गैंग के धीरज दुबे, नीरज दुबे उर्फ सोनू पंडित व गैंग के अन्य सदस्य कीमती फुटवियर लेकर रुपये नहीं देते हैं। उल्टा धमकाते हैं कि व्यापार करना है तो दीनू गैंग को हर महीने रंगदारी देनी होगी। इसके बाद दीनू उपाध्याय के लिए 10 लाख रुपये मांगे थे। बताया कि 17 सितंबर 2021 को उक्त लोग दुकान से एक कार में अपहरण कर मैनावती मार्ग ले गए और बेल्टों व डंडों से पीटा। उसका पर्स, मोबाइल और दुकान में रखे 64,500 रुपये लूट लिए। इस मुकदमें में विवेचना के दौरान दीनू के भतीजे मनु का नाम सामने आया था।

विवेचक पवन तिवारी ने कोर्ट में दीनू और मनु के रिमांड के लिए प्रार्थनापत्र दिया। दीनू वर्तमान में सोनभद्र जिले में बंद है, जबकि मनु कानपुर जेल में है। कोर्ट ने दीनू को बी वारंट के जरिए सोनभद्र जेल से नौ जुलाई को तलब किया है। मनु के रिमांड लेने के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उसे दो जुलाई को जिला कारागार से तलब किया है।

## पीएमओ सुरक्षा अधिकारी का मोबाइल चोर पकड़ा

**कानपुर।** प्रधानमंत्री ऑफिस के सुरक्षाकर्मी का मोबाइल चोरी करने वाले को चकेरी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सीपीडब्ल्यूडी चकेरी के रहने वाले राजेश कुमार प्रधानमंत्री ऑफिस में सुरक्षा अधिकारी हैं। राजेश के अनुसार वह बीती 20 अप्रैल को कोयलानगर स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी में शामिल होने के लिए आए थे। इसी बीच किसी शातिर चोर ने उनका मोबाइल पार कर दिया। दो माह तक चोर ने मोबाइल बंद रखा, इसलिए पकड़ में नहीं आया। जब उसने मोबाइल ऑन किया तो दबोचा गया। थाना प्रभारी चकेरी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी हरिओम शुक्ला मंगला विहार द्वितीय, न्यू पीएसी लाइन निवासी है। उसे जेल भेजा गया है।

# स्कूल खुलते ही यातायात व्यवस्था धड़ाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नई सड़क, परेड, सीटीआई चौराहा, गोविंद नगर समेत कई जगह लगा जाम
- यातायात की कोई ठोस योजना नहीं होने के कारण हजारों राहगीर परेशान
- ई रिक्शों की अराजकता ने जाम को और विकराल किया, इन पर कोई नियंत्रण नहीं

**अमृत विचार।** मंगलवार पहली जुलाई को स्कूल का नया सत्र चालू हो गया। स्कूल छूटते ही बच्चे सड़कों पर आने लगे जिससे अचानक सड़कों पर यातायात का लोड बढ़ गया और कई जगह भीषण जाम लग गया। इस जाम को ई रिक्शों की अराजकता ने और बढ़ा दिया।

सबसे ज्यादा फजलगंज से जरीब चौकी तक कालपी रोड पर स्कूली वाहन फंसे रहे। कल्याणपुर की ओर से आने वाले स्कूली वाहनों के चलते रावतपुर मेट्रो स्टेशन से गोल चौराहा तक लंबा जाम लगा। इस जाम को छुड़ाने के लिए कोई ट्रैफिक पुलिस नहीं होने के कारण लोग गलत दिशा में भी आए जिससे वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। ऐसे ही वीआईपी रोड भी जाम में जकड़ा रहा। इसी प्रकार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मोहर्रम के जुलूस निकल रहे हैं लेकिन इन जुलूसों को लेकर यातायात के पास कोई ठोस योजना नहीं है, यही कारण है कि ये जुलूस जिधर से जाता है, वहां वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। मंगलवार को शहर के कई रूट पर जुलूस होने के कारण हजारों राहगीर रास्ता बदलकर निकलने की कोशिश करने लगे। परेड से घंटाघर जाने वाले मुख्य मार्ग पर भीषण जाम लगा।


नई सड़क पर भीषण जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

## सरस्वती पूजन से शिक्षा सत्र का शुभारंभ


ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद एक जुलाई को शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन कर किया गया। प्राथमिक विद्यालय परमट प्रथम में प्रात : काल आठ बजे प्रधानाचार्य नवीन त्रिपाठी ने शिक्षिका आरती से मां सरस्वती के चित्र पर तिलक लगाकर पूजन कराया और छात्र छात्राओं ने विद्या की देवी की स्तुति प्रार्थना आरती व मंत्र का जाप कर पूजन किया| विद्यालय में शिक्षक संजय और योगेश ने छात्र छात्राओं को प्रसाद वितरित किया। • मनोज तिवारी

**स्कूल चलो** जिलाधिकारी ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई, बच्चों को चाकलेट, बिस्कुट, पेन देकर दुलारा

# मन लगाकर पढ़ाई करें, माता–पिता का नाम रोशन करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह शैक्षिक सत्र के पहले दिन मंगलवार 1 जुलाई को बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों में उत्साह भरने के लिए मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र कर्नलगंज के भैसिया हाता स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। वहीं से स्कूल चलो अभियान की शुरुआत करते हुए बच्चों को टाफी, बिस्कुट, चाकलेट, पेन देकर मन लगाकर पढ़ाई करके अपने माता-पिता का नाम रोशन करने को कहा।

मंगलवार को समस्त प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र की औपचारिक शुरुआत हो गई और लगभग 1.25 लाख नामांकित बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विद्यालयों की ओर रुख किया। जिलाधिकारी ने कर्नलगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय भैंसिया हाता में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ करते हुए नन्हे छात्रों का टीका कर स्वागत किया। उन्होंने कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को पुस्तकें, पेन और चाकलेट भेंट किए। जिलाधिकारी ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि बच्चों, मन लगाकर पढ़ाई करें, यही समय है जब आप अपने भविष्य की नींव मजबूत कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।


भैंसिया हाता में बच्चों को पुस्तकें देकर उत्साहवर्धन करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

# हैलट में प्राचार्य को देखकर भागे एमआर

## प्रमुख अधीक्षक के साथ आर्थो विभाग की ओपीडी में पहुंचे तो निकल भागे एमआर और दलाल, एक को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में दोपहर एक बजे के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला और प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ओपीडी भ्रमण पर निकले। दोनों अधिकारी सुरक्षा गार्डों के साथ आर्थो विभाग की ओपीडी पहुंचे तो यहां पर सुबह से लेकर दोपहर तक जमे रहने वाले एमआर (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) और मरीजों को बरगलाकर मुनाफा कमाने वाले दलाल भाग निकले, जबकि एक युवक मौके से पकड़ा गया, जो अधिकारियों को देखकर लंगड़ाने का बहाना करने लगा। उसे पुलिस को सौंप दिया गया।

हैलट अस्पताल के आर्थो विभाग की ओपीडी में सुबह से शाम तक कुछ एमआर जमा रहते हैं, जो मरीजों को चिन्हित मेडिकल स्टोर भेजने और अपनी कंपनी के दवाओं के फायदे गिनाकर उन्हें बरगलाने का काम करते हैं। दंत रोग विभाग की ओपीडी में भी यही हाल है। इसकी शिकायत मिलने पर मंगलवार दोपहर प्राचार्य प्रो. संजय काला और हैलट अस्पताल



हैलट के आर्थो विभाग की ओपीडी में पकड़े गए युवक को ले जाता पुलिस कर्मी व साथ में प्राचार्य प्रो. संजय काला। अमृत विचार

- अधिकारियों को देखकर लंगड़ाने लगा एक एमआर, पुलिस को सौंपा
- मोबाइल पर कमिश्नर के पीआरओ से प्राचार्य ने की शिकायत

के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह सुरक्षा गार्डों के साथ आर्थो विभाग की ओपीडी पहुंचे। कुछ एमआर तो भाग गए, लेकिन एक एमआर को प्राचार्य ने पकड़ लिया। हैरत की बात ये रही कि वह डॉक्टरों के सामने ही अपनी हरकतों को अंजाम दे रहा था। प्राचार्य ने उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उसके मोबाइल में हैलट अस्पताल से लेकर कार्डियोलॉजी तक के डॉक्टरों के नंबर थे। प्राचार्य ने बताया कि एमआर का आना मना नहीं है, उनके लिए समय निधारित है। लेकिन मरीजों को ठगना, दलाली करना और दिनभर ओपीडी में जमे रहना गलत है। अस्पताल से दलालों को भगाने के लिए प्राचार्य ने पुलिस कमिश्नर के सीयूजी नंबर पर कॉल कर शिकायत की।



दंत रोग विभाग से निकलकर भागे एमआर से पूछताछ करते प्राचार्य। अमृत विचार

### दंत रोग विभाग से निकले एमआर को दौड़ाकर पकड़ा

- आर्थो विभाग से निकलने के बाद प्राचार्य व प्रमुख अधीक्षक दंत रोग विभाग की ओपीडी की ओर बढ़े तो एक कमरे से तीन एमआर निकले, जो प्राचार्य को देखकर भागने लगे। सुरक्षा गार्डों ने तीनों एमआर को दौड़कर पकड़ लिया। पूछताछ के बाद प्राचार्य ने तीनों को समझाने के बाद जाने दिया।

### ऑर्थो ओपीडी में डॉक्टर थे गायब

- आर्थो विभाग की दोनों ओपीडी में मंगलवार को मुख्य डॉक्टर नहीं थे। जिन डॉक्टर की ओपीडी में ड्यूटी थी, वह भी मौके पर मौजूद नहीं थे। उनकी जगह पर जेआर मरीजों को देख रहे थे, इसपर प्राचार्य ने जेआर से जानकारी ली। एमआर के जमा रहने पर जानकारी की। प्राचार्य ने बताया कि आर्थो विभाग के डॉक्टरों से जानकारी ली जाएगी।

## सेंट्रल स्टेशन पर 9 गिरफ्तार, दो दर्जन हिरासत में

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया जिसमें 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया। दो दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मंगलवार को जीआरपी इंस्पेक्टर ओम नारायण सिंह एवं आरपीएफ प्रभारी सिद्धनाथ पाटीदार की अगुवाई में स्टेशन पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान डाग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता, आरपीएफ की टीम मौजूद रही। मेटल डिटेक्टर से यात्रियों एवं प्लेटफार्मों पर रखे सामानों की चेकिंग की गई। कई ट्रेनों में संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ की गई। इस दौरान रेलवे पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जिसमें रेल बाजार निवासी मोहम्मद हसीन, माती नवीबपुर निवासी साहिल, छोटे निवासी सिंगरौली, नमन बधावन निवासी गुमटी, लालू निवासी बिहार, आकाश सरोज निवासी किदवई नगर, दीपक वर्मा निवासी नौबस्ता, अक्षय सरोज निवासी नौबस्ता एवं विशाल सिंह निवासी मीरपुर कैंट शामिल हैं।

## सार-संक्षेप



सीए सिमरनजीत सिंह का सम्मान किया गया। अमृत विचार

### सीए दिवस पर चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान

**कानपुर।** मुस्कुराए उत्तर प्रदेश फाउंडेशन ने सीए दिवस पर चार्टर्ड अकाउंटेंट सिमरनजीत सिंह को उनके सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ सिधांशु राय ने विचार रखे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ए एस अग्रवाल डॉ कामायनी शर्मा अनूप द्विवेदी नेहा कटियार शिखा अग्रवाल पंकज शर्मा नीना श्रीवास्तव आदि थे।



जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित व रोटरी क्लब के पदाधिकारी सामग्री वितरित करते हुए।

### 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग व अध्ययन सामग्री बांटी

**कानपुर।** रोटरी क्लब कानपुर नार्थ और भाजपा उत्तर ने मंगलवार को रंगोली गेस्ट हाउस में शिक्षा उदय कार्यक्रम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग व अध्ययन सामग्री वितरित की। अगुवाई भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, बीएसए सुरजीत सिंह व रोटेरियन डीसी शुक्ला ने की। कार्यक्रम में रोटरी अध्यक्ष मयंक गुप्ता, निशांत, अरविंद सिंह, अजीत श्रीवास्तव, नीरज गुप्ता, देवेंद्र कनौजिया, जय प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।



साइट का निरीक्षण करने पहुंचे नगर आयुक्त।

### मियावाकी पद्धति से पौधरोपण का प्रस्ताव बनेगा

**कानपुर।** नगर निगम जल्द ही मियावाकी पद्धति से पौधरोपण का प्रस्ताव तैयार करेगा। साथ ही अधिक से अधिक पौधे लगाएगा। यह बात नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कही। वह वन महोत्सव के मद्देनजर मंगलवार को बेनाझावर स्थित जलकल विभाग मुख्यालय परिसर में मियावाकी पद्धति से पौधरोपण वाली साइट का निरीक्षण करने पहुंचे थे। नगर आयुक्त ने पर्यावरण अभियंता को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं और उनकी नियमित देखभाल की जाए। इस पर पर्यावरण अभियंता ने बताया कि मियावाकी पद्धति से पौधरोपण करने से जल संचयन व मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। इस पद्धति से पौधरोपण करने पर शहर के पर्यावरण में भी सुधार होगा। जलकल विभाग परिसर में शहर के अंतर्गत जीटी रोड ग्रीन बेल्ट, एलएमएल चौराहा, बर्रा बाईपास से रामादेवी जाने वाली सड़क किनारे, एसटीपी बिनगवां के पास पौधरोपण कराया जा रहा है। इस पर नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के पर्यावरण में सुधार करना और जल संचयन को बढ़ावा देना है। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### कचहरी में चक्कर लगा रहे पीड़ितों की मदद की

**कानपुर।** पेंशन, पुलिस, तहसील, लेखपाल समेत विभिन्न कामों के लिए वर्षों से कचहरी के चक्कर लगा रहे पीड़ितों की मदद के लिए कांग्रेस ने नि:शुल्क कैंप लगाया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और एआईसीसी सदस्य नरेश चंद्र त्रिपाठी के संयोजन में कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता द्वारा कचहरी के बाहर नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता शिविर लगाया गया। कांग्रेस से जुड़े अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा, शबनम आदिल, केके. अवस्थी, आरपी गुप्ता, तारा चंद रुद्राक्ष, आनंद ओझा आदि ने पीड़ितों की नि: शुल्क सहायता की। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि नियमित रुप से इस प्रकार के शिविर लगाए जाएंगे। श्याम देव सिंह, हरीश बाजपेई, पदम मोहन मिश्रा, रितेश यादव, संजीव मिश्रा, राम स्वरूप तिवारी, राकेश साहू, रमा शंकर राय, अजय श्रीवास्तव शीलू, संजय दीक्षित आदि थे।

### मिक्सर डंपर ने वृद्ध को रौंदा

**कानपुर।** विपरीत दिशा में जा रहे मिक्सर डंपर ने साइकिल सवार वृद्ध को रौंद दिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। सचेंडी के कटरा घनश्याम निवासी 72 वर्षीय महेंद्र पांडेय भौती स्थित पेट्रोल पंप पर नौकरी करते थे। बेटे संजय के अनुसार पिता साइकिल से आते-जाते थे। सोमवार रात पिता ड्यूटी से लौट रहे थे। पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर विपरीत दिशा में आ रहे मिक्सर डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। सड़क पर गिरते ही रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर सचेंडी पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी।

### घर में घुसकर पर्स व मोबाइल ले गए चोर

**कानपुर।** बर्रा के हरदेवनगर निवासी अजय गुप्ता जागरण पार्टी में आर्टिस्ट हैं। अजय ने बताया कि सोमवार रात दीवार फांदकर उनके घर में चोर घुस आए थे और उनकी पर्स और मोबाइल ले गए। मंगलवार सुबह उन्हें घटना की जानकारी हुई। उन्होंने घर के सामने दुकान में सीसीटीवी फुटेज देखा, जिसमें चोर दिखे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बर्रा थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। चोरों की तलाश की जा रही है।

## प्रांत के 21 जिलों में 5.27 लाख सदस्य बनाएगी विद्यार्थी परिषद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोतीझील स्थित प्रमिला सभागार में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत ने सदस्यता कार्यशाला की शुरुआत की, इसमे प्रांत के 21 संगठनात्मक जिलों से 120 छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने भाग लिया। प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. अजय आर्य ने कहा कि 5 लाख 27 हजार 613 सदस्यों को अभियान के माध्यम से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यशाल में क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, प्रांत मंत्री शिवा राजे बुंदेला तथा प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय ने कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को जोड़ा जाएगा। कानपुर प्रांत प्रमुख डॉ. यतींद्र सिंह ने बताया कि प्रांत के प्रत्येक महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान हेल्प डेस्क



एग्रीविजन आयाम के राष्ट्रीय अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन करते एबीवीपी के पदाधिकारी। अमृत विचार

की व्यवस्था और नए विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह आयोजित करने की योजना है। सदस्यता के लिए जिला अनुसार विभिन्न कॉलेजों व प्रखंडों की टोली भी गठित की गई हैं। कार्यक्रम में 26 व 27 जुलाई को होने वाले एग्रीविजन आयाम के 9 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन हुआ। डॉ. वीके त्रिपाठी, डॉ. प्रियंका सिंह, सह प्रांत संगठन मंत्री तरूण बाजपेई, डॉ. इंद्रेश शुक्ला, डॉ. पवन त्रिपाठी, गरिमा त्रिवेदी, चित्रांशु सिंह, मयंक पासवान, हर्ष जैन, प्रियंका माथुर, दिव्यांशु मिश्रा, अमित शुक्ला उपस्थित रहे।

## हिस्ट्रीशीटर पर हमले में पिच्चा गैंग नामजद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छह नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पिच्चा, उसकी मां, भाई-बहनोई को नामजद कराया

**अमृत विचार।** स्वरूपनगर क्षेत्र में सोमवार रात चमनगंज सईदाबाद के हिस्ट्रीशीटर एजाजुद्दीन उर्फ सबलू को गोली मारने के मामले में सबलू की तहरीर पर छह नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई। उसका एक नर्सिंगहोम में इलाज चल रहा है। तहरीर में हिस्ट्रीशीटर ने बताया कि रात साढ़े दस बजे वह अपने मित्र आकिब शकील के साथ मोतीझील जा रहा था। बेनाझाबर जलकल के पास हेलमेट लगाए दो बाइक पर सवार चार लोग आए और कहा कि फिरोज उर्फ भैया ने तुम्हारे लिए कुछ भेजा है। यह कहकर पिस्टल से गोली चला दी। हमलावरों में यूसुफ चटनी भी था।

सबलू ने तहरीर के माध्यम से बताया कि फिरोज उर्फ भैया के साथ वह प्रापर्टी का काम करता है। जिससे लेनदेन बाकी है। जब भी रुपये मांगो फिरोज टाल-मटोल करता है। बीते दिनों एक बैठक की, जिसमें शाहिद पिच्चा, शाहिद पिच्चा की मां, शाहिद पिच्चा का बहनोई, जीशान मौरंग, सनी मौरंग आदि आए थे। सभी ने रुपये भूल जाओ ऐसा कहा था। न भूलने पर हत्या की धमकी दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने फिरोज उर्फ भैया, शाहिद पिच्चा, शाहिद पिच्चा की मां, शाहिद पिच्चा का भाई जीशान मौरंग, सनी मौरंग, यूसुफ चटनी और तीन अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), 61(2), 191(2) और 351 (3) के तहत रिपोर्ट की है।

## जलकल ठेकेदार से सात लाख की लूट, दो दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी में मंगलवार रात जलकल ठेकेदार से मारपीट और लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया। अंडरपास पुल के नीचे स्कार्पियो सवारों ने ठेकेदार को घेरकर हमला किया और 6.50 लाख रुपये व गले की चैन लूट ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो को पकड़ लिया है।

लखनऊ के गोमती नगर निवासी ठेकेदार महेश सिंह ने पुलिस को बताया कि वह कानपुर में जलकल विभाग में ठेकेदारी करते हैं। मंगलवार को शिवली थानाक्षेत्र से लौटते समय दो स्कार्पियो सवार उनका पीछा कर रहे थे। पनकी पड़ाव के पास उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। सचेंडी अंडरपास के पास उनकी कार रुकवाकर आरोपियों बृजेंद्र सिंह, शिवम सिंह, अंशु सिंह, अंशु की पत्नी संगीता सिंह, रोहित सिंह, डब्बू सिंह व अन्य अज्ञात ने उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। महेश का आरोप है कि विजय सिंह ने राइफल तानकर जान से मारने की धमकी दी और गले की सोने की चैन व गाड़ी में रखे बैग से 6.50 लाख रुपये निकाल लिए। मंडी चौकी प्रभारी अंकित मौर्य ने बताया कि शिवम सिंह व रोहित सिंह को मौके से गिरफ्तार किया गया है। सभी आपस में रिश्तेदार हैं। पीड़ित महेश सिंह की तहरीर पर बहनोई विजय सिंह समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## बंद कार में सुपरवाइजर का शव मिला

**कानपुर।** गुजैनी में मंगलवार शाम बंद कार में शव मिलने से अफरातफरी मच गई। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंची। कार का शीशा तोड़कर शव निकाला गया। कार में मिले आधार से मृतक की पहचान हुई।

पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। गुजैनी थाना प्रभारी अमरनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि कार का शीशा तोड़ा गया तो अंदर सीट पर मृतक औंधे मुंह पड़ा था। कार की तलाशी में मृतक का आधार कार्ड मिला। जिससे उसकी पहचान राजस्थान के अलवर निवासी महेंद्र जाटव के रूप में हुई है। इसी बीच मृतक का मकान मालिक भी मौके पर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि महेंद्र दादानगर स्थित लोहिया फैक्ट्री में सुपरवाइजर था।

## दैवीय आपदा पीड़ितों को 24 घंटे में आर्थिक मदद दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिजली गिरने, बाढ़, अतिवृष्टि, तूफान, डूबने, सर्पदंश, गैस रिसाव, सीवर की सफाई, बोरवेल में गिरने समेत अन्य दैवीय आपदा होने पर मृतक आश्रितों की हर संभव मदद की जाए। पीड़ित परिवारों को निर्धारित धनराशि का भुगतान 24 घंटे में किया जाए। ऐसी आपदा पर सरकार की ओर से 4 लाख रुपये पीड़ित परिवार को देने का प्रावधान है।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में हुई। अध्यक्षता समिति के सभापति इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने की जबकि सदस्य अरुण कुमार पाठक, अंगद कुमार और रामसूरत राजभर मौजूद रहे। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि वित्तीय



नवीन सभागार में दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक। अमृत विचार

वर्ष 2022-23 में अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान व डूबने जैसी घटनाओं में कुल 51 जनहानियां दर्ज की गईं, जिनमें दो करोड़ चार लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की गई। वर्ष 2023-24 में 41 लोगों की मृत्यु पर एक करोड़ 64 लाख रुपये की राहत राशि दी गई, जबकि वर्ष 2024-25 में अब तक 71 जनहानियों पर 2.84 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराई गई है।समिति अध्यक्ष इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि आपदा पर पीड़ितों को आर्थिक मदद देने का प्रावधान है लेकिन लोगों को इसके प्रति जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में पीड़ित के परिजनों को 24 घंटे के भीतर सहायता राशि मिलनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कानपुर के औद्योगिक क्षेत्रों की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक आपदा प्रबंधन कार्ययोजना बनाएं और सभी क्षेत्रों

- विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक
- अतिसंवेदनशील एवं औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष सर्तकता बरतने के निर्देश
- बाढ़, अतिवृष्टि, तूफान, डूबने, सर्पदंश से मौत पर 4 लाख रुपये की मदद

के लिए सूक्ष्म स्तर पर माइक्रोप्लान तैयार किए जाएं। रासायनिक कारखानों और जूता निर्माण केंद्रों के आसपास अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने समिति को आश्वस्त किया कि दिए गए सभी निर्देशों का गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. उदयभान, एडीएम वित्त एवं राजस्व विवेक चतुर्वेदी, समिति अधिकारी सुनील यादव, विवेक सिंह, अभय सिंह सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**मोहर्रम** कर्नलगंज नीली पोश व शाह बिरादरी का जुलूस निकला, इमामबाड़ों पर फातिहा, नौहाख्वानी, ताजिया की जियारत

# जिक्र-ए-हुसैन आया तो आंखें छलक पड़ीं, कितना प्यार है ...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिक्र-ए-हुसैन आया तो आंखें छलक पड़ीं- कितना प्यार है अब भी हुसैन से। करबला के मैदान में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की याद में मोहर्रम की पांच तारीख को कई स्थानों से अलम जुलूस निकाला गया और ताजिया की जियारत करने वालों की भीड़ रही। सैकड़ों इमामबाड़ों पर फातिहा, मातम, मजलिस का दौर जारी है।

तकिया बेकनगंज से शाह बिरादरान (जोगियों) के अलम का जुलूस अकीदत व बड़े जोश खरोश के साथ यादे हुसैन में निकाला गया।



कर्नलगंज से निकला जुलूस। अमृत विचार

दूसरा मटरू का अलम जुलूस नीली पोश रोड कर्नलगंज से निकला। बेकनगंज से 154 साल पुराना शाह बिरादरी के अलम जुलूस की कयादत मोहम्मद आरिफ, अहमद चौधरी ने की जिसमें 85 अलम साथ चल रहे थे। अहमद चौधरी कहते है कि यह जुलूस अवध के नवाब वाजिद अली शाह के जमाने से हमारी बिरादरी उठा रही है। दूसरी तरफ नीली पोश रोड कर्नलगंज से यादे हुसैन में मटरू का अलम जुलूस अन्जुमन शरियते रसूल नौजवान कमेटी के तत्वाधान में निकाला गया।

### निशान-ए-पैक इमामबाड़ों पर पैकियों की कमर बंधाई

- करबला में शहीद हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों के दूत के रूप में बनने वाले पैकियों ने निशान-ए-पैक इमामबाड़ों पर कमर बंधाई की। बोल अली का लश्कर, बोल हुसैन का लश्कर नारे लगाए। बेकनगंज से कंघी मोहाल जाने वाले मार्ग पर इमामबाड़ा बाबा बदर अली के पास पैकियों की कमर बंधाई में लगने वाली सामग्री की दुकानें सजी हैं, जहां सामग्री खरीदने वालों की भीड़ रही। मंगलवार को देर शाम खलीफाओं ने पैकियों की कमर बधाई की। कमर में मन्नती धागा, घंटी बांधी गई और इमामबाड़े पर हजरत इमाम हुसैन के नाम से फातिहा दिलाई गई। मोहर्रम की पांच तारीख को हजारों लोग हजरत इमाम हुसैन के दूत के रूप में पैकी बनते हैं और निशान-ए-पैक के साथ इमामबाड़ों पर फातिहा पढ़ने के लिए जाते थे। पिछले तीन वर्षों से आपसी मनमुटाव के चलते निशान-ए-पैक नहीं निकल रहा है।



ताजिया जुलूस निकाले गए। अमृत विचार

### इमाम हुसैन के फकीर बने बच्चे

चमनगंज, बेकनगंज, कुलीबाजार, रेलबाजार, सुजातगंज, बेगमपुरवा, बाबूपुरवा, मछरिया, जूही समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हजरत इमाम हुसैन की याद में हजारों बच्चे फकीर बने। लोगों ने अपने बच्चों को हरे रंग का कपड़ा पहनाकर फकीर बनाया और घर-घर जाकर पैसे मांगे। इन पैसों से बाद में फातिहा दिलाई गई। इसी प्रकार ख्वातीन ने बच्चों को मन्नती हरा-लाल कलावा पहनाया और इमाम हुसैन का फकीर भी बनाया।



स्कूल मर्ज करने के विरोध में स्कूल के सामने प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

# ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

## कम बच्चों वाले स्कूलों के मर्ज करने का जताया विरोध

संवाददाता बिधनू

**अमृत विचार।** बिधनू विकास खंड के रंजीतपुर व धौरी समेत कई गांवों के ग्रामीणों जिनमें पुरुष व महिलाओं ने स्कूल के सामने खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए कहा कि गांव के स्कूल का मर्जर नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह आदेश शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है ।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने कहा है कि जिस स्कूल में 50 से कम बच्चे होंगे वह स्कूल दूसरे स्कूल में मर्ज कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिनियम के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय एक किलोमीटर और उच्च प्राथमिक विद्यालय तीन किलोमीटर की दूरी पर होना चाहिए। स्कूलों के विलय से बच्चों को इससे ज्यादा दूर जाना पड़ेगा।

इससे छोटे बच्चों और बालिकाओं की पढ़ाई प्रभावित होगी। कई बच्चे स्कूल छोड़ सकते हैं।ग्रामीणों ने यह भी कहा कि कुछ विद्यालयों में कम छात्र संख्या दिखाकर उन्हें बंद करने की तैयारी है। उनकी जगह निजी स्कूल या अन्य योजनाएं लाने का प्लान है। उन्होंने मांग की है कि सरकार आदेश वापस ले। साथ ही शिक्षकों की नियमित नियुक्ति कर स्कूलों की स्थिति सुधारे और अगर बन्द ही करवाने है तो प्राइवेट स्कूलों को बंद करवाएं।

इस मौके पर राममिलन, मयंक, गोपाल, धर्मपाल, राम करन, जानकी, रानी, श्रीदेवी, रोहित दुबे, राहुल गौतम और प्रदीप , उमाशंकर तिवारी, राजबहादुर, जैकरन, व क्षेत्र के तमाम किसान मौजूद रहे।

## चौकी के पास नर्स का मोबाइल लूटा

**कानपुर।** जरौली पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर मंगलवार रात बेखौफ लुटेरों ने ड्यूटी जा रही नर्स का मोबाइल लूट लिया। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पीड़िता पुलिस चौकी पहुंची तो चौकी इन्चार्ज ने उसे ई-एफआईआर दर्ज कराने की सलाह दिया। बाद में पीड़िता ने कैफे से ई-एफआईआर दर्ज कराई। जरौली फेस दो निवासी नेहा चौरसिया नर्स हैं। नेहा ने बताया कि मंगलवार रात आठ बजे वह हॉस्पिटल जाने के लिए घर से निकली थीं। पुलिस चौकी के पास खड़ी टैंपो का इंतजार कर रही थीं। तभी पल्सर बाइक में पीछे की ओर बैठे युवक ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। वह मदद के लिए चिल्लाई लेकिन तब तक आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़िता के मुताबिक बाइक में पीछे बैठा लुटेरा टोपी लगाए था।

# एआईआईईए का प्लेटिनम जुबली समारोह मनाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ट्रेड यूनियन ऑल इंडिया इन्श्योरेंस इम्प्लाइज एसोसिएशन ने मंगलवार को प्लेटिनम जुबली (75वां) स्थापना दिवस पूरे देश में उत्साह व भव्यता से मनाया।

उमक्षेका का मुख्य कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय द्वार पर कैडीआईईए के बैनरतले भोजनावकाश में आयोजित किया गया। उद्घाटन जोनल महामंत्री राजीव निगम ने किया। कार्यक्रम में पूर्व महामंत्री अशोक तिवारी समेत कई पूर्व वरिष्ठ नेताओं को सम्मानित किया गया । समारोह में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में एलआईसी कर्मियों व उनके परिवारीजनों ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार व सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। 75 वर्ष के मील के पत्थर के लिए प्रतीकात्मक रूप से 75 गुब्बारे आकाश में छोड़े गए, जो स्वतंत्रता, एकता, व कामगारों के सम्मान व शांति का प्रतीक थे। जोनल महामंत्री राजीव निगम ने बताया कि 5 जुलाई को राष्ट्रीय एकता की थीम पर एक भव्य सांस्कृतिक संध्या 'स्वर मिलाप' का आयोजन रागेंद्र स्वरूप ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस दौरान मंडलीय महामंत्री मनोज कुमार, अध्यक्ष अमित मिश्रा, राकेश कानौजिया, अरुण तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, इंद्र गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, पंकज द्विवेदी, अनिल धानुक, सुशील सिंह, सुमित श्रीवास्तव, अशोक आदि रहे।



75 वर्ष के मील के पत्थर के लिए प्रतीकात्मक रूप से 75 गुब्बारे आकाश में छोड़ते बीमा कर्मी। अमृत विचार

## 70 लाख की चोरी में पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी

**कानपुर।** श्यामनगर में कारोबारी के बंद मकान में 70 लाख की चोरी के मामले में पुलिस टीम ने एक दिन में 100 सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। पुलिस की पांच टीम आरोपियों को दबोचने के लिए लगाई गई है। पुलिस टीम ने मंगलवार को भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। चकेरी के श्यामनगर राम नगर हाउसिंग सोसाइटी रामपुरम निवासी कारोबारी अंकुर दीक्षित के घर बीती 28 जून की देर रात चोरों ने उनके बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर सहित 70 लाख रुपये का माल चोरी कर ले गए थे। रविवार की देर रात जब वह बाहर से लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मौके पर डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, क्राइम ब्रांच की टीम ने भी पड़ताल की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। मंगलवार को पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। करीब 100 कैमरों को चेककर संदिग्धों की तलाश की। चकेरी पुलिस के अनुसार टीमें आरोपितों की तलाश में जुटी हैं। जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# इंडिया फर्स्ट लाइफ की शानदार बढ़ोतरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (इंडिया फर्स्ट लाईफ) डिजिटल इनोवेशन्स, उपभोक्ता उन्मुख योजनाओं और सशक्त वितरण नेटवर्क के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने का प्रयास है। उत्तरी क्षेत्र का यह प्रमुख राज्य इंडिया फर्स्ट लाइफ की विकास योजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

इंडिया फर्स्ट लाइफ, एजेंसी चैनज के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर के सुमित साहनी ने कहा कि एजेंसी निर्माण हमें उत्तर प्रदेश और देश भर में लास्ट माइल उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए मजबूत शाखा नेटवर्क के निर्माण में सक्षम बनाता है। राज्य में अपने वितरण नेटवर्क का उपयोग कर हम उपभोक्ताओं की जरूरत के अनुसार इंश्योरेन्स समाधान लेकर आते हैं और उनके लिए फाइनेंशियल सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से राज्य की प्रगति और बढ़ती फाइनैंशियल जागरुकता के बीच यह हमारे विकास योजनाओं में बहुत अधिक मायने रखता है। वित्त वर्ष 2025 के दौरान यूपी ने इंडिया फर्स्ट लाईफ के कुल एपीई में तकरीबन 18 फीसदी योगदान दिया।



ग्रामीणों के साथ मौजूद रोहन त्रिपाठी। अमृत विचार

# रोहन ने छोटी उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की

संवाददाता, चौबेपुर

- बाबा व पिता की सैन्य परंपरा को आगे बढ़ाया
- कस्बे के हनुमान मंदिर में रोहन त्रिपाठी हुआ स्वागत

**अमृत विचार।** बीते दिनों भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट का पद हासिल करने वाले रोहन त्रिपाठी का अपने पैतृक गांव आगमन पर लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। रोहन ने पारिवारिक सैन्य परंपरा को कायम रखते हुए भारतीय सेना में मात्र साढ़े इक्कीस वर्ष की छोटी उम्र में यह उपलब्धि हासिल कर अपने गांव का व अपने परिजनों कानाम रोशन किया है।

चौबेपुर पड़ाव निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल पी एन त्रिपाठी के बेटे राजेश त्रिपाठी लेफ्टिनेंट कर्नल हैं, और मौजूदा समय मे उनकी तैनाती लेह में है। इधर राजेश त्रिपाठी की इकलौती संतान रोहन ने भी अपने बाबा और पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए मात्र 21 वर्ष 6 माह की आयु में गत 16 जून को लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर पारिवारिक सैन्य परंपरा को आगे बढ़ा दिया है। अपने पैतृक गांव आने पर मंगलवार को कस्बा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में उनका जोरदार स्वागत किया गया। जहां स्थानीय लोगों के अलावा क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने रोहन को फूल माला पहनाकर और अधिक ऊंचाइयां हासिल करने का आशीर्वाद दिया। वहीं रोहन ने कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिये जाने के साथ इसे हनुमान जी की कृपा बताया। इस मौके पर रोहन के पिता राजेश त्रिपाठी मां भावना त्रिपाठी के अलावा उ. प्र. राइस मिलर्स एसोशियेशन के अध्यक्ष विनय शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख शिवराजपुर शुभम बाजपेई, वरिष्ठ भाजपाई गणेश दीक्षित, श्याम सुंदर यादव, विनोद त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी, मनीकरन अग्निहोत्री, बबलू त्रिवेदी, पीयूष मिश्रा आदि के साथ पारिवारिकजन व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ओम नारायण गुप्ता ने किया।

# चोरी की 5 बाइकों समेत 4 गिरफ्तार

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर पुलिस ने चार बाइक चोरों को गिरफ्तार कर कुल पांच बाइकें व एक बाइक के पार्ट्स बरामद किए हैं। यह गिरोह कानपुर शहर में विभिन्न जगहों से बाइक चोरी करके रघुनाथपुर स्थित नहर विभाग के खंडहरनुमा कोठी में रखते थे। इसके बाद उन्हें धीरे-धीरे बेच देते थे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करके जेल भेजा है।

घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि बीती रात गजनेर रोड पर भदरस चौराहा के पास वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर की दो बाइकों से जा रहे तीन युवक पकड़े गए थे। उनकी पहचान साढ़ थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी 22 वर्षीय रवि सोनकर, 30 वर्षीय शमशेर और पड़ी निवासी 21 वर्षीय सौरभ संखवार के रूप में हुई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनकी बाइकें चोरी की हैं। इसके साथ ही बताया कि सिरोह गांव निवासी 38 वर्षीय राकेश यादव भी उनके साथ चोरी में शामिल रहता है। यह भी बताया कि चोरी की कुछ बाइकें रघुनाथपुर रोड रेलवे क्रासिंग के पास नहर विभाग की खंडहरनुमा कोठी पर छिपाकर रखी गई हैं। इस पर पुलिस ने राकेश को भी गिरफ्तार किया और खंडहर से चोरी की दो अन्य बाइकें व एक बाइक के पार्ट्स बरामद किए हैं। पुलिस को उनके पास से एक और बाइक मिली, जिसे सीज कर दिया गया।



चोरी की बाइक के साथ पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

- घाटमपुर में बाइक चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश

## अपराधी के घर पर नोटिस चस्पा किया

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के एक आरोपी के घर पर पुलिस द्वारा कोर्ट के निर्देश पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत नोटिस चस्पा कर दी गई है।

विषधन चौकी इंचार्ज शैलेंद्र गिरि के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने आज ग्राम शाहपुर डूलू, थाना ककवन, कानपुर नगर से फरार चल रहे बीपी उर्फ योगेंद्र सिंह नामक वांछित अपराधी के घर अपनी टीम के साथ पहुंचे और उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। इसपर पुलिस टीम द्वारा मौके पर मौजूद ग्रामीणों के सामने मुनादी कराते हुए उसके घर पर नोटिश चस्पा की गई। यह कार्रवाई ग्रामीणों की उपस्थिति में पूरी की गई। पुलिस ने बताया कि बी.पी. उर्फ योगेंद्र सिंह की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी रहेंगे । अगर उसकी गिरफ्तारी नहीं होती है या वह कोर्ट में हाजिर नहीं होता है तो पुलिस उसकी सपंत्ति कुर्क करेगी।

# डिवाइडर से टकराई कार चालक की गई जान

संवाददाता, चौबेपुर

- क्षेत्र के मरियानी गांव के निकट हाईवे की सर्विस लेन पर सोमवार देर रात हुआ हादसा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मरियानी गांव के निकट हाईवे की सर्विस लेन पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई ,जबकि साथ रहा एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए हैलट अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

कृषि उत्पादन मंडी समिति छिबरामऊ, कन्नौज निवासी प्रसून यादव मंडी समिति कन्नौज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। सोमवार रात वह अपने सहकर्मी सहायक लिपिक मंडी समिति कन्नौज देवेंद्र कुमार के साथ कार द्वारा उनके घर कौशलपुरी, कानपुर आ रहा था। तभी भोर पहर करीब 3:00 बजे क्षेत्र के मरियानी गांव के निकट तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। तभी तेज धमाका सुनकर दौड़े आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाल उपचार के लिए सीएचसी भेजा। वहां पर हालत गंभीर देख दोनों घायलों को हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान प्रसून (23) की मौत हो गई । प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई है, जिसमें कार सवार एक युवक की मौत हुई है।

# परिवारिक विवाद में मारपीट, एक घायल

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन थाना क्षेत्र के सरिगवां गांव में 30 जून को सुबह करीब 8:30 बजे एक परिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। ज्योति पत्नी मनोज ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके परिवार के पानी निकलने का स्थान टूटने को लेकर हुए विवाद में उनके ससुर राधाकृष्ण को लाठी-डंडों से पीटा गया। ज्योति के अनुसार, जब वह अपने घर पर थीं, तो उनके नाबदान के टूटने को लेकर राजू व राजन , सीता व कल्पना ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जब ज्योति के ससुर राधाकृष्ण उन्हें बचाने आए, तो हमलावरों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटा, जिससे राधाकृष्ण को गंभीर चोटें आईं। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

# बजरंग दल ने स्वास्थ्य शिविर लगा बांटे पौधे

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद्, जिला घाटमपुर द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मां कूष्मांडा देवी मंदिर प्रांगण में बजरंगदल द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई ।

इस अवसर पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने "सेवा, सुरक्षा और संस्कार" के अपने संकल्प को पुनः दोहराते हुए, प्रत्येक लाभार्थी को एक पौधा भेंट किया। साथ ही उनसे उस पौधे को लगाने और उसके संरक्षण का वचन भी लिया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक दायित्वबोध और संस्कारों की भावना को भी प्रबल करता है। बजरंग दल विभाग सह संयोजक शुभम शौर्य ने बताया कि सेवा सप्ताह के दौरान एक जुलाई से सात जुलाई तक निःशुल्क चिकत्सा शिविर, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के वंचित वर्गों तक सेवा पहुंच सके और सभी में सामाजिक समरसता व दायित्व की भावना जागृत हो। इस अवसर पर बजरंग दल के सह विभाग संयोजक शुभम शौर्य अग्निहोत्री, सेवा सप्ताह प्रमुख रमन अवस्थी, सह प्रमुख शिवम् परिहार, सोनू जी, शिवम शुक्ला, सोनू पटेल रहे।




पौधों के साथ खड़े बजरंग दल के कार्यकर्ता व अतिथि। अमृत विचार

आयोजन | जगह –जगह आयोजित हुए कार्यक्रम , सपाइयों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा, 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

# केक काटकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर विधानसभा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस मौके पर रचना सिंह गौतम और बिल्हौर विधानसभा के अध्यक्ष विनय यादव सहित कई तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। बिल्हौर विधानसभा के नंदा निवादा, अनेई और अरौल गांवों में भी अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। अरौल कस्बे में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रचना सिंह गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 में समाजवादी साथियों को मिलकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री पद उपहार स्वरूप देने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समाज के हितों के लिए काम करने और उनके कार्यकाल में प्रदेश के विकास की गति देने की सराहना की। विनय यादव ने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिनमें डायल 100, 108 एम्बुलेंस सेवा, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, कानपुर मेट्रो, लखनऊ का इकाना स्टेडियम, अत्याधुनिक पुलिस मुख्यालय, और कन्नौज का इत्र पार्क शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव वर्तमान में सरकार में न रहते हुए भी जनहित के मुद्दों को उठाकर न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर आशीष कटियार, प्रकाश कटियार, चुन्नी लाल गौतम, ज्ञान सिंह , सुनील पाल, राजू पाल, कुलदीप पाल, शीलू पाल, अंकित चक्रवर्ती, सदाब खान, जगरुप सिंह, बांटी भाई, आदर्श कटियार, ऋषभ यादव, राहुल यादव, अंकित यादव, दीपू यादव, उपदेश यादव, सौर्य यादव, उत्तम अग्निहोत्री मौजूद रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## पूर्व चेयरमैन ने भी मनाया अखिलेश का जन्मदिन

बिल्हौर कस्बे में ही नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष निर्भय सिंह यादव ने अपने कार्यालय पर पूर्व सीएम अखिलेश यादव का जन्मदिन सेवा भाव में मनाया इस दौरान तमाम समाजवादी पार्टी के नेताओं ने केक काटकर पूर्व सीएम का जन्मदिन मनाया इसके साथ ही तमाम समाजवादी विचारधारा के लोगों ने पूर्व सीएम के जन्मदिन पर अपने-अपने वक्तव्य से विचार प्रस्तुत किया जिसमें प्रमुख रूप से अभिषेक यादव ,आशीष सिंह यादव, गगन ठाकुर ,पप्पू यादव, सोनू यादव, श्याम सुंदर यादव, शैलेंद्र सिंह, डॉ सत्येंद्र सिंह , लाल जी गौतम ,आदि लोग मौजूद रहे।

## कल से भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में पॉलिथीन प्रतिबंधित

**कानपुर।** तीन जुलाई को विश्व पॉलिथीन बैग निषेध दिवस से भाजपा अपने क्षेत्रीय कार्यालय में पॉलिथीन का इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित कर देगी। इस दिन क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित करके पॉलिथीन के बहिष्कार का संकल्प लिया जाएगा। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अंतर्गत बीते एक माह से चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा के लिए क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक बुलाई थी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर 10 जून से संचालित अभियानों की बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 29 जून को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं की सराहना की गई।



गुरुकुल के छात्र वितरित की गई किट के साथ। अमृत विचार

# सनातनी परंपरा को बढ़ावा देगा रोटरी क्लब

संवाददाता बिठूर

**अमृत विचार।** इस वर्ष रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल पूरे कार्यकाल में कानपुर में सनातनी परंपरा को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेगी।

इसकी शुरुआत शैक्षिक वर्ष के प्रथम दिन बिठूर स्थित वैदिक गुरुकुल में अध्ययन कर रहे छात्रों को पुस्तकें, बैग, वस्त्र, दैनिक प्रयोग की वस्तुएं, पंचपात्र और भोजन किट वितरित कर की। संस्था के अध्यक्ष सत्यशील शुक्ला ने बताया क्लब की तरफ से पूरे वर्ष इसी तरह गुरुकुल में सेवा कार्य किये जायेंगे। इस मौके पर अशोक शुक्ला, कपिल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, पुस्कर शुक्ला, नीरज कनोडिया, शैलेंद्र सिंह, केके सोमानी, राजश्री पोटदार, अनिल अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, अनुराग अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रिंकू विशाल भार्गव, वैभव, पीयूष अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, सोमेंद्र मेहता मौजूद रहे। रोटरी क्लब कानपुर इंडस्ट्रियल का कार्यकाल एक जुलाई से शुरू होता है।

# पहले दिन देर से खुले और जल्दी बंद हो गए परिषदीय स्कूल

संवाददाता, राजपुर



मोहम्मदपुर निवादा के स्कूल में 1:21 बजे ही स्कूल में ताला बंद मिला। अमृत विचार



सिमटामऊ में 1:28 बजे तालाबंदी।


जगैय्यापुर प्राथमिक विद्यालय में 1:30 बजे लटका था ताला। अमृत विचार

- अव्यवस्थाओं के बीच गुजरा विद्यालयों का पहला दिन
- बच्चों की संख्या रही कम, जो पहुंचे उनका हुआ स्वागत

> खंड शिक्षा कार्यालय में दोपहर 12:30 बजे से मासिक बैठक में कुछ स्कूलों के शिक्षक आए थे। मोहम्मद निवादा, सिमटामऊ व जगैय्यापुर के शिक्षक नहीं बुलाए गए थे। समय से पहले स्कूल बंद करने की जांच की जाएगी।
>
> –संजय कुमार गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी राजपुर

**अमृत विचार।** ग्रीष्मावकाश खत्म होने के बाद मंगलवार से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो गई। पहले दिन अव्यवस्थाओं के बीच परिषदीय खूले। कहीं स्कूल देर से खोले गए और समय से पहले की तालाबंदी कर दी गई। बच्चों की संख्या भी कम रही। जो बच्चे स्कूल पहुंचे, उनका तिलक लगा और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया।

बीते शिक्षा सत्र के वार्षिक परीक्षाफल बच्चों को वितरित किए जाने के बाद नए शैक्षिक सत्र का आगाज हो गया है। मंगलवार को नए सत्र के पहले दिन बच्चों में स्कूल जाने के लिए खासा उत्साह दिखाई दिया। हालांकि स्कूलों में बच्चों की संख्या कम ही रही। राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में भी कम बच्चे ही स्कूल पहुंचे। परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति एवं नामांकन बढ़ाने की कवायद भी शुरू कर दी गई है।

शिक्षक बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उनका नामांकन कराने और स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेंगे। स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला कराया जाएगा। इसके लिए जागरूकता रैली का आयोजन भी होगा। राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवादा में दोपहर 01:21 बजे ताला लटकता मिला। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह 08:30 बजे स्कूल खोला गया था। प्रधानाध्यापक संगीता व सहायक अध्यापक प्रज्ञा स्कूल आई थी। कुछ बच्चे भी स्कूल आए।

उधर, जगैय्यापुर के प्राथमिक विद्यालय में भी दोपहर डेढ़ बजे ताला लटकता मिला। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह देर से स्कूल खोला गया था। दोपहर में जल्दी स्कूल बंदकर शिक्षक घर चले गए। कमावेश यही हाल सिमटामऊ प्राथमिक विद्यालय का भी रहा। यहां तैनात शिक्षक प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कटियार व सहायक अध्यापक जगदीश नरायन दोपहर 01:28 बजे स्कूल में तालाबंद कर घर चले गए, जबकि विद्यालय का संचालन 2 बजे तक करने का आदेश है। ऐसे में नवीन सत्र का पहला दिन परिषदीय स्कूलों में तैनात शिक्षकों की मनमानी के भेंट चढ़ गया।

# सीने में दर्द पर खाई दवा, थम गई सांसें

संवाददाता, सिकंदरा

- सुबह नहाने के बाद अचानक युवक के सीने में उठा दर्द
- खोजाफूल के प्राइवेट डॉक्टर से दवा लेकर खाई थी


अनिल कुमार।

**अमृत विचार।** अमराहट थाना क्षेत्र के कच्ची महटौली गांव में एक युवक के सीने में दर्द उठा तो उसने खोजाफूल गांव के प्राइवेट डॉक्टर से दवा लेकर खा ली। इसके बाद उसकी अचानक हालत बिगड़ी और कुछ देर बाद ही मौत हो गई।

अमराहट थाना क्षेत्र के कच्ची महटौली गांव के रहने वाले अनिल कुमार निषाद (38) को अचानक मंगलवार की सुबह स्नान करने के बाद सीने में दर्द उठने लगा। दर्द ज्यादा बढ़ने पर वह खोजाफूल गांव पहुंचा, जहां उसने निजी चिकित्सक को पेट में दर्द की शिकायत बताकर दवा ली और फिर घर पहुंचकर उसे खा लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई।

हालत बिगड़ने पर परिवार वाले कुछ समझ नहीं पाए और कुछ देर बाद अनिल ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। अमराहट पुलिस ने छानबीन की। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### रिंद नदी में मिला बालिका का शव, शिनाख्त नहीं

**रनियां।** थाना क्षेत्र के जोगीपुर गांव के पास मंगलवार को रिंद नदी में करीब आठ वर्षीय अज्ञात बालिका का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया की बालिका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है।

### करियापुर में पुजारी को पीट मंदिर से पीतल के घंटे चोरी

**सिकंदरा।** अमराहट थाना क्षेत्र के करियापुर गांव में पुजारी को मारपीट कर झाड़ीबाबा मंदिर से चोरों ने पीतल के छोटे-बड़े घंटे पार कर दिए। करियापुर गांव स्थित झाड़ी बाबा मंदिर के पुजारी खिल्ली बाबा रामजी ने बताया कि सोमवार रात चोर मंदिर में घुस आए और उनसे मारपीट के बाद अंदर टंगे पीतल के छोटे-बड़े घंटे व जंजीरे काटकर चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### पॉक्सो एक्ट में जालौन का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**पुखरायां।** पुलिस ने गश्त के दौरान वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक अवनीश वर्मा ने बताया कि पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में वांछित चल रहे धीरेंद्र सिंह उर्फ अंशु निवासी हरकका जनपद जालौन को भोगनीपुर ओवरब्रिज के समीप से पकड़ा गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया है।

### देश दीपक मैथा तहसील के नए एसडीएम बनाए गए



**शिवली।** मैथा तहसील में नए उपजिलाधिकारी देश दीपक सिंह की डीएम आलोक सिंह ने नियुक्ति कर दी है। शासन से तत्कालीन एसडीएम राजकुमार चौधरी का जिला मथुरा स्थानांतरण कर दिए जाने के बाद से पद खाली था। जिला प्रतापगढ़ से आए देश दीपक ने सोमवार को तहसील मैथा में कार्यभार भी संभाल लिया। मंगलवार को कर्मचारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने बताया कि शासन की मंशानुरूप कार्य किया जाएगा। सभी की समस्या सुनकर न्याय देने का प्रयास किया जाएगा।

# लूट के मामलों में पर्दा डाल रही रूरा पुलिस

## उलरापुर में महिला से बाला लूट की 5 दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं

**फॉलोअप**

- दो नकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को दिया था अंजाम
- लहरापुर-सरगांव बुजुर्ग मार्ग पर भट्ठे के पास लूटे थे कुंडल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**लूटपाट में घायल महिला की हुई थी मौत**

14 जून को अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग निवासी हिमांशू दुबे अपनी पत्नी रक्षा उर्फ कोमल (24) के साथ बाइक से कानपुर से वापस अपने गांव सरगांव बुजुर्ग जा रहे थे। तभी रनियां थाना क्षेत्र के उमरन ढाबा के पास हाईवे पर पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने रक्षा के कान में झपट्टा मार कर बाले लूट लिए थे। छीनाझपटी में महिला हाईवे पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। 19 मार्च को इलाज के दौरान महिला की कानपुर के निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। हालांकि बाद में रनियां पुलिस ने मुठभेड़ में आरोपी को पकड़कर पीठ थपथपा ली थी, लेकिन महिला को जान से हाथ धोना पड़ा था।

**अमृत विचार।** जनपद में लगातार बढ़ रही लूट की वारदातों में अधिकांश का खुलासा नहीं हो सका है। जबकि मामलों में तो पुलिस पर्दा डालने में जुटी है। रूरा के उलरापुर गांव में बीते शुक्रवार को खेत पर जा रही वृद्धा से दो नकाबपोशों द्वारा आभूषण लूटने के पांच दिन बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की है।

उलरापुर गांव की जयश्री बीते गुरुवार की सुबह खेत जा रही थी, तभी बाइक सवार दो युवक मुंह बांध कर आए और जयश्री को धक्का देकर गिरा दिया और कान में पहने सोने के बाले व मंगलसूत्र छीनकर ले गए थे। पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल की थी, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का कोई पता नहीं चल सका था। घटना के पांच दिन बीतने के बाद भी रूरा थाने की पुलिस ने लुटेरों का सुराग लगाना तो दूर, अभी तक रिपोर्ट भी नहीं दर्ज की है।

इसको लेकर पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी तरह बीते जून माह में सरगांव बुजुर्ग की रहने वाली मुन्नी देवी माली काम का पैसा लेने के लिए पास के गांव सरियापुर थाना अकबरपुर जा रही थी, तभी लहरापुर-सरगांव बुजुर्ग गांव मार्ग पर ईंट भट्ठे के पास काली बाइक सवार कान में पहने सोने के कुंडल लूट ले गए थे। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय व पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर संजय वर्मा ने जांच पड़ताल कर पीड़िता से जानकारी ली थी, लेकिन अभी घटना का खुलासा नहीं हो सका है।

# 10 बाइकों के साथ 4 शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


चोरी की बाइकों के साथ पुलिस की हिरासत में आरोपी। अमृत विचार

- गिरोह बनाकर अलग-अलग जिलों से चोरी करते थे बाइक

**अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने चार शातिरों को चोरी की दस बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी गैंग बनाकर बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने जैनपुर चौकी क्षेत्र के नबीपुर झाड़ी बाबा रोड से चोरी की दो बाइकों के साथ चार युवकों को दबोचा। इनमें कानपुर नगर के टिकरा चौकी क्षेत्र के गंभीरपुर का सौरभ यादव, फतेहपुर शहर के नई तहसील के पास रहने वाला शिवम यादव, कानपुर नगर के पनकी थाना क्षेत्र के 876/657 रतनपुर निवासी राजीव चौहान और जालौन जिले के कदौरा थाना क्षेत्र के मवई निवासी मोनू कुमार हैं। मोनू यादव मौजूदा समय में सीवी रमन स्कूल के पास रतनपुर थाना पनकी में रहता था। कड़ाई से पूछताछ में सौरभ यादव की निशानदेही पर चोरी की 8 बाइकें अकबरपुर क्षेत्र के आघू रोड बंबे के पास झाडियों से बरामद की गईं।

अभियुक्त सौरभ और शिवम ने बताया कि वे दोनों रिश्तेदार हैं और एक साथ गैंग बनाकर बाइक की चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उन्होंने बरामद बाइकें कई जनपदों में अलग-अलग जगहों से चुराई हैं। जिन्हें बेंचने के लिए वह बारा जोड़ होते हुए कानपुर जा रहे थे। तभी पकड़ लिए गए। कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**पुखरायां।** पुखरायां कस्बा के पटेल चौक के समीप सड़क पार कर रहे एक युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया जहां ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया।

बरौर थाना क्षेत्र के नेरा कृपालपुर गांव निवासी ओंकार सिंह (40) मंगलवार को पुखरायां कस्बा के पटेल चौक के समीप सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ओंकार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया। यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए पंचनामा भरा है।

# एनडीपीएस में दोषी को चार माह का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अदालत में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी ने स्वीकारा अपराध

**अमृत विचार।** सट्टी क्षेत्र से करीब नौ साल पहले अवैध मादक पदार्थ के साथ पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले में सुनवाई दौरान आरोपी के अपना अपराध स्वीकार कर लेने पर अदालत ने उसे दोषसिद्ध करते हुए उसे चार माह के कारावास की सजा सुनाई है। अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सट्टी पुलिस ने वर्ष 2016 में सट्टी गांव निवासी रहीस को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। तत्कालीन एसआई अनिल कुमार सिंह की तहरीर पर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। साथ ही मामले की विवेचना कर आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही थी। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी रहीस ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अपना अपराध स्वीकार कर अदालत से कम सजा दिए जाने की गुजारिश की थी। इसपर अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे चार माह के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# पुलिस के सामने समझौते के बाद मारपीट करने में 3 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- झींझक स्टेशन पर साइकिल चुराने का किया था प्रयास
- भाई के परिवार को स्टेशन छोड़ने पहुंचा था पीड़ित

**अमृत विचार।** करीब सोलह साल पहले झींझक स्टेशन के प्लेटफार्म पर दलित वर्ग के युवक की खड़ी साइकिल को चुपचाप ले जाने की कोशिश करने पर हुई मारपीट के मामले में विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि कानपुर नगर के घाटमपुर क्षेत्र के गांव अकबरपुर झाबैया निवासी अवधेश कुमार ने मंगलपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह अपनी पत्नी-बच्चों के साथ मंगलपुर क्षेत्र के बान गांव अपने बहनोई की तेरहवीं में आया था। जहां से वह परिवार सहित ट्रेन से जाने के लिए 2 मार्च 2009 को झींझक स्टेशन आया। उसका भाई शैलेंद्र साइकिल से उसे छोड़ने आया था। उसने स्टेशन के प्लेटफार्म पर साइकिल खड़ी कर दी। इसी दौरान मुड़ेरा गांव निवासी मुलायम सिंह यादव उसके भाई की साइकिल चुपचाप ले जाने लगा तो उसके भाई ने विरोध किया। इस पर मुलायम सिंह ने अपने चार साथियों के साथ उसके साथ मारपीट की। इस पर वह पुलिस चौकी चला गया। जहां मुलायम सिंह भी अपने साथियों सहित आ गया। कुछ देर बाद पुलिस ने मामले में समझौता करा दिया। वह परिवार सहित लौट रहा था। तभी रास्ते में मुलायम सिंह ने अपने साथियों सहित उन लोगों को घेर लिया और जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी मुलायम सिंह के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट शैलेंद्र निगम की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी मुलायम सिंह को दोषसिद्ध करते हुए उसे तीन साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर छह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

## सार-संक्षेप


मंगलवार को अमरौधा पीएचसी से जागरुकता रैली निकाली गई। अमृत विचार

### संचारी रोग से बचाव का संदेश देने के लिए निकली रैली

**राजपुर।** मंगलवार को अमरौधा पीएचसी परिसर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जागरुकता रैली को पीएचसी अधीक्षक डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने रवाना किया, जो पीएचसी से टंडन बाजार तक गई। इसके पूर्व पीएचसी अधीक्षक ने सभी को अपने गांव, मोहल्ले व घर की सफाई का ध्यान रखने और दूसरों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। कहा कि दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता हैं। इससे शारीरिक और मानसिक विकलांगता आती है। अगर बच्चा बुखार से पीड़ित है तो तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाएं। इस दौरान बीसीपीएम नेहा, बीपीएम अनुराधा आदि मौजूद रहे।



ईको पार्क में पौधरोपण करते एकीकृत बार के अध्यक्ष व महामंत्री। अमृत विचार

### अध्यक्ष और महामंत्री ने लगाया 'एक पेड़ मां के नाम'

**कानपुर देहात।** एक जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत माती ईको पार्क में पौधरोपण से की गई। एकीकृत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजपाल यादव व महामंत्री देवेंद्र कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम में शामिल होकर पौधरोपण किया। इस मौके पर प्रभात मिश्रा, अंशु बाजपेई, अभिनव सिंह, विपिन सिंह, राहुल यादव, शिव सिंह नायक, पीडी विवेक सैनी, वन दरोगा स्वाति तिवारी, वन रक्षक सुलेखा चौधरी आदि मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर किया सम्मानित

**शिवली।** गर्मी की छुट्टी के बाद मंगलवार को स्कूल फिर से खुल गए। क्षेत्र के भागपुर इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति व शिक्षकों ने मिलकर छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह गौर ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में स्कूल में अव्वल नंबर लाने वाले छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आरसी शर्मा, प्रकाश सिंह, एसके सिंह, सुभाष, विवेक, रामकृष्ण, विपिन, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते प्रबंधक।

# कुदौली में लाखों की नकदी-जेवरात चोरी

संवाददाता, मंगलपुर


कुदौली में चोरी की छानबीन करती पुलिस।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कुदौली गांव में रात को घर में घुसे चोरों ने ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस, फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने छानबीन कर साक्ष्य जुटाए।

कुदौली गांव में सोमवार शाम रंजीत अपनी पत्नी नीलम के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात में घर लौटने के बाद रंजीत घर की गैलरी और नीलम आंगन में सो रही थी। मंगलवार सुबह जब नीलम की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा मिला। जिसपर उन्होंने रंजीत को जगाया। जिसपर कमरों में अलमारी और बक्से का ताला टूटा हुआ था और उसमे रखे एक लाख रुपये समेत एक सोने का ब्रजबाला, सोने की चैन, तीन अंगूठी, बेंदी, दो मंगलसूत्र, दो टॉप्स, बच्चों की चार बाली, चांदी की हाफपेंटी, फुल बिछुआ, पायल, गुच्छा, दो जोड़ी तोड़ियां, बिछिया नदारद मिले। सूचना पर डॉयल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं बाद में मंगलपुर थाना पुलिस समेत फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड ने मौके पर जांच-पड़ताल कर साक्ष्य एकत्र किए। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस गश्त न होने के कारण गांव में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**आपदा पर चर्चा** | विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक में सभापति ने दिए निर्देश

# पानी की टंकियों पर लगाएं तड़ित रोधक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक करते सभापति।

**अमृत विचार।** विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सभापति इंजी. अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान वर्ष 2021 से 2025 तक वित्तीय वर्ष वार अग्निकांड, अतिवृष्टि, सर्पदंश, डूबने आदि प्राकृतिक आपदाओं से हुई जनहानि व उसके सापेक्ष 24 घंटों में दिए गए आपदा राहत की गहन समीक्षा की गई।

मंगलवार को दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक में सभापति इंजी. अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सा, पुलिस आदि से समन्वय कर ऐसी घटनाओं के संबंध में भी रिपोर्ट प्रेषित की जाएं, जिसमें जनहानि होती हैं और वह आपदा प्रबंधन में नहीं हैं। सभापति ने जनपद सोनभद्र का उदाहरण देते हुए बताया कि जनपद में संचालित पाइप पेयजल योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी की टंकियों पर लाइटनिंग अरेस्टर्स (तड़ित रोधक) अधिक क्षमता के लगाए जाएं। जिससे आकाशीय बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

उन्होंने कहा कि शासन के प्रावधानों के अनुसार यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु आकाशीय बिजली, बाढ़, अतिवृष्टि, तूफान, डूबने, सर्पदंश, गैस रिसाव, सीवर की सफाई, बोरवेल में गिरने या अन्य घोषित दैवीय आपदा से होती है, तो उनके परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। यह राहत राशि 24 से 48 घंटे के भीतर पीड़ित परिजन के खाते में अंतरित की जाती है। समिति के सदस्य व एमएलसी अरुण पाठक ने कहा कि जनपद में नहर, नदी व तालाबों में डूबने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। जिसमें संवेदनशील स्थानों को चिंहित किया जाए और गोताखोर तैनात किए जाएं। साथ ही गहरे जल क्षेत्र की चेतावनी वाले बोर्ड लगाए जाएं।

समिति के सदस्य अंगद कुमार ने सर्पदंश से होने वाली मौतों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अंधविश्वास के कारण कई लोग समय पर उपचार नहीं लेते। जिससे उनकी जान चली जाती है। ऐसे में जनजागरूकता अभियान, सार्वजनिक भवनों पर सर्पदंश से बचाव के उपायों की वाल पेंटिंग, विद्यालयों में प्रार्थना सभा के समय आपदा से बचाव के उपायों की जानकारी बच्चों को दी जाए। इस दौरान सदस्य रामसूरत राजभर, एसपी अरविंद मिश्र, एडीएम प्रशासन अमित कुमार, सीएमओ डॉ. एके सिंह, एडीएम वित्त दुष्यंत कुमार मौर्य, समिति अधिकारी सुनील यादव, विवेक सिंह, अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। राजधानी समेत प्रदेश भर में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर विरोध सभा होगी, जबकि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 9 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में प्रदेश में एक लाख बिजली कर्मी सड़क पर उतरेंगे। निजीकरण का टेंडर होने पर जेल भरो आंदोलन को धार देने के लिए मंगलवार को संघर्ष समिति व जूनियर इंजीनियर्स संगठन के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजलीघर में आम सभा की।

### 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की बढ़ी संख्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा जारी की गई ताजा के परफारमेंस इंडिकेटर (केपीआई) रिपोर्ट में साफ हो गया है कि यूपी में निवेश व उद्यमिता को नया आयाम मिल रहा है। 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की संख्या बढ़ी है। कई क्षेत्रों में लक्ष्य से अधिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। श्रमायुक्त संगठन उत्तर प्रदेश से संबंधित केपीआई-1 में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार, पंजीकृत कारखानों की संख्या का लक्ष्य 3600 था, जिसके सापेक्ष 3644 कारखानों का पंजीकरण हुआ है, जो 101.22 फीसदी उपलब्धि को दर्शाता है।

# शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम : राष्ट्रपति

## द्रौपदी मुर्मु ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का किया लोकार्पण, महिला छात्रावास का भी शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। राष्ट्रपति ने वन महोत्सव के तहत यहां भी रुद्राक्ष का पौधा रोपा, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नए महिला छात्रावास का शिलान्यास कर सबसे अधिक खुशी हो रही है। शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, इसलिए यह कदम नारी सशक्तिकरण की दिशा में अमूल्य पहल है।

राष्ट्रपति ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरित सभी संस्थानों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना प्रसारित होती है। लगभग 700 वर्ष पहले महाराणा प्रताप ने राष्ट्रगौरव के लिए त्याग और पराक्रम का जो आदर्श प्रस्तुत किया था, वह देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। आशा जताई कि इस विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रोफेशनल एजुकेशन पर आधारित उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिकता तथा राष्ट्रप्रेम के आदर्शों को अपने आचरण में ढालेंगे। कहा कि नए पंचकर्म केंद्र से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो पाएंगे।

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री व कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. संजय निषाद, कुलपति डॉ. सुरेंद्र सिंह, गैलेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### देश के लिए प्रेरक उदाहरण है एमजीयूजी : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एमजीयूजी की चार साल से भी कम समय की उत्कृष्ट प्रगति की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि नाथपंथ के प्रवर्तक की तपोभूमि पर यह विश्वविद्यालय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का संगम बनकर उभर रहा है। यह विश्वविद्यालय केवल पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधाओं के क्षेत्र में भी कार्य कर रहा है। यह पूरे देश के लिए प्रेरणा की बात है।

### सेवा भावना को साकार कर रहा एमजीयूजी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद की संस्थाएं अपने संस्थापकों की भावनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप राष्ट्र प्रथम के भाव से सेवा कार्य कर रहीं हैं। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी परिषद की इसी भावना को उच्च शिक्षा और चिकित्सा के सेवा क्षेत्र में साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 1932 में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने शैक्षिक रूप से इस पिछड़े क्षेत्र में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। आजादी के बाद पहला विश्वविद्यालय स्थापित करने में इसी शिक्षा परिषद का योगदान रहा। आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की 52 से अधिक संस्थाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक कल्याण के क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की सेवा भावना को साकार कर रहीं हैं।

## 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' की शुरुआत करें : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किसानों से 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' अभियान की शुरुआत करने की अपील करते हुए कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के किसान औषधीय पौधों की खेती कर कमाई कर सकते हैं। सुझाव दिया कि एक गांव में एक तरह के औषधीय पौधे लगाए जाएं तो दूसरे गांव में दूसरे तरह के।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में राज्यपाल ने अपील की कि आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिये होम्योपैथ और आयुर्वेद की हानिरहित दवाएं लोगों तक पहुंचाई जाए। इसमें डॉक्टरों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को भी बड़ी भूमिका निभानी होगी। आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह को आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के. रामचंद्र रेड्डी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, सांसद रविकिशन शुक्ल, स्थानीय विधायक महेंद्रपाल सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आयुष विवि हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन : योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और अति विशिष्ट अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का स्वागत करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन बनेगा।

योगी ने कहा कि नवनाथ और चौरासी सिद्धों की परंपरा से आयुर्वेद का रस शास्त्र जुड़ा है। उन्होंने कहा कि 2014 के पूर्व भारत की आरोग्यता की प्राचीन पद्धतियों, सुविधाओं को वैश्विक मान्यता नहीं मिल पाई थी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथ, नेचुरोपैथी, सिद्धा को मिलाकर आयुष मंत्रालय बनाया और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को नया मंच दिया।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पीएम मोदी की प्रेरणा से सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए बनाया गया उत्तर प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है। लोकार्पण के साथ अब इस विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी। लोगों को आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, योग, नेचुरोपैथी, सिद्धा आदि विधाओं की चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय आयुष के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बड़े केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ेगा।

### राष्ट्रपति ने की वन महोत्सव की शुरुआत

देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहली से सात जुलाई तक चलने वाले 'वन महोत्सव-2025' की मंगलवार को शुरुआत की। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। राष्ट्रपति ने पौधों के संरक्षण पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति ने यहां जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# नहीं रुकेगी बिटिया की पढ़ाई, योगी ने दिया भरोसा

## गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलने आई पंखुड़ी ने कहा- फीस देने में हो रही दिक्कत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा- खूब पढ़ो बिटिया, फीस की व्यवस्था हम करेंगे

**अमृत विचार :** कक्षा-7 की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी, लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही सभी बाधाएं दूर हो गईं। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा-7 में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इंतजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा-12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है।

इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्राथमिकता है।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान छात्रा पंखुड़ी से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

# दिव्यांगों को नगर निकायों की दुकानों में मिलेगा आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुनर्वास योजना के तहत दिव्यांगजनों को मिलेगा दुकान संचालन का मौका

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने नगर निगमों और नगर पंचायतों में बनने वाली दुकानों और कीयोस्क में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण लागू करने का फैसला लिया है। इस पहल के तहत नगर निगम और सूडा (राज्य शहरी विकास प्राधिकरण) को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुनर्वास योजना के तहत दुकानों का आवंटन प्राथमिकता से दिव्यांगजनों को करें।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा में अपने कार्यालय में नगर निगम और सूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस योजना को जमीन पर उतारने के दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानों और कीयोस्क का आवंटन निर्धारित आरक्षण नीति के तहत किया जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र दिव्यांगजनों तक जानकारी पहुंचाई जाए।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बैठक में जोर देकर कहा कि नगर निगम और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संयुक्त रूप से एक नई योजना का प्रस्ताव तैयार करें, जिसके तहत शहरों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से दुकानें बनाई जाएं और उन्हें संचालन का अवसर प्रदान किया जाए। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के तहत 1318 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 199 दिव्यांगजनों को 19.90 लाख रुपये व्यय कर लाभान्वित किया जा चुका है।



लखनऊ में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत करते सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

## सूचना निदेशालय में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने मंगलवार को पं. दीनदयाल सूचना परिसर के मीटिंग हॉल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत की। यहां उन्होंने कहा कि इस नई पहल से न केवल प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी बल्कि समय की भी बचत होगी तथा विभागीय कार्यों में दक्षता और गति आएगी। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी संजय कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दुग्ध उपार्जन में 40 प्रतिशत की वृद्धि

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा कर दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बीते जून महीने में दुग्ध उपार्जन प्रतिदिन 3.57 एलकेजीपीडी के साथ बीते वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। औसत तरल दुग्ध विक्रय प्रतिदिन 1.86 एलएलपीडी रहा है। दुग्ध संघ द्वारा 6295 दुग्ध समितियों में भ्रमण कर उत्पादन क्षमताओं और व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की गई।

पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने राज्य में दुग्ध उत्पादन की स्थिति साझा करते हुए मंगलवार को यहां विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी समितियां बंद न होने पाएं, अक्रियाशील समितियों को क्रियाशील किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा दुग्ध समितियों का भ्रमण एवं अनुश्रवण निरंतर किया जाए और निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जहां कहीं कोई कमी या समस्या हो उसका निराकरण किया जाए और शासन को अवगत कराया जाए। दुग्ध मूल्य का भुगतान समय पर कराया जाए। किसानों एवं पशुपालकों का हित राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक वैभव श्रीवास्तव, विशेष सचिव, दुग्ध विकास, रामसहाय यादव, दुग्ध आयुक्त राकेश कुमार मिश्र, पीसीडीएफ के अधिकारी तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### पराग के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग पर दें ध्यान

धर्मपाल सिंह ने कहा है कि पराग के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए और उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। पराग के उत्पाद उपभोक्ताओं को आसानी से उपलब्ध हो सकें। पराग की मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग को बेहतर किया जाए और इसके लिए मार्केटिंग के विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए। किसानों एवं पशुपालकों के लिए समय-समय पर विशेष रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएं, ताकि उनको दुग्ध क्षेत्र में हो रहे नवीन शोधों एवं तकनीकों की जानकारी हो सके और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो।

### शिक्षकों की नियुक्ति में एनएफएस व्यवस्था खत्म करने का उच्च शिक्षा मंत्री से आग्रह

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में व्याप्त 'नॉट फाउंड सूटेबल' (एनएफएस) की व्यवस्था पर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने चिंता जताई है। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय से मुलाकात कर नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा एनएफएस व्यवस्था को समाप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान डॉ. रवि प्रकाश, प्रो. एसएस गौरव, प्रो. एके भारतीय, प्रो. नितिन गर्ग भी मौजूद रहे। इस दौरान असीम अरुण ने कहा कि बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों को बिना स्पष्ट कारण एनएफएस घोषित कर दिया जाता है, जिससे आरक्षित वर्गों के प्रतिभाशाली अभ्यर्थी चयन से वंचित हो रहे हैं।


## वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आँख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छाँ | द | ■ | ठा | ■ |

## सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | | | 7 | | 1 |
| | 3 | | | 1 | | | | 8 |
| | | 5 | | 9 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | 8 | | | | 7 | |
| 5 | 2 | | | | | | 6 | 9 |
| | 4 | | | | 1 | | | 3 |
| | 1 | 2 | | 4 | | 3 | | |
| 4 | | | | 6 | | | 2 | |
| 7 | | 9 | | | | 5 | | 4 |

### सुडोकू - 25 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी-11.58 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 11.07 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ अनबन हो सकती है। लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात हो सकती है। शाम को मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

**मिथुन** – आज नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर संदेह न करें। अधिक भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर समस्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय व्यर्थ न करें।

**कर्क** – आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय व्यर्थ न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – आज नए व्यावसायिक संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंगी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को नई जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं।

**कन्या** – आज आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र को लेकर मन में उत्साह की कमी देखने को मिलेगी। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर अधिक ध्यान न दें।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति प्राप्त हो सकती है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग प्रभावित रहेंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।

**धनु** – आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के आयात-निर्यात में उत्तम धन लाभ हो सकता है।

**मकर** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी।

**कुंभ** – आज पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा। ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं।

**मीन** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली हैं।

अनादरो विलम्बश्च वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पश्चापि दानस्य दूषणानि च।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछ्चाताप होना। ये सभी 5 क्रियाएं दान को दूषित कर देती है।

## संपादकीय

# वित्तीय साक्षरता जरूरी

बैंकिंग और वित्तीय नियमों में बदलाव डिजिटल भारत की ओर एक बड़ा कदम हैं। महत्वपूर्ण वित्तीय बदलावों का सीधा असर करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा और प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क ट्रेन/हवाई जहाज की बुकिंग में आधार ओटीपी की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। सवाल है कि ये नियम व्यक्तियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सुविधा कैसे बढ़ाएंगे। साथ ही वित्तीय अपराधों पर नियंत्रण में कैसे मदद करेंगे। नए नियमों से भुगतान प्रणाली में सुधार होगा, जिससे ऑनलाइन लेनदेन और भी सुरक्षित और तेज़ होंगे। यानी ये नियम ग्राहकों को अधिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, धोखाधड़ी को कम करेंगे और बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना आसान बनाएंगे। नए नियमों से ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग लेनदेन अधिक सुरक्षित होंगे। जिससे धोखाधड़ी और हैकिंग का खतरा कम होगा। बैंकों को अपने ग्राहकों को लेनदेन और खातों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिससे ग्राहकों को अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण होगा। नए नियमों से बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर और अधिक नवीन बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में हाल के बदलावों और भविष्य की दिशा पर बात की जाए तो कहा जा सकता है कि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र, एक गतिशील और तेजी से बदलता हुआ क्षेत्र है, जो लगातार नवाचार और सुधारों का सामना कर रहा है। हाल के वर्षों में, इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। परिवर्तनों का प्रभाव बैंकों, वित्तीय संस्थानों और ग्राहकों पर समान रूप से पड़ा है। वित्तीय स्थिरता को भी बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली आर्थिक विकास और विकास का समर्थन कर सकें। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बदलावों के साथ, बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अनुकूलन करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। वास्तव में हम एक ऐसे वित्तीय भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोपरि होगी। देश में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि लोग अपने वित्तीय अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझ सकें।

# ईरान-इजराइल युद्ध का वैश्विक राजनीति पर प्रभाव



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है।

आखिरकार ईरान-इजइयल युद्ध में अमेरिका को खुलकर सामने आना पड़ा, लेकिन उसके द्वारा प्रयुक्त अमेरिकी बंकर बस्टर बमों ने इरानी परमाणु ठिकानों को कितना नुक्सान पहुंचाया, यह तो भविष्य ही बताएगा। इजराइल ने युद्ध शुरू होने से पहले ही कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को नेस्तनाबूद करना तथा वहां सत्ता परिवर्तन कराना है। सत्ता परिवर्तन या प्रमुख धार्मिक नेता के बारे में तो इजराइल सफल नहीं हो पाया, उल्टे जिस तरह ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल के शहरों पर बमबारी की और मिसाइल दागे, इससे स्पष्ट हो गया कि ईरान अब पहले जैसा देश नहीं रह गया है और दूसरे कि इजराइल का एयर डिफेंस डोम अब सुरक्षित नहीं है। इस युद्ध का वैश्विक असर अमेरिका, इजराइल, पश्चिम एशिया, रुस, चीन, पाकिस्तान सहित भारत पर भी पड़ा है।

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है। इरान युद्ध के समय अमेरिका, यूरोप और इजराइल के समर्थकों पर खाड़ी देशों से सामूहिक तेल प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर सकता है जैसा कि 1973 के योम किप्पुर युद्ध के समय लगाया गया था। इतना ही उसके प्राक्सी मिलीशिया मसलन हमास और हिजबुल्ला आदि खाड़ी देशों में अमेरिकी और इजराइली सैन्य अड्डे पर हमला कर सकते हैं। इराक जो विश्व को प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल से अधिक तेल की आपूर्ति करता है, इन हमलों का निशाना आसानी से बन सकता है। ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रमों पर रोक लगाने की जिद का असर कम से कम सऊदी अरब और यूएई की महत्वाकांक्षाओं पर भी पड़ेगा क्योंकि इस तरह से यह क्षेत्र पूरी तरह से इजराइल के रहमो-करम पर रह जाएगा, क्योंकि यह एकमात्र परमाणु-सक्षम देश है, जो अमेरिका की इजराइली सैन्य श्रेष्ठता को बनाए रखने की नीति के अनुकूल है। अमेरिका द्वारा खाड़ी देशों में रूसी संपत्तियों को जब्त करने,



टैरिफ और आर्थिक नीतियों ने मध्य पूर्व में पश्चिमी निवेशों को लेकर एक अशांति उत्पन्न कर दी है। भले ही उपरी तौर पर यहां लोग व्यापारिक हित में अमेरिका और पश्चिमी देशों का सहयोग कर रहे हो, खाड़ी के अधिकांश देश फिलिस्तीनी समर्थक और अमेरिका विरोधी है।

इस युद्ध में इजराइल का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था या उस पर निर्णायक चोट करनी थी जिसमें वो सफल भी हुए हैं लेकिन इसने सिर्फ आधारिक संरचना नष्ट कर दिया है, वैज्ञानिकों को मार दिया है लेकिन उनका परमाणु ज्ञान तो नहीं मिटा सके हैं जो ईरानी शासन ने कई वर्षों में जमा किया है। इतना ही नहीं अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या हवाई हमलों ने उस नौ सौ पाउंड यूरेनियम को नष्ट कर दिया है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, ईरान ने पहले ही हथियार-ग्रेड की गुणवत्ता के करीब समृद्ध कर लिया था। इसके अतिरिक्त इस युद्ध में ईरान पर अमेरिका इतना निर्णायक दबाव नहीं बना पाया है कि उसे बिना शर्त वार्ता के टेबल पर आने के लिए मजबूर कर दे। यहां तक कि परमाणु ठिकानों पर हमले के जबाव में उसने अमेरिकी अड्डों पर भी बमबारी की ही साथ में युद्धविराम की घोषणा के बाद भी इजराइल पर मिसाइल दागे।

यह सच है कि इजराइल ने अपने से पचहत्तर गुना बड़े देश ईरान जिसकी जनसंख्या उससे नौ गुना अधिक है, पर मिसाइल, ड्रोन से बमबारी कर उसके परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल कर एवं अमेरिका को सीधे लड़ाई में लाकर उसने दशकों पुराना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राजनीतिक रूप से देखें तो भारत इजराइल और ईरान के बीच टकराव में कहीं फंस गया है क्योंकि दोनों के साथ उसके महत्वपूर्ण रणनीतिक हित हैं। भारत के लिए इजराइल महत्वपूर्ण रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जबकि ईरान अपने बंदर अब्बास बंदरगाह के माध्यम से भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान में रणनीतिक प्रवेश द्वार प्रदान करता है। हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध में इजराइल ने भारत का खुलकर समर्थन किया था परंतु भारत ऐसा नहीं कर सका क्योंकि दूसरा पक्ष भी उसका मित्र देश था। इतना ही नहीं रूस और अमेरिका के साथ भी उसके प्रतिस्पर्धी हित हैं, जो इस संघर्ष में विपरीत पक्षों पर खड़े थे। आर्थिक रूप से, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अस्सी प्रतिशत आयात करता है, जो खाड़ी देशों से प्रभावित हैं। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता में अटूट विश्वास है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मौजूदा व्यवहार को देखते हुए लगता है कि अमेरिका के साथ भारत के रणनीतिक संबंध लगभग खोखले हो चुके हैं। चीन के साथ भारत के रिश्ते वैसे ही ठंडे पड़े हुए हैं क्योंकि वह चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खड़ा है। परंपरागत मित्र रूस इस समय खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा है, क्योंकि भारत स्कैंडिनेविया से लेकर भूमध्य सागर तक यूरोप के रूसोफोबिक देशों के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि अमेरिका का मुख्य रोष यही है कि भारत रुस से तेल और रक्षा सामग्री आयात कर रहा है जबकि अमेरिका स्वयं भारत को रक्षा हथियार बेचना चाहता है।

इसके साथ ही ईरान भी हाल के युद्ध में भारत का समर्थन न पाने और भारतीय पश्चिम एशियाई रणनीति में इजराइल को दिए गए महत्व से खुश नहीं हो सकता है। हालांकि ईरान पहले विश्व राजनीति में भारत का काफी महत्वपूर्ण समर्थन किया था। तीस साल पहले जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान और ईरान के बीच एक कूटनीतिक युद्ध हुआ था, जब ईरान ने यूएनएचआरसी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था, जिसमें कश्मीर में भारत के कथित मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की गई थी। इसलिए मध्य पूर्व के संबंध में भारत को एक ठोस, संतुलित और चतुर रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है तो इस युद्ध में उसने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लिया है। इरान इजराइल युद्ध में अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस और चीन के साथ मिलकर तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। यद्यपि इस मसौदा प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से अमेरिका या इजरायल का नाम नहीं लिया गया, लेकिन इसमें ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों की निंदा की गई। जबकि ईरान के साथ उसके संबंध और परमाणु शक्ति संपन्न देश होने को ध्यान में रखकर ही डोनाल्ड ट्रम्प ने उसका समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य प्रमुख मुनीर को लंच पर बुलाया था। इसके बावजूद ईरान के समर्थन में यह पाकिस्तान द्वारा रणनीतिक स्वायत्तता का एक आश्चर्यजनक रूप से मुखर प्रदर्शन है। ईरान के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन के साथ मिलकर काम करना न केवल एक साहसिक सोच का प्रदर्शन है, बल्कि उभरते बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने की दिशा में पाकिस्तान की परिपक्वता का संकेत भी है। जाहिर है कि यह भारतीय हित में नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट है ईरान -ईजराइल युद्ध भले ही युद्धविराम की स्थिति में है लेकिन यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। ना तो ईरान अपनी सुरक्षा के लिए अपनु परमाणु कार्यक्रमों को इतनी आसानी से रोक देगा और ना ही इजराइल फिलिस्तीन सहित ईरान या अन्य किसी मध्य पूर्व के देशों को इतना शक्तिशाली बनने का अवसर देना चाहेगा जो उसके अस्तित्व के लिए ख़तरा हो। लेकिन यह भी सच है कि जब तक इज़राइल और अमेरिका मध्य पूर्व में एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए सहमत नहीं हो जाते हैं, तब तक मध्य पूर्व में अस्थिरता और अशांति जारी रहने की संभावना बरकरार है।

## प्रसंगवश

# नदियों में बढ़ता प्रदूषण और धार्मिक संस्कार





कुछ दिन पहले एक वीडियो देख मैं अभिभूत हो गया। इसमें लोग बरसात में कावेरी नदी के जल के आगमन पर फूलों से उसका स्वागत कर उसे प्रणाम कर रहे थे। अपनी नदियों के प्रति ऐसी श्रद्धा देख कोई भी व्यक्ति भावुक हो सकता है। मनोज कुमार की फ़िल्म का एक गीत भी है। "इतनी ममता नदियों को यहां माता कह के बुलाते हैं" लेकिन एक दूसरी तस्वीर भी है। तमिलनाडु की एक नदी तामिरबरणी को भयंकर प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रदूषण की वजह है कि लोग इसमे अपने मृतकों के कपड़े, गद्दे, तकिए, फोटो फ्रेम, मिट्टी के बर्तन आदि फेंकते हैं। ऐसा वो भविष्य वक्ताओं के कहने पर धार्मिक संस्कारों के तहत करते हैं। ये सब इतनी अधिक संख्या में होने लगा कि नदी की धारा ही चोक हो गई और इसमें रहने वाली मछलियों और कछुओं के जीवन को खतरा हो गया।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

इस नदी से चार जिलों को पीने का पानी भी सप्लाई होता है। इसलिए पर्यावरण वादियों ने इस धार्मिक संस्कार के विरुद्ध आवाज उठाई। और नदी को गंदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस धार्मिक संस्कार के लिए सरकार ने जगह-जगह डस्ट बीन रखे हैं लेकिन लोगों के कहने पर लोग नदी में ही कपड़े डालते हैं।

आखिर एक पर्यावरण प्रेमी बी मूर्ति, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में लोग सामने आए और उन्होंने इसे साफ करने का बीड़ा उठाया। आप विश्वास नहीं करेंगे कि उन्होंने नदी से 94 टन मृतकों के कपड़े, 975 किलो गिलास फोटो फ्रेम, 275 किलो नैपकिन, डायपर और 4 टन प्लास्टिक वेस्ट 21 दिन की अथक मेहनत के बाद निकाले। अब अपनी नदियों को लेकर ये दो भाव हमारे सामने हैं। दोनों ही भावों में नदी को आदर दिया गया है। लेकिन क्या नदी को हमारे आदर की जरूरत भी है। हमें सोचना होगा कि क्या हमारा ये मान सत्कार नदी के अस्तित्व पर संकट तो नहीं ला रहा।

मेरा पहला सवाल है कि आखिर नदी को नदी क्यों नहीं रहने देते। जब हमने उसका यही हश्र करना है तो उसे माता मानने की जरूरत ही क्या है। दूसरा सवाल है कि हमारे सारे धार्मिक संस्कार जो नदियों को प्रदूषित करते हैं। उसके लिए एक बड़े अभियान द्वारा लोगों को समझाया क्यों नहीं जा सकता जिससे हमारे धार्मिक संस्कारों का स्वरूप थोड़ा बदला जाए ताकि हमारी नदियां, जलीय जीव जंतु सही से सांस ले सकें। जैसा कि कुछ जगह जागरूकता आने के कारण अब देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन बहते पानी की जगह कृत्रिम जलाशयों में किया जाता है।

इस संबंध में कोर्ट ने रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए मूर्तिकारों के पक्ष में एक फैसला भी दिया और उन्हें केवल प्राकृतिक रंग और मिट्टी की जगह प्लास्टर ऑफ पेरिस और कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से प्रतिमाएं बनाने की इजाजत दी। लेकिन साथ ही एक आदेश भी दिया कि ऐसी प्रतिमाओं का विसर्जन बहते हुए पानी मे नहीं किया जा सकता। समय अनुसार अगर हम और हमारे धार्मिक संस्कार नहीं बदले तो मनुष्य के अस्तित्व पर ही संकट आ सकता है।

उत्तराखंड हाई कोर्ट के एक निर्णय अनुसार नदियों को जीवित इकाई माना गया और नदियों को भी मनुष्यों समान कानूनी अधिकार दिए गए। लेकिन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और नदियों को जीवित इकाई मानने से इनकार कर दिया। क्या ही बेहतर होता अगर उत्तराखंड कोर्ट का फैसला बरकरार रहता। और हम कम से कम नदियों के अधिकार के लिए लड़ तो सकते थे।

# बाल स्वास्थ्य की दिशा में अनूठा कदम



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं।

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के द्वारा बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं हितों को ध्यान में रखते हुए एक अभूतपूर्व कदम उठाया गया है। सीबीएसई के द्वारा सम्बद्ध विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने परिसर में 'शुगर बोर्ड' की स्थापना करें। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों के द्वारा शर्करा के सेवन पर निगरानी रखना एवं यदि वह आवश्यकता से कहीं अधिक हो रहा है तो उस पर नियंत्रण करना है। निस्संदेह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा की गई यह पहल नितांत सराहनीय एवं दूरदर्शितापूर्ण है क्योंकि उच्च शर्करा स्तर की समस्या आज वयस्कों से लेकर बच्चों तक को अपना शिकार बनाती जा रही है। सीबीएसई के अनुसार विगत दशक में बच्चों में टाइप-2 मधुमेह के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक समय था जब इस बीमारी का बच्चों के साथ दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था एवं इसके मामले केवल वयस्कों अथवा वृद्धों में ही देखे जाते थे।

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं। अगर हम विगत कुछ दशकों के दौरान बच्चों की जीवनशैली, खानपान, रहन-सहन तथा शैक्षणिक एवं शारीरिक गतिविधियों में होने वाले परिवर्तनों पर सम्यक दृष्टिपात करें तो निश्चित रूप से हम उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर खोजने में भी सफल हो जाएंगे। दरअसल कुछ दशकों पूर्व के बच्चों एवं आज की नई पीढ़ी में जमीन आसमान का अंतर है। यदि हम खानपान की बात करें तो जहां पहले की पीढ़ी स्वस्थ, संतुलित एवं पोषणयुक्त खान-पान से जुड़ी थी, वहीं आज की पीढ़ी फास्ट फूड, जंक फूड एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अंदर ही पोषण, भूख एवं स्वाद को ढूंढ रही है। अब वह ऐसा अपनी इच्छा से कर रही है अथवा करने पर विवश है, यह तो स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। वहीं अगर हम व्यायाम अथवा शारीरिक गतिविधियों की बात करें तो जहां पुराने जमाने के बच्चे खेलकूद, योगासन एवं अन्य स्वास्थ्यप्रद गतिविधियों से जुड़े थे, तो आज की आधुनिक पीढ़ी मोबाइल गेमिंग एवं सोशल मीडिया जैसी झूठी दुनिया में ही खेलकूद का आनंद तलाश रही है। खास बात तो यह है कि आज के बच्चे जंक फूड एवं मोबाइल गेमिंग जैसे छदम परिदृश्य में ही अति प्रसन्न हैं, लिहाजा अगर उनको स्वस्थ जीवन शैली एवं खान-पान से परिचित कराने का प्रयास भी किया जाए तो वह उनको कतई रास नहीं आता।

सीबीएसई के द्वारा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इस योजना के संबंध में पत्र लिखा गया है एवं कहा गया है कि बच्चों में बढ़ते शुगर लेवल का प्रमुख कारण है- शर्करा का अति सेवन। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि स्कूलों के आसपास स्नेक्स, कोल्ड ड्रिंक एवं अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मध्यावकाश अथवा स्कूल से छुट्टी के समय में विद्यार्थी इन पर ऐसे टूटते हैं जैसे कि मानो उन्हें कोई बड़ा खजाना बड़ी लंबी प्रतीक्षा के बाद प्राप्त हो गया हो। जाने अनजाने में वे उन पदार्थों का सेवन अपनी क्षुधा को शांत करने के लिए करते हैं जो उनके लिए नितांत हानिकारक होते हैं। जाहिर सी बात है कि जब पेट जंक फूड से ही ठसाठस भर जाएगा तो फिर स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के पेट में जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। खास बात तो यह है कि जंक फूड एवं प्रसंस्कृत पदार्थों से दोस्ती बच्चों की दिनचर्या का अंग बन चुकी है। बदल बदल कर जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक इत्यादि का सेवन करना बच्चों की आदत में आ चुका है।

अध्ययन बताते हैं कि चार से दस वर्ष की आयु के बच्चों के दैनिक कैलोरी सेवन में चीनी का अंश 13 फ़ीसदी है तथा 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 15 फीसदी है, जबकि बच्चों के लिए चीनी सेवन की अनुशंसित सीमा 5 प्रतिशत ही है। स्पष्ट है कि बच्चों के द्वारा आवश्यकता से कहीं ज्यादा चीनी का सेवन किया जा रहा है। इस संबंध में भारत में हुए अध्ययन की रिपोर्ट बेहद चिंताजनक है। भारत में 88.6 फ़ीसदी विज्ञापन उच्च फैट, नमक एवं चीनी युक्त उत्पादों के हैं। इस मामले में हम सभी को ब्रिटेन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्रिटेन में अक्टूबर 2025 से टीवी एवं सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर जंक फूड विज्ञापनों पर आंशिक रोक लागू करने की योजना बनाई जा रही है। निश्चित है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से बच्चों में जंक फूड के प्रति आकर्षित होने एवं ललचाने की प्रवृत्ति में ह्रास होने की पूर्ण संभावना होगी। इन सभी पहलुओं को देखकर एवं विचार करने के उपरांत यह कहा जा सकता है कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उठाया गया कदम नितांत विवेकपूर्ण एवं प्रशंसनीय है।

## सोशल फोरम

# धरोहरों का हो संरक्षण

वृंदावन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रीबांकेविहारी मंदिर कॉरिडोर के भूमि की नाप-जोख और सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। बताया जा रहा कि यह गलियारा लगभग पांच एकड़ भूमि पर निर्मित होगा।

दो दिन पूर्व ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के प्रकाशन अधिकारी गोपालशरण शर्मा ने इस पूरे क्षेत्र में आ रहे प्राचीन धरोहर स्थल एवं मंदिरों का अवलोकन कराया जिसके बाद इस क्षेत्र की धरोहरों के प्रति हमारी चिंताएं गंभीर हो गई हैं। उदाहरण के लिए हमने ठा.श्रीराधामोहन के सुंदर दर्शन किए। यह पूरा परिसर राधामोहन का घेरा कहलाता है। यह 16वीं सदी में आबाद हुआ एक प्राचीन परिसर है, जहां श्रीराधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक महान रसिकाचार्य श्रीहित हरिवंश गोस्वामी के दूसरे सुपुत्र गोस्वामी श्रीकृष्णचन्द्र महाराज के सेव्य विग्रह ठा.श्रीराधामोहन का मंदिर स्थापित है, जो वृन्दावन में शाही लाल पत्थर से निर्मित 16 वीं सदी के मंदिरों में से एक है। यह मंदिर श्रीराधावल्लभ के पुराने मंदिर के साथ का ही बना था। हम जानते ही हैं कि आज श्रीराधावल्लभ का पुराना मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित एक स्मारक है। इन दोनों मंदिरों में प्रयुक्त हुए पत्थर, तोरण, द्वार, वास्तुशिल्प आदि की समानता को देख कर भी यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि ये दोनों मुग़लकालीन संरचनाएं एक ही युग की देन हैं। राधावल्लभ संप्रदाय के वाणी साहित्य से ज्ञात होता है कि 18 वीं सदी में राधामोहन घेरे का परिसर अत्यन्त रमणीय और हितकुल का प्रमुख स्थान था।



लक्ष्मीनारायण तिवारी
सचिव, ब्रज संस्कृति शोध संस्थान, वृन्दावन

यहां मंदिर में हमारी भेंट सेवायत गोस्वामी श्रीमृदुल वल्लभ से हुई जिन्होंने हमें बड़े दुखित मन से बतलाया कि कॉरिडोर निर्माण हेतु ठा. श्रीराधामोहन के प्राचीन मंदिर सहित पूरे परिसर को नाप लिया गया, प्रस्तावित कॉरिडोर के नक्शे के अनुसार ठा.श्रीराधामोहन मंदिर को तोड़ा जाना है जिसके लिए नाप कर नंबर डाल दिए गए हैं। धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक वृंदावनी धरोहरों के संरक्षण का एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने खड़ा है। आज जिस प्रकार के हालात है वह हम सब के लिए विचारणीय है।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्रैश जहाज से जिंदा बचे शख्स जैसे अखिलेश यादव



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया।

संघर्षों से लड़ने और बढ़ने की विरासत लिए अखिलेश यादव राजनीतिक कुशलता में अपने पिता मुलायम सिंह यादव से कम नहीं हैं। भाजपा की धुरी यूपी में मोदी-योगी की लोकप्रियता की सुनामी में सबसे बड़े विपक्षी दल के तौर पर सपा की शक्ति को बचा पाना अखिलेश यादव की बड़ी उपलब्धि है। तब जब भाजपा के फैलाव में पिछले एक दशक में देश के शक्तिशाली दल टूट गए, बिखर गई, बौने हो गए। पार्टी को बचा पाना, संभाल पाना और ऐसे दौर में सपा के इतिहास में पहली बार 2024 में लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतना अखिलेश की राजनीतिक दक्षता का चमत्कार है। इतनी सीटें तो मुलायम सिंह अपने स्वर्णकाल में भी नहीं जीत सके थे। अभिनेत्रा राजकपूर के गीत के निर्देशन में राजनीतिक गाड़ी चलानी पड़ती है-ऐ भाई जरा देख के चलो, आगे ही नहीं पीछे भी, दाएं ही नहीं बाएं भी...कहते हैं कि सियासत में युद्ध कौशल का प्रदर्शन हर जगह होता है। घर के बाहर विरोधी से ही नहीं घर के अंदर के प्रतिद्वंद्वीयो से भी लड़ना होता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहते अपने चाचा और उनके गुट से अखिलेश नहीं लड़ते तो शायद आज पिता मुलायम सिंह की कुर्सी का सौ फीसद हिस्सेदारी का हक नहीं मिल पाता। चाचा शिवपाल यादव उनकी समानांतर ताकत में होते। नेता जी के बाद पार्टी में एकक्षत्र ताकत का संकट तो गहराता ही। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हर मोर्चे पर युद्ध लड़ा। अपनों से भी लड़ाई जीती और भाजपा के तीव्र तूफान में भी पार्टी की नैय्या बचा ली।'

बसपा सुप्रीमों मायावती यूपी की शीर्ष नेताओं में शुमार हैं, भाजपा के स्वर्णकाल में बसपा विपक्ष के लायक भी नहीं रही। लगभग डेढ़ दशक तक ये कहा जाता रहा कि प्रियंका गांधी राजनीति में आ जाएं तो यूपी में कांग्रेस के पुराने दिन वापस आ जाएंगे। वो भी आईं कुछ ना कर पाईं। भाजपा व उसकी सरकार और योगी आदित्यनाथ के हिन्दुत्व के चेहरे की ताकत के आगे सब धराशाई हो गए। मजबूत विपक्ष के तौर पर कोई बचा तो वो थी समाजवादी पार्टी। अखिलेश यादव ने सपा की नैय्या को कई तूफानों से बचाया, कमजोर नेतृत्व होता तो ताज्जुब नहीं कि बसपा और कांग्रेस की तरह सपा भी हाशिए पर पड़ी होती और सदन में भाजपा का एकक्षत्र राज रहता। ये सच है कि यूपी का मुख्यमंत्री बनने में अखिलेश यादव की योग्यता आधी थी और आधा पिता प्रेम था, पिता का श्रेय था।

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया। उस चुनाव में मुलायम चुनावी कम्पेन से गायब थे उन्होंने ने अखिलेश पर ऐसे जिम्मेदारी दी थी जैसे चील अपने बच्चे को आकाश की ऊंचाइयों पर ले जाकर फेंक देती है। जान बचानी है तो बाजुओं में ताकत पैदा करो, उड़ना सीखो और उड़ो। फिर सारा आकाश तुम्हारा होगा! पिता की कोशिश और मार्गदर्शन पर पुत्र पूरी फरमाबरदारी से चलता भी रहा। उन्होंने रथयात्रा निकालकर पूरे प्रदेश के गांव-गांव जनता से मिले, जमीनी संघर्ष किया। सपा को गुंडे-माफियाओं की पार्टी कहने के आरोपों को ग़लत साबित करते हुए दागियों को पार्टी से दूर करने की साहसी और सराहनीय पहल की। डीपी यादव जैसे कई नेताओं को टिकट ना देने पर अड़े तो जनता में अखिलेश में आशा की एक नई किरण दिखने लगी। "अखिलेश यादव को सत्ता मिली तो भी संकट थे और सत्ता के बाहर दमदार विपक्ष बने रहना भी बहुत मुश्किल था"

2012 में सपा सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अखिलेश यादव बेहद लोकप्रिय नेता बन कर उभरे। किंतु पार्टी में इतनी कलह थी उसे सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव जी भी नहीं संभाल सके। दूसरी तरफ तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट करने पर नई भाजपा का समुद्र देश में उफान ले रहा था। बावजूद इसके हो सकता था कि अखिलेश यादव के विकास कार्यों और लोकप्रियता के आगे भाजपा की सुनामी उत्तर प्रदेश में कोई खास असर नहीं दिखा पाती। लेकिन उन दिनों सत्तारूढ़ सपा में आपसी कलह सड़क पर उतर चुकी थी, जिसके कारण यूपी में अखिलेश के विकास कार्य और लोकप्रियता भाजपा को रोक नहीं सकी। संघर्ष जारी है। 2027 के चुनाव में लगभग डेढ़ वर्ष शेष है।

अखिलेश के सामने योगी आदित्यनाथ का हिन्दुत्व का लोकप्रिय चेहरा है। इस जटिल लड़ाई में कांग्रेस का साथ लेना ही पड़ेगा। योगी तीसरी बार जीत गए तो सपा को टूट-फूट से बचाना बेहद मुश्किल होगा। अखिलेश जीत गए तो यूपी में कांग्रेस के फैलाव को रोकना भी काफी जटिल होगा। सियासत के हर रास्ते में कांटे होते हैं। सफलता में भी असफलता में भी। कभी फूलों में कांटे छिप जाते हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कोटेदार पर अंगूठा लगवाकर राशन न देने का लगा आरोप

## एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव


तहसील परिसर में मौजूद राशनकार्ड धारक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव आलमऊ सरांय के कोटेदार ने राशनकार्ड धारकों के अंगूठे पॉश मशीन पर लगवा लिए किंतु उन्हें आवंटित न कर लाखों रुपए का राशन हड़प लिया। कार्डधारकों ने मंगलवार को तहसील में एसडीएम को शिकायतीपत्र देकर कोटेदार पर कार्यवाही की मांग की है।

आलमऊ सराएं गांव निवासी सुनील कुमार, जुम्मन खां, रामविलास, प्रकाश राठौड़, अजीत सिंह, रामदुलारी व ऊदन सहित आधा सैकड़ा राशनकार्ड धारक बांगरमऊ के तहसील कार्यालय पहुंचे और गांव के कोटेदार बालमुकुंद के खिलाफ एसडीएम शुभम यादव को शिकायतीपत्र सौंपा। इसमें कहा कि कोटेदार द्वारा एक हफ्ता पूर्व अपने राशनकार्ड धारकों को दुकान पर राशन आवंटित करने के लिए बुलाया और पॉश मशीन पर सभी का अंगूठा लगवा लिया। अंगूठा लगवाने के बाद कहा कि अगले दिन राशन आवंटित करेंगे। किंतु एक हफ्ता से अधिक समय बीतने के बावजूद कोटेदार कार्डधारकों को राशन आवंटित नहीं कर रहा है। बताया कि उन लोगों को यह भी पता चला है कि अंगूठा लगवाने के बाद कोटेदार बालमुकुंद की कोटे की दुकान निलंबित कर दी गई है। ऐसे में कोटेदार द्वारा गरीब कार्डधारकों का लाखों का राशन हड़प लिया गया है। कार्डधारकों ने एसडीएम से राशन आवंटित कराने की मांग की है। एसडीएम शुभम यादव ने कार्डधारकों से राशन आवंटित कराने और कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## डीआईओएस को नहीं मिले छात्र, मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार उन्नावः** जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण के साथ शैक्षिक सत्र के पहले दिन विद्यालय खुलते ही तीन विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें एक विद्यालय में पंजीकृत 245 छात्रों में एक भी छात्र नहीं मिला। जबकि दूसरे विद्यालय में 511 छात्रों में केवल 17 छात्र मिले। जबकि तीसरे में 691 में से 22 छात्र उपस्थित रहे। उपस्थिति कम मिलने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक 12 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पुरवा पहुंचे वहां पंजीकृत 511 छात्राओं में 17 बच्चे उपस्थित मिले। जबकि हॉस्टल में वार्डन और चपरासी नहीं मिला। सिर्फ शिक्षिका कीर्ति अनुपस्थित थी। दोपहर 1:10 बजे वह बीएएएस इंटर कॉलेज पुरवा पहुंचे तो वहां भी उन्हें कोई छात्र नहीं मिला। जबकि विद्यालय में 245 छात्र पंजीकृत थे। 1:25 बजे एमआरआरएस इंटर कॉलेज पुरवा पहुंचे तो वहां 691 छात्रों में 22 छात्र उपस्थित मिले।

# बारिश से जलभराव, नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी


बारिश के कारण गोपीनाथपुरम में हुआ जलभराव। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव):** अमृत विचार। बीते दो दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने जहां एक ओर उमस भरी गर्मी से राहत दी है, वहीं जल निकासी की समस्या उजागर कर दी है। नगर के कई मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में जलभराव से जनजीवन प्रभावित हो गया है। सोमवार देर शाम से लेकर मंगलवार तक होती रही रिमझिम बारिश के चलते नगर के कंचन नगर, गोपीनाथपुरम, कृष्णा नगर, सर्वोदय नगर, मंशा खेड़ा, अहमद नगर, परम्मुख खेड़ा और रहमत नगर समेत कई मोहल्लों की गलियों में पानी भर गया है। जलभराव के कारण लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं, वहीं जरूरी काम से बाहर निकलने वालों को घुटनों तक भरे पानी से होकर गुजरना पड़ा। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी गंभीर है। कच्चे रास्तों पर पानी भरने से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियों की साफ-सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर बारिश में यही स्थिति बन जाती है। लोगों ने नगर पालिका से जल्द समाधान की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### 2027 में अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प



अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटते सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव।

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव,अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सभी ने केक काटकर व मिठाई बांटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की और सभी ने वर्ष-2027 में अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक उदयराज यादव, राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक सुन्दरलाल लोधी, पूर्व विधायक सुन्दरलाल कुरील, जिला महासचिव हेमंत पाल, जिला उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ साधू, शिवशंकर गौतम, हाजी सैय्यद इरफान, जिला सचिव रामबहादुर यादव, रमन पटेल, मुकेश रावत, अमन अंजुम, अंकित यादव, लकी यादव, राहुल अग्निहोत्री, राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने मनाया पूर्व सीएम का जन्मदिन


सपा मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**अमृत विचार बांगरमऊ उन्नाव :** नगर के लखनऊ मार्ग स्थित एक मैरिज लान में पूर्व विधायक बदलू खां ने केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। इसमें पार्टी जिलाध्यक्ष सहित कई जिला स्तरीय नेता व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र की जनता से काफी लगाव है। इसलिए आपकी जिम्मेदारी बनती है कि इस सीट पर सपा के उम्मीदवार को विजयी बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को उपहार देने का काम करें। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला उर्फ अन्ना महाराज ने कहा कि भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार से संकेत मिल रहे हैं कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक बदलू खां, जिला उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना अल्वी आदि ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता डॉ. रामपाल कीकुशवाहा व संचालन रामनरेश यादव ने किया। इस दौरान महिला सभा की जिलाध्यक्ष अल्वी मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य रमेश रावत, राधेलाल निषाद, रफीक आदि मौजूद रहे।

## तीन दिन में कार्यभार संभालें एआरपी

**अमृत विचार उन्नावः** जनपदीय चयन समिति द्वारा जिले के 16 विकासखंडों में चयनित एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) विषयवार (विज्ञान, गणित, हिन्दी, सामाजिक विज्ञान व अंग्रेजी) के 31 शिक्षकों को उनके द्वारा दिये विकल्प के अनुसार विकासखंड आवंटित किये गए हैं। बीएसए संगीता सिंह ने कहा कि वह अपने विकासखंडों में तीन दिन में कार्यभार ग्रहण कर लें अन्यथा उनका चयन निरस्त कर दिया जाएगा। बता दें कि जिले में हिंदी में 2, गणित में 9, अंग्रेजी में 4, सामाजिक विज्ञान में 7 व विज्ञान में 9 शिक्षकों का चयन एआरपी पद पर हुआ है। परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को अपेक्षा के अनुसार शैक्षिक सहयोगात्मक पर्यवेक्षण प्रदान करने के लिए शर्तों के अधीन कार्यक्षेत्र व विकासखंड आंवटित किया जाता है कि चयनित एआरपी आवंटित विकासखंड के ब्लाक संसाधन केंद्र पर मूल विद्यालय से कार्यमुक्त होकर 3 दिन में कार्यभार ग्रहण कर लें। यदि तय अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं किया तो यह आदेश स्वतः निष्प्रभावी माना जायेगा।

## गंगाघाट पोस्ट ऑफिस में सर्वर फेल, पेंशन न मिलने से बुजुर्ग मायूस

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचारः** गंगाघाट के राजधानी मार्ग स्थित पोस्ट ऑफिस में मंगलवार को सर्वर न आने से पेंशन लेने आए दर्जनों बुजुर्ग पेंशनर्स को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से लाइन में लगे महिला और पुरुष पेंशनर्स दोपहर तक इंतजार करते रहे, लेकिन आईडी ब्लॉक होने के कारण काउंटर नहीं खुल पाया और उन्हें बिना पैसा लिए मायूस होकर लौटना पड़ा। मंगलवार सुबह शीतला, चंद्रभान, एस एच अग्निहोत्री, शांति देवी समेत दर्जनों पेंशनर्स अपनी पेंशन लेने पहुंचे थे। लेकिन काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि सर्वर नहीं आ रहा है और आईडी ब्लॉक है, जिससे लेन-देन संभव नहीं है। पेंशनर्स ने बताया कि यह समस्या केवल मंगलवार की नहीं है, बल्कि पिछले चार दिनों से पोस्ट ऑफिस में कोई कामकाज नहीं हो रहा है। सर्वर की बार-बार खराबी के कारण आधार लिंकिंग, खाते से पैसे निकालने, फॉर्म भरने जैसे कार्य ठप पड़े हैं। पेंशनर्स में से कई बुजुर्ग काफी दूर से चलकर आए थे, जिन्हें बिना काम के लौटना पड़ा। इस संबंध में पोस्ट मास्टर नरेश चंद्र साहू ने बताया कि तकनीकी कारणों से आईडी ब्लॉक हो गई है, जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।


गंगाघाट पोस्ट आफिस में सर्वर न आने से बैठे पेंशनर्स। अमृत विचार

# केक काटकर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

संवाददाता, हरदोई


संडीला में केक काटते नपाप चेयरमैन मो. रईस अंसारी।



भंडारा करते व्यापार सभा के प्रदेश सचिव रामज्ञान गुप्ता।

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को केक काटकर पार्टी के राष्ट्रीय अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मनाया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने केक काटकर मिष्ठान वितरित कराया। सपा व्यापार सभा के प्रदेश सचिव व पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका रामज्ञान गुप्ता ने अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर अपने आवास सर्कुलर रोड पर भंडारे का आयोजन किया व व्यापारियों पार्टी के पदाधिकारियों के साथ केक काटकर जन्म दिवस की बधाई दी। इस मौके पर पूर्व सांसद उषा वर्मा, पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी, धर्मवीर यादव, गिरीश गुप्ता, सोनू गुप्ता, धर्मेंद्र यादव दीपू, अभय गुप्ता, मोतीलाल यादव,राजीव यादव गुड्डू, रामदत्त गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, कौशल कुमार, गंधर्व यादव आदि लोग मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद संडीला के चेयरमैन मो. रईस अंसारी ने अखिलेश का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह आयोजन चेयरमैन के निजी आवास पर संपन्न हुआ, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में केक काटा गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता इरफान हमीद ताज मियां, गुफरान हमीद चांद मियां व सपा के नगर अध्यक्ष अकील अंसारी सहित अनेक सपाई मौजूद रहे। कछौना कस्बे में सपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर एकत्रित होकर केक काटा और अखिलेश की लंबी उम्र की कामना की। शाहाबाद में कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मुजीब खां तथा छात्र नेता शाहिद खां बिल्किस गर्ल्स इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया। इसके बाद मलकापुर मार्ग पर सड़क के किनारे पौधारोपण किया।

## अपर जिला जज ने किया कारागार का निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मंगलवार को अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। अपर जिला जज ने बंदियों को बताया कि ऐसे बंदी जो गरीब है और अपना प्राइवेट अधिवक्ता नहीं कर पा रहे हैं, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कारागार अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकते है, प्राधिकरण द्वारा उनके मुकदमें की निःशुल्क पैरवी को आवश्यक कार्यवाही करेगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए बैरकों में पंखे व घड़ो में पानी रखने के लिये जेल प्रशासन को निर्देशित किया। बंदियो से समस्याओं के बारे में जानकारी कर जेल प्रशासन को निस्तारण के निर्देश दिए।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला।



साण्डी थाने के टेकनपुरवा मजरा कटरी परसोला निवासी संजय कुमार (32) खेती-बाड़ी करता था। उसने साण्डी तिराहे पर मकान बनाया और पत्नी रोशनी, 5 साल के बेटे अंशू व तीन साल की बेटी आरुषि के साथ रहता था। सोमवार की रात संजय मकान के ऊपर वाले कमरे में गया और उसके दरवाजा बंदकर फांसी लगा ली। बताया गया है कि किसी घरेलू बात पर संजय और रोशनी के बीच झगड़ा हो गया था। उसके बाद संजय ने बच्चों को नीचे भेज दिया और कमरा बंदकर अंदर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पत्नी ऊपर पहुंची, खिड़की से फांसी पर शव लटका देख वह चीखने लगी। उसके बच्चे भी दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही वहां पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाला। संजय ने किस वजह से ऐसा किया, पुलिस इसका पता लगा रही है। तीन भाइयों में ब्रजेश कुमार सबसे बड़ा, उससे छोटा संजय था और सबसे छोटा भाई अनुराग है। एक बहन है,जिसकी शादी हो चुकी है।

## महिला ने पति सहित 5 पर दर्ज कराया केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुहागपुर निवासी विवाहिता ने अरवल थाना क्षेत्र निवासी पति सहित पांच लोगों पर मारपीट का केस का केस दर्ज कराया है। पीड़िता विनीता पुत्री रामरतन के अनुसार उसका विवाह करीब 11 वर्ष पूर्व अरवल थाना क्षेत्र के वरान गांव निवासी मुंशी पुत्र जयराम के साथ हुआ था। उसके पति के रिश्तेदारी में एक महिला के साथ अवैध संबंध थे। उसने विरोध किया तो 29 फरवरी को पति, ससुर सहित तीन अन्य के साथ मिलकर उसे डंडों से मारापीटा और 8 वर्षीय पुत्री के साथ घर से भगा दिया। वह तब से पिता के घर रह रही है। 20 जून को विपक्षी मायके आए और पुत्री को ले जाने लगे। विरोध किया तो फिर मारपीट कर धमकी दी।

## अधेड़ के शव की हुई शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** बीते दिन नहर से बरामद अधेड़ के शव की मंगलवार को शिनाख्त हो गई। जिसके बाद पोस्टमार्टम कराने के बाद शव घर वालों को सौंपा गया है। सोमवार को सुरसा थाने के बदरुद्दीन पुर के पास से निकली नहर में एक अधेड़ का शव बरामद किया गया, कोतवाली देहात के सियापुर मजरा कौढ़ा निवासी पवन पाण्डेय ने शव की शिनाख्त अपने पिता पप्पू पाण्डेय (57) के रूप में की। पवन ने बताया कि उसके पिता शनिवार की सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे, शाम तक न लौटने पर पिता की तलाश की जाने लगी। पप्पू पाण्डेय के तीन बेटे और एक बेटी मोनिका है। पत्नी गुड्डी की करीब तीन साल पहले ही बीमारी के चलते मौत हो चुकी थी।



### मोबाइल, नकदी व बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार को पुलिस ने लोकेशन के जरिये मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर मोबाइल नगदी और चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद करते हुए जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपी का नाम सत्यमान निवासी रसूलपुर सण्डीलाद है। बता दें कि अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम सुर्जीखेड़ा निवासी पंकज कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 मई को मोहमदपुर बेलवारन में जनसेवा केंद्र के पास से बाइक सवार दो अज्ञात युवक मोबाइल छीन कर भाग गये थे। जिसकी जांच के दौरान आरोपी को पकड़ा गया है।

# लालच देकर धोखाधड़ी, छह आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, पाली, हरदोई


पुलिस हिरासत में पकड़े आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामीणों को खाते में पैसे आने का लालच देकर खाता खुलवाने और जरूरी दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी करने के 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिनके पास से 7 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड, एक-एक एटीएम कार्ड एवं बायोमेट्रिक मशीन के अलावा नगदी और एक कार बरामद हुई। पुलिस ने सांडी थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

तिनमई खेड़ा थाना सांडी निवासी अखिलेश ने पाली में सोमवार को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि गांव निवासी सूरज ने पैसे मिलने का लालच देकर उसका आधार कार्ड और पैन कार्ड लेकर सांडी एयरटेल पेमेंट बैंक में खाता खुलवाया। उसके मोबाइल नंबर के स्थान पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज करा दिया। एटीएम आने पर स्वयं एटीएम हड़प लिया, जब उसने अपना एटीएम मांगा तो सूरज ने पाली क्षेत्र के अमिरता गांव निवासी युवक के पास एटीएम होने की बात कही। जब उसने जानकारी की तो पता चला कि सूरज अपने 10 अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट एजेंसी नाम से धोखाधड़ी करके खाता खुलवाकर लोगों से पैसे डलवाता है, फर्जी आईडी पर सिम भी लेता है, जिनका वह धोखाधड़ी में दुरुपयोग करते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके पड़ताल शुरू की। पाली थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि उपरोक्त मुकदमे की जांच के दौरान प्रकाश में आए कृष्ण मुरारी उर्फ मुरारी निवासी ग्राम कन्हारी थाना सवायजपुर, सूरज निवासी ग्राम तिनमई खेड़ा थाना सांडी, दिनेश पाल उर्फ अनुज निवासी ग्राम कुंदरौली सादिकपुर थाना सांडी, पंकज निवासी ग्राम अमिरता थाना पाली, अंकित निवासी ग्राम फतेहपुर थाना पाली, सुमित निवासी ग्राम नगला भैंसी थाना पाली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को किया सम्मानित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गोवंश संरक्षण और संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग द्वारा गत वर्षों में किये गए कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की टीम में पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ कार्य किया है जिसके परिणाम स्वरुप जनपद में गोवंश संरक्षण व संवर्धन में होने वाले नवाचार प्रदेश में एक उदाहरण बन गए हैं। विदित हो कि जनपद में गौशालाओं के लिये 661 हेक्टेयर हरे चारे की बुवाई की गयी है जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। गौशालाओं 1244 कैमरे लगाने वाला हरदोई प्रदेश का पहला जनपद है। कैमरों को जिला स्तर पर बने कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। मंगलवार को पशुपालन विभाग की ओर से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह आदि उपस्थित रहे।

**रोज़ा जलसा** | मुसलमानों में बढ़ रहीं बुराइयों पर मौलाना ने सुनाई खरी-खरी

# इस्लाम ने आवारा नहीं बल्कि पाबंद बनाया है

संवाददाता, हरदोई


मौलाना सबीहुल हसन।

**अमृत विचार।** पिहानी में अंजुमन खुद्दाम-ए-सहाबा के 16 रोज़ा जलसे में मस्जिद सैय्यदना फारूक-ए-आज़म मोहल्ला चौहट्टा में चौथे दिन मोहम्मदी से आए मुफ्ती अहसानुल्लाह कासमी ने कहा निस्बतों से इंसान के मुकाम का अंदाज़ा होता है, आज हम और आप जिस महफिल में बैठे हैं ये ऐसी शख्सियतों से जुड़ी हुई है, जिन्होंने अल्लाह और उसके रसूल के एक इशारे पर अपनी जानों का नज़राना पेश किया, इनका मुकाम बहुत बुलंद है जिसे हम और आप सहाबा की जमाअत कहते हैं। मौलाना सबीहुल हसन ने जलसे को खिताब करते हुए हुज़ूर की सुन्नतों पर अमल करने पर जोर दिया। कहा कि सहाबा की जिंदगी को देखें, तारीख का जायज़ा लें अपनी जान और मॉल अपनी औलाद अपना घर सब कुछ कुर्बान कर ये इस्लाम हम तक पहुंचाया, सहाबा की जो कड़ी है अगर इसको निकल दिया जाए तो तो इस्लाम हम तक पहुंचना ना मुमकिन है। सहाबा दीन की बुनियाद हैं आज हम अपनी जिन्दगी का जायज़ा लें तो बस नाम के मुसलमान रह गए हैं। नमाजों से दूर झूठ फरेब अमानत में ख़यानत समाज की तमाम बुराइयां मुसलमानों के अंदर देखने को मिल रही हैं। इस्लाम ने हमें आवारा नहीं पाबंद रहने का हुक्म दिया है।

### सीनाज़नी करते हुए निकला चौथी मोहर्रम का जुलूस

**हरदोई, अमृत विचार।** मोहर्रम में इमाम-ए-बारगाह और अज़ाख़ानों में चौथी तारीख को मजलिसों का दौर जारी है। अज़ादार हज़रत इमाम हुसैन और कर्बला को याद कर फूट-फूट कर रो रहें हैं। मोहर्रम में इमाम-ए-बारगाह और अज़ाखानों में हज़रत इमाम हुसैन और कर्बला की जंग में शहीद हुए उनके साथियों की शहादत बयां की जा रही है। चौथी मोहर्रम को पिहानी में हसन ताहिर जैदी के आवास पर शौफ हसन जैदी व शौजफ जैदी की अगुवाई में अलम का जुलूस निकाला गया। जिसमें नौहाख्वानी व सीनाजनी हुई। जुलूस के बाद हुई मजलिस में कर्बला के शहीदों का जिक्र किया गया, जिसे सुनकर अज़ादारो.की आंखें नम हो गईं।

## आपत्तिजनक पोस्ट करने पर दो को जेल

**हरदोई, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयानबाजी व आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना पचदेवरा के ग्राम मनभावनगंज निवासी आशुतोष को आईटी एक्ट के तहत पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने सोशल मीडिया पर सौहार्द बिगाड़ते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी प्रकार थाना हरियावां के ग्राम उमरसेढ़ा निवासी विपिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि इन दिनों सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वालों की बाढ़ आई हुई है। दो दिन पूर्व पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए थे।

# बरसात में बढ़ जाता है रोगों का प्रकोप

संवाददाता, सुरसा-शाहाबाद, हरदोई



रैली निकालते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरसा में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ शिव सागर चौधरी के नेतृत्व में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई।

डॉ. चौधरी ने बताया कि बरसात के मौसम में कई तरह के रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है, इसलिए 11 जुलाई तक घर-घर दस्तक अभियान द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए गांव-गांव जाकर लोगो को जागरूक किया जाएगाइस मौके पर सीएचसी अधीक्षक शिवसागर चौधरी, रमेश वीसी पीएम सहित स्टाफ के लोग मौजूद रहे। शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अभियान का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डाक्टर प्रवीण दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर डॉ दीक्षित ने बताया सीएचसी में शासन की मंशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निकाली गई रैली का उद्देश्य जन-जन को संचारी रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू, और चिकनगुनिया आदि से बचाव के लिए जागरूक करना है। प्रतिभागियों ने नारे और बैनरों के माध्यम से स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति संदेश दिया।

# रक्त देने पहुंचे सपाइयों को मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने लौटाया, रोष

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** सपा मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा कार्यकर्ता मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्तदान करना चाहते थे। जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर और पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत के नेतृत्व में दर्जनों सपाई घायलों के जीवन बचाने हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज थे। जब सभी सपाई रक्तदान करने के लिए मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक हाल में पहुंचे तो मेडीकल कॉलेज प्रशासन ने सपा नेताओं का ब्लड लेने से इनकार कर दिया।

जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक ने मेडिकल प्राचार्य अरविंद त्रिवेदी पर आरोप लगाते हुये रक्तदान न करवाने की बात कही। वहीं प्राचार्य ने कहा कि ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त है, उन्हें रक्त की आवश्यकता नहीं है। जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि मेडिकल प्रशासन और प्राचार्य अरविंद त्रिवेदी की मानसिकता अच्छी नहीं है, वे समाजवादियों को भेदभाव की दृष्टि से देख रहे हैं इसलिए समाजवादियों का खून नहीं लेना चाहते।


मेडिकल कॉलेज परिसर में नारेबाजी करते सपा कार्यकर्ता।

पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने कहा की इससे साफ जाहिर होता है की मेडिकल प्रशासन ने भेदभावपूर्ण मानसिकता के तहत समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का रक्त नहीं लिया है।

इस दौरान तारिक तालाब, रविंद्र यादव, मुन्ना अंसारी, पुष्पेंद्र यादव, इमरान उल्ला, शबीउद्दीन, आशीष बुंदेला, सुनील पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कूड़ा गाड़ी में सवार हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर विधायक व प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण इन दिनों विकास कार्यों की हकीकत जानने में जुटे हैं। इसके साथ ही नगर क्षेत्र पर भी नजर है। इसी क्रम में उन्होंने अनोखा अंदाज अपनाया और कूड़ा गाड़ी में साधारण वेशभूषा में सवार होकर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की हकीकत परखी। उनका यह अंदाज जिले भर में चर्चा का विषय बना है।

दो दिन पहले मंत्री सुबह-सुबह शहर पहुंच गए और एक कूड़ा गाड़ी जिसको पहले से तैयार रहने को कहा गया था में बैठ गए। वे इस समय टी शर्ट-लोअर पहने व चेहरे पर मास्क लगाए थे। उन्होंने शहर में चल रही पालिका की घर-घर कूड़ा उठान व्यवस्था को जांचा। इस दौरान कर्मियों से काम का तरीका जाना और यह भी देखा कि कहां सुधार किया जा सकता है।



कूड़ागाड़ी में मास्क पहने बैठे व सफाई कर्मियों से बात करते समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण।

### इलेक्ट्रिक गाड़ियां, जीपीएस ट्रैकिंग हो अनिवार्य

**कन्नौज।** मंत्री असीम अरुण ने निरीक्षण के बाद व्यवस्था में सुधार को लेकर संभावनाओं पर विचार व्यक्त किया। उनका कहना है कि इलेक्ट्रिक कूड़ा गाड़ियां ज्यादा बेहतर साबित हो सकती हैं। इनकी गति कम होने से आबादी क्षेत्र में हादसों का भय कम रहेगा। इसके साथ ही इनको जीपीएस ट्रैकिंग प्रणाली से लैस करने की आवश्यकता भी है। इससे इन पर नजर रखी जा सकती है। कहां गाड़ी पहुंची और कहां नहीं पहुंच सकी। कचरे के डिब्बों के आकार को लेकर भी बात की, कहा कि नीले (सूखा कूड़ा) और हरे (गीला कूड़ा) डिब्बे एक साइज के होते हैं, जबकि गीला कूड़ा ज्यादा आता है। इसलिए हरा डिब्बा बड़ा होना चाहिए।

### जापान की तकनीक से प्रभावित हो निरीक्षण

मंत्री के मुताबिक कि जापान में 'गेंबा वॉक' तकनीक से प्रबंधन किया जाता है। इसमें प्रबंधन के लोग कामगारों के बीच खड़े होकर हकीकत जानते और सुधार की संभावना खोजते हैं। वे बताते हैं कि पुलिस में रहते हुए भी वे इसी पद्धति पर काम किया करते थे जिससे सुधार की स्थिति ज्यादा बनती थी। इसी सोच के साथ उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारी गौतम और विकास के साथ कूड़ा गाड़ी पर सवार होकर मोहल्लों की साफ सफाई की स्थिति परखी।

### साप्ताहिक अवकाश पर जोर

**कन्नौज।** मंत्री ने श्रम कानूनों के पालन पर जोर देते हुए कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश की पैरवी की। न्यूनतम मजदूरी दर, सभी सफाई कर्मियों का ईपीएफ व ईएसआई में नामांकन अनिवार्य किए जाने की भी जरूरत बताई। कूड़ा गाड़ी का लाउडस्पीकर अच्छा होने के साथ एक वाहन पर कम से कम दो कर्मी और एक चालक की तैनाती की भी बात कही। स्थानीय लोगों से भी बात की। उन्होंने बताया कि सीधे लोगों के बीच जाकर ही स्थिति ज्यादा स्पष्ट होने के साथ सुधार की संभावनाएं भी तलाशी जा सकती हैं।

# मां और बेटी-बेटे को गोली मारने के बाद खुद पर दागी, 3 की मौत

## पारिवारिक कलह और शराब के नशे में घटना को दिया अंजाम, बेटी की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, आजमगढ़

> पारिवारिक कलह और शराब के नशे में युवक द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। मां और बेटे की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। दोनों बच्चों को इलाज के लिए भेजा गया था, लेकिन नीरज के बेटे की भी मौत हो गई। बच्ची को भी पेट में गोली लगी है लेकिन उसकी हालत स्थिर है। घटना की जांच की जा रही है।
>
> –हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़

- जहानगंज थाना क्षेत्र के चकिया मुस्तफाबाद का मामला, मौके से पिस्टल हुई बरामद

**अमृत विचार।** जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र के चकिया मुस्तफाबाद गांव निवासी एक युवक ने मंगलवार की दोपहर को पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर अपनी मां, बेटे और बेटी को गोली मारने के साथ ही खुद को भी गोली मार ली। इस घटना में मां और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके बेटे को अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्र के चकिया मुस्तफाबाद निवासी नीरज पांडेय (32) परिवार के साथ वाराणसी में रहता था। वह पेट्रोल पंप पर वाहनों में तेल भरने का कार्य करता था। एक सप्ताह पूर्व उसकी पत्नी, बच्चों के साथ गांव पहुंची थी। सोमवार की शाम वह भी वाराणसी से घर पहुंचा था। मंगलवार को दोपहर में किसी बात से नाराज होकर उसने अपनी मां चंद्रकला (55), पुत्री शुभी पांडेय (07) और बेटा संघर्ष पांडेय (04) को गोली मार दी। तीन लोगों को गोली मारने के बाद नीरज ने खुद को भी गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

उन्होंने सभी को एंबुलेंस के जरिए जहानागंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने नीरज और उसकी मां चंद्रकला को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटी शुभी पांडेय और बेटे संघर्ष पांडेय की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने संघर्ष पांडेय को भी मृत घोषित कर दिया, जबकि शुभी पांडेय का इलाज जारी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने मौके से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है।

# 7वीं के छात्र की साइलेंट अटैक से मौत, मातम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बाराबंकी शहर के सेंट एंथोनी स्कूल का मामला, छुट्टी खत्म होने के बाद गई थी स्कूल

**अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने की खुशी लेकर पहुंचा सातवीं कक्षा का छात्र अखिल प्रताप सिंह (12) अचानक इस दुनिया को अलविदा कह गया। मंगलवार सुबह जब शहर के सेंट एंथोनी स्कूल, बाराबंकी में बच्चे नए सत्र की शुरुआत के लिए पहुंचे, तभी स्कूल गेट के पास एक दिल दहला देने वाली घटना घट गई।

देवा कोतवाली क्षेत्र के घेरी बिशुनपुर गांव निवासी जितेंद्र प्रताप सिंह का बेटा अखिल, अपने पिता के साथ कार से स्कूल पहुंचा था। गाड़ी से उतरकर जैसे ही उसने कंधे पर बैग टांगा और स्कूल गेट की ओर बढ़ा, वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। अखिल को तुरंत पास के अवध चिल्ड्रेन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख उसे लखनऊ के चंदन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही अखिल ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

परिवार इस असामयिक मौत से सदमे में है। मां का रो-रोकर बुरा हाल है और पिता ने बताया कि अखिल पूरी तरह स्वस्थ था। न कोई बीमारी, न दवाएं चल रही थीं। डॉक्टर भी बच्चे की अचानक हुई मौत से हैरान हैं। इस हृदयविदारक घटना के बाद स्कूल में शोक की लहर है। स्कूल प्रबंधन व स्टाफ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। परिजनों ने दोपहर में ही बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया।

## सार-संक्षेप

### 8 कंपनियों को मिलेगी 4.91 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

**लखनऊ।** कानपुर, अलीगढ़ व बरेली मंडल की 8 कंपनियों को 4.91 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने इससे जुड़े विभागीय प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। शासन के अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश में निवेश को बढ़ाने, निवेशकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने व उप्र. को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिए शुरू की गई उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत कानपुर मंडल की छह व अलीगढ़ व बरेली मंडल की एक-एक कंपनियों को चार करोड़ 91 लाख 38 हजार 207 रुपये की नेट जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इन कंपनियों में मेसर्स मॉडर्न स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड जैनपुर कानपुर देहात को 35 लाख 93 हजार 883 रुपये, मेसर्स बजरंग बली स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड अकबरपुर कानपुर देहात को 26 लाख 21 हजार 102 रुपये, मेसर्स हिंगलाज फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड पनकी कानपुर को 9 लाख 38 हजार 148 रुपये, मेसर्स हाइटेक प्लास्ट इस्पात नगर कानपुर को 15 लाख 63 हजार 826 रुपये, मेसर्स रेज पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड उद्योग कुंज पनकी कानपुर को 55 लाख 98 हजार 854 रुपये, मेसर्स माधव पाइप्स चकेरी कानपुर को 21 लाख 90 हजार 978 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। अलीगढ़ मंडल में मेसर्स स्टर्लिंग एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड कासगंज को दो करोड़ 50 लाख 51 हजार 416 रुपये और बरेली मंडल के मेसर्स कृष्णा कोरुगेटर्स बरेली को 75 लाख 80 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### योगी ने एक्स पर पूर्व सीएम अखिलेश को दी शुभकामना

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने सादगी और संकल्प के साथ मनाया। इस मौके आमतौर पर एक दूसरे को तमाम मुददों पर घेरने व आरोप लगाने वाली प्रतिक्रिया देने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व सीएम अखिलेश यादव के बीच भी मधुर संवाद पढ़ने को मिला। योगी ने अपने ट्वीट में लिखा, 'उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई!' इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए अखिलेश ने भी नरमी भरे अंदाज में लिखा, 'आपकी शुभकामनाओं के लिए हार्दिक धन्यवाद।' वहीं, बसपा नेत्री मायावती, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री ओपी राजभर समेत तमाम नेताओं ने भी अखिलेश यादव को बधाई दी। ओपी राजभर ने अखिलेश को उत्तम स्वास्थ्य के साथ दीर्घायु होने की कामना करते हुए उनके साथ वाली अपनी एक पुरानी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की। इस बीच देश भर से सपा सहित विभिन्न दलों के नेताओं और समाज के हर तबके के लोगों ने अखिलेश यादव को अलग-अलग माध्यमों से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। सपा राज्य मुख्यालय, लखनऊ में सुबह से ही अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी दिखी। लोगों ने बुके, पौधे तथा अन्य स्मृतिचिह्न अखिलेश को भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आये नेताओं, सांसदों, विधायकों, कार्यकर्ताओं और समाज सभी वर्ग के लोगों, महिलाओं बच्चों, युवाओं, अधिकारियों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, पूर्व सैनिकों, संतों-महात्माओं और उलेमा ने उन्हें को फूलमालाएं पहनाकर, बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। वहीं, अखिलेश यादव ने डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय द्वारा लाये गये 52 किलो का लड्डू का केक भी काटा।

### विशेष श्रेणी के मरीजों का रखें ध्यान : पाठक

**लखनऊ।** विशेष श्रेणी के मरीजों का हमें बहुत ध्यान रखना है। औषधि निर्माण से लेकर मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने तक हमें गुणवत्ता पर ध्यान देना है। मरीजों को गुणवत्तापरक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह सुझाव उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिए हैं। उप मुख्यमंत्री मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय क्षेत्र में सेंटर फॉर बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर) के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संस्थान की प्रगति, विगत वर्षों के कार्यों की विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सीबीएमआर द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है। संस्थान अपने प्रयोगों, शोध कार्यों एवं नवाचारों के माध्यम से चिकित्सकीय प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बना रहा है। विशेष श्रेणी से 50 से अधिक मरीजों पर शोध कर संस्थान द्वारा चिकित्सकीय सहयोग प्रदान किया गया। संस्थान विभिन्न प्रद्योगिकी एवं शोध संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर, कई चिकित्सा प्रौद्योगिकी के विभिन्न पक्षों जैसे परीक्षण, औषधि निर्माण, चिकित्सा उपकरणों के लिए पेटेंट की दिशा में भी कार्य कर रहा है। ब्रजेश पाठक ने संस्थान के विगत कार्यों की समीक्षा की।

### पावर कॉरपोरेशन ने किया विद्युत अधिनियम का उल्लंघन

**लखनऊ।** उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार व उप्र. पावर कॉरपोरेशन ने विद्युत अधिनियम का उल्लंघन कर निजीकरण का मसौदा तैयार किया। उन्होंने कहा कि अधिनियम के तहत पहले बिजली कंपनियां के 25 सालों के 'रेवेन्यू पोटेंशियल' का आकलन कर संपत्ति का मूल्यांकन होना था, पर ऐसा नहीं किया गया। अगर ऐसा होता तो बिजली कंपनियों की संपत्ति का मूल्यांकन इतना बढ़ जाता कि देश का कोई भी निजी घराना पांच बिजली कंपनियों में से एक को भी नहीं खरीद पाता।

### पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट में पारदर्शिता जरूरी

**लखनऊ।** महालेखा नियंत्रक वित्त मंत्रालय व प्रदेश के वित्त विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी में आयोजित चौथा क्षेत्रीय सम्मेलन मंगलवार को संपन्न हो गया। पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम पर आधारित सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ अधिकारी व संबंधित हितधारक शामिल हुए। इस मौके पर महालेखा नियंत्रक श्याम एस. दूबे ने पारदर्शिता, जवाबदेही और रियल-टाइम व्यय ट्रैकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने बजट सुधार और व्यय प्रबंधन के क्षेत्र में प्रदेश की ओर से अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। सम्मेलन में हाल ही में विकसित की गई उपयोगिताओं व विकासाधीन तकनीकी समाधानों पर विशेष चर्चा हुई।

### केजीएमयू में बनेंगे अत्याधुनिक मल्टीस्टोरी भवन

**लखनऊ:** राज्य सरकार प्रदेश में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर फोकस कर रही है। इसी कड़ी में लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) स्थित दंत विज्ञान संकाय और क्वीनमैरी अस्पताल के एपेक्स वुमेन हेल्थ सेंटर को अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त मल्टीस्टोरी भवनों से युक्त करने की तैयारी है। इस प्रक्रिया के जरिए जहां एक ओर दंत विज्ञान संकाय के लिए नए बहुमंजिला भवन का निर्माण होगा, वहीं दूसरी ओर क्रिटिकल केयर, मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स और एपेक्स वुमेन हेल्थ सेंटर को नया ठिकाना मिलेगा। इस मिशन को पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग के भवन सेल (तकनीकी) के अंतर्गत नियोजन विभाग ने 198 करोड़ रुपये का खाका तैयार किया है।

# बीबी हलीमा की संपत्ति कब्जा करने वाले दे रहे धमकियां

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- गोपाल दुबे ने की पीएम और गृहमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग

**अमृत विचार।** बीवी हलीमा भूमि संपत्ति को लेकर भारतीय किसान यूनियन (औनू) के पूर्व प्रदेश महासचिव गोपाल दुबे ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को ज्ञापन भेजा है। इसमें कहा है कि उनकी शिकायत के बाद प्रशासन ने कुछ संपत्तियां मुक्त कराईं तो भूमाफिया उन्हें जान से मारने की धमकी दी रहे हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि मोहल्ला विरतिया के काजी अब्दुल कयूम की 30 एकड़ से अधिक भूमि 1923 में अपनी पुत्री हलीमा बीबी के नाम वसीयत की थी। 1948 में हलीमा पाकिस्तान चली गई तो उनकी छिबरामऊ नगर और देहात में स्थित संपत्ति पर भूमाफियाओं की नजर पड़ गई है। 2018 में हलीमा का फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कराकर भूमाफियाओं ने उनकी जमीन की फर्जी वसीयत चढ़वाकर बेचना शुरू कर दिया। उन्होंने (गोपाल दुबे) 14 जून 2025 को जिलाधिकारी से शिकायत की तो उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र दुबे से जांच कराई गई, जिसमें 15 मई को कुछ फर्जी वसीयतों को निरस्त किया गया। 10 जून को उपजिलाधिकारी ने 20 बीघा जमीन को राज्य सरकार के नाम दर्ज कराया। इस कार्रवाई से बौखलाए भूमाफियाओं ने उनको जान से मारने और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकियां दे रहे हैं।

# गोआश्रय स्थलों पर पौधरोपण कराया जाए

**लखनऊः** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोआश्रय स्थलों पर पौधरोपण कराया जाए। पशुधन मंत्री मंगलवार को विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में वर्षा ॠतु को लेकर गोआश्रय स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में गोआश्रय स्थलों को चिन्हित कर लिया जाए। आवश्यकता पड़ने पर गोवंश विस्थापित करने के लिए वैकल्पिक स्थानों का पूर्व ही चयन कर लिया जाए। गोवंश को भीगने से बचाने के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। 30 जुलाई तक की निर्धारित अवधि में हरे चारे की पर्याप्त बुआई का कार्य कर लिया जाए। बैठक में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र पांडेय भी मौजूद थे।

# राहुल गांधी के मानहानि केस में सुनवाई 24 जुलाई तक टली

कार्यालय संवाददाता, सुल्तानपुर

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मुकदमे की सुनवाई मंगलवार को नहीं हो सकी। मामले के परिवादी भाजपा नेता व कोआपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि अब अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

मंगलवार को गवाह की अनुपस्थिति के चलते परिवादी पक्ष की ओर से कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया गया, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने अगली तारीख नियत की। पिछली सुनवाई में कोतवाली देहात क्षेत्र के पीताम्बरपुर निवासी गवाह अनिल मिश्र का बयान दर्ज हुआ था, जिनसे बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया जाना बाकी है। गौरतलब है कि चार अगस्त 2018 को विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ यह मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि राहुल गांधी ने बेंगलुरु की एक जनसभा में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष व वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे आहत होकर उन्होंने यह वाद दाखिल किया। राहुल गांधी की जमानत हो चुकी है, बयान भी दर्ज हो चुका है। अपने बयान में राहुल गांधी ने आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है। अब 24 जुलाई को न्यायालय में गवाह से बचाव पक्ष की शेष जिरह की जाएगी।

### लंभुआ विधायक के केस में दरोगा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**सुलतानपुर।** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जन सभा कर प्रचार आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में आरोपी लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा समेत छह के केस में एमपी- एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में मंगलवार को अभियोजन गवाह दरोगा शैलेंद्र मणि द्विवेदी के न आने से सुनवाई 14 जुलाई तक टल गई। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने गवाही देने हाजिर अदालत न आने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

राजनीति

बोले, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, कहा-चुनावों की तैयारी में जनसंपर्क और जनसंवाद को प्राथमिकता

# भाजपा के 11 साल के शासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचारः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के 11 साल के शासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा गया है। आम लोग खुश है। अब आगामी चुनाव की तैयारी में जनसंपर्क और जन संवाद को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यकर्ता घर-घर संवाद स्थापित कर रहे हैं। वह मंगलवार को सपरिवार अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी और रामलला का आशीर्वाद लिया।

दर्शन के बाद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि भारत अपनी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के आधार पर आगे बढ़े। बताया कि संगठन के अंतिम चरण के गठन के तहत कई ज़िलों में अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है, जल्द ही प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी चुनाव होंगे।


रामलला दर्शन-पूजन कर परिवार संग वापस आते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

इससे पूर्व उनके यहां पहुंचने पर सरयू अतिथि गृह में भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। जन्मदिन पर जिला पंचायत अध्यक्ष को उन्होंने शुभकामनाएं दी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव और जिलाध्यक्ष संजीव सिंह से संगठन के चल रहे अभियानों और पूर्ण हो चुके अभियानों के बारे में जानकारी ली। पार्टी से चलाए जा रहे कार्यक्रमों में जनता से संपर्क व योजनाओं पर चर्चा का निर्देश दिया। महापौर के आवास पहुंचे और कार्यकर्ता से मुलाकात की।

### मोदी के सत्ता में आने के बाद बढ़ा भारत का मान सम्मान

**अयोध्या।** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार को कहा कि जब से पीएम मोदी सत्ता में आए भात का सम्माव बढ़ा है। वह हनुमानगढ़ी और राममंदिर में दर्शन पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राम लला और उनके अनन्य भक्त हनुमान जी का दर्शन करने के लिए अयोध्या आया हूं। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति में हम जापान को पीछे करके चौथे नंबर पर पहुंच गए। बहुत जल्दी अर्थव्यवस्था को लेकर हम तीसरे नंबर पर पहुंचेंगे। यह हमारे राजनीतिक नेतृत्व का कमाल है। 2027 के चुनाव को लेकर बोले बीजेपी में एक चुनाव समाप्त होने के बाद दूसरे की तैयारी शुरू हो जाती है। राम मंदिर निर्माण को लेकर उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया आह्लादित है। मोदी और योगी को दुनिया प्रणाम करती है। बोले कि एक हजार साल के बाद हिंदुस्तान का गौरव वापस आया है। पौधरोपण अबियान को लेकर उन्होंने कहा कि जब से योगी सरकार आई है इन आठ वर्षों में 204 करोड़ पौधे रोपित किए गए। इसमें से 70 फासदी से ज्यादा पेड़ जीवित है। वातावरण शुद्ध रहे और एयर क्वालिटी इंडेक्स ठीक रहे। इसके लिए पौधरोपण किया जाता है। पेड़ों से हमको छाया और फल मिलता है। वृक्षारोपण हमारे स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है।


पूजन करते वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री सुरेश खन्ना।

# राममंदिर में अर्चक के लिए 500 ने किया आवेदन

**अयोध्या।** राम मंदिर में अर्चक प्रशिक्षण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। 26 से 30 जून के बीच 500 से अधिक अभ्यार्थियों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया है। जिसमें धार्मिक समिति के माध्यम से आवेदकों के प्रपत्रों की जांच कर नियमानुसार बनाए गए।

राममंदिर परिसर में प्रथम तल पर राम दरबार की भी प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। परकोटा में छह देवी देवताओं को प्रतिष्ठित कराया गया है। इसके अलावा कुबेर टीला, शेषावतार मंदिर और ॠषि-मुनियों की मूर्तियों को भी स्थापित कर दिया गया है। अलग-अलग स्थान पर पूजन अर्चन और अन्य परंपराओं को पूरा करके ट्रस्ट ने अर्चकों को भर्ती करने के लिए छह माह का प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ किया है। धार्मिक समिति के सदस्य गोपालजी राव ने मंगलवार को बताया कि अर्चक प्रशिक्षण के लिए 30 जून तक आवेदन मांगे हैं।

## एक नजर

### रियू के शतक से इंग्लैंड अंडर-19 ने की सीरीज में बराबरी

**नॉर्थम्प्टन।** विकेटकीपर बल्लेबाज थॉमस रियू ने 131 रनों की धमाकेदार पारी खेलते हुए इंग्लैंड अंडर-19 टीम के लिए सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया और नॉर्थम्प्टन में इंडिया अंडर-19 के ख़िलाफ दूसरे यूथ वनडे में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। रियू ने सिर्फ 73 गेंदों में शतक पूरा किया और 2012 में बेन फॉक्स द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाए गए 79 गेंदों के सबसे तेज अंडर-19 शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। रियू ने अपनी 89 गेंदों की पारी में 16 चौके और छह लंबे छक्के जड़े। टीम के कप्तान रियू ने रॉकी फ्लिंटॉफ (39) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 ओवरों में 123 रनों की साझेदारी की।

### संन्यास से पहले भारत में टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं लियोन

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं। 37 वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं, लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। ऑस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी शृंखला जीतना चाहता हूं।

### अगस्त में भारत का बांग्लादेश दौरा अभी निश्चित नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने कहा है कि बीसीसीआई ने अब तक भारत के बांग्लादेश दौरे की पुष्टि नहीं की है, जो अगस्त में होना है। उनके अनुसार बीसीसीआई इस दौरे पर फैसला भारतीय सरकार से चर्चा के बाद लेगा। अमिनुल ने ढाका में बीसीबी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की छह घंटे लंबी बैठक के बाद कहा, मैंने बीसीसीआई से बात की है और चर्चाएं सकारात्मक रही हैं। हम आशावान हैं। यह सीरीज (अगले महीने) निर्धारित है लेकिन वे (भारत) अपने सरकार के कुछ निर्णयों का इंतजार कर रहे हैं।

### जिम्बाब्वे को रौंदकर अफ्रीका ने जीता लगातार नौवां टेस्ट

**बुलावायो (जिम्बाब्वे)।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को जिम्बाब्वे को 328 रनों से हराकर पुरुष टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन की यह लगातार नौवीं जीत है, जिसने उसने 2002-03 सत्र के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। मध्यम गति के गेंदबाज कॉर्बिन बॉश ने टेस्ट करियर में पहली बार 5 विकेट चटकाए, जिससे 537 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम दूसरी पारी चौथे दिन लंच के बाद 208 रन पर सिमट गयी।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी सिर में गंभीर चोट लगने से अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों (2022) में रजत पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम के सदस्य बिमल लाकड़ा को सिर में गंभीर चोट लगने पर मंगलवार को रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया। भारत के पूर्व मिडफील्डर लाकड़ा सोमवार को सिमडेगा उपखंड में अपने गांव में खेत में काम करते समय गिरने के बाद बेहोश हो गए थे। इस पूर्व खिलाड़ी को सिमडेगा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें रांची भेज दिया गया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया, वह अब स्थिर हैं। झारखंड के खेल मंत्री ने आज उनसे मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### विश्व मुक्केबाजी: साक्षी, लक्ष्य व जैस्मीन क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाज साक्षी, लक्ष्य चाहर और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। साक्षी ने महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को 5-0 से हराया। जैस्मीन ने 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनूर मिकायिलोवा को इसी अंतर से हराकर अंतिम आठ में स्थान पक्का किया। लक्ष्य ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में बुल्गारिया के विलियम चोलोव को विभाजित फैसले में 4-1 से हराया। मनीष राठौर 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची से हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

# भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

## दूसरे टेस्ट आज से : बल्लेबाजों की पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो ले सकें 20 विकेट

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली।

सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है, जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा कि हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है। इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके शृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं। इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा।

पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले। ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है।

हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ा। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने योगदान नहीं दिया, जिसमें सुधार करना होगा। पहले मैच में शतक लगाने वाले केएल राहुल, जायसवाल, ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल इस लय को कायम रखना चाहेंगे। साइ सुदर्शन और करूण नायर को फिर मौका मिल सकता है। वहीं, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने परिवार में इमरजेंसी से नाम वापिस ले लिया है, लेकिन क्रिस वोक्स के नेतृत्व में गेंदबाजी आक्रमण से भरा है।

**भारत-इंग्लैड पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला**





**इंग्लैंड :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**मैच दोपहर 3 :30 बजे**

### पिच तय करेगी बुमराह को खिलाने की स्थिति

कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खिलाने का फैसला पिच देखने के बाद होगा। गिल ने पुष्टि की कि बुमराह चयन के लिए उपलब्ध हैं। हम बस यह देखने जा रहे हैं कि टेस्ट मैचों में उनके कार्यभार गेंदबाजी और फिटनेस का प्रबंधन कैसे किया जाए। हम सही संयोजन बनाने की कोशिश कर रहे हैं जहां हम 20 विकेट ले सकें और इन पिचों पर रन भी बना सकें। हमने सोचा कि हम मैच से पहले पिच देखकर तय करेंगे कि किस संयोजन के साथ मैदान पर उतरे। बुमराह अगर दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे।

# एंड्रयू फ्लिंटॉफ इंग्लैंड के अभ्यास सत्र में शामिल

बर्मिंघम, एजेंसी

- मोईन अली ने की अभ्यास सत्र में शामिल शोएब बशीर की मदद



भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से इंग्लैंड युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। मोईन अली सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र में शामिल हुए थे और उन्होंने शोएब बशीर की मदद की जिससे यह युवा ऑफ स्पिनर बेहद उत्साहित दिखा।

बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से एक दिन पहले टीम के आखिरी अभ्यास सत्र में पूर्व दिग्गज हरफनमौला एंड्रयू फ्लिंटॉफ खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए दिखे। इंग्लैंड की टीम पिछले काफी समय से टेस्ट मैचों को आक्रामक रवैये के साथ खेल रही है और फ्लिंटॉफ से मुलाकात से टीम का हौसला बढ़ेगा। मैच की पूर्व संध्या पर स्टोक्स से इंग्लैंड के महान खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में वापस लाने के चलन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम नियमित तौर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ महान खिलाड़ियों से मदद लेने की कोशिश करते है। अभ्यास सत्र के दौरान इन पूर्व खिलाड़ियों की मौजूदगी से मौजूदा टीम के सदस्यों को काफी मूल्यवान सलाह मिलती है। आप इस तरह के माहौल में बातचीत कर सकते हैं। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि मोईन के साथ बातचीत के बाद बशीर उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि हमेशा बोर्डरूम में या टेबल के चारों ओर बैठकर किसी खास चीज के बारे में बात करना जरूरी नहीं होता। मुझे लगता है कि बशीर का मोईन से मिलना अच्छा है। बशीर बिल्कुल उत्साहित हैं। जब हम ऐसे अनुभवी लोगों को ड्रेसिंग रूम में बुलाते है और वे अगर मौजूदा खिलाड़ियों को सलाह देते है तो यह टीम के लिए अच्छा है।

# ज़ाग्रेब में प्रज्ञानानंदा और गुकेश पर रहेगी नजर

ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), एजेंसी

भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अपनी शानदार फॉर्म के कारण बुधवार से शुरू हो रहे ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट की तीसरी प्रतियोगिता में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे।

प्रज्ञानानंदा ने हाल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को आगे भी जारी रखने में कामयाब होते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान काम नहीं होगा। वहीं, क्रोएशियाई चरण में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ-साथ मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश भी भाग लेंगे। आर प्रज्ञानानंदा को कार्लसन और गुकेश के अलावा अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा।

ग्रैंड शतरंज टूर के पीछे गैरी कास्पारोव का दिमाग था, जो बॉबी फिशर के बाद पेशेवर शतरंज की अवधारणा शुरू करने वाले पहले व्यक्ति थे और आज युवा पीढ़ी इसका लाभ उठा रही है।

**ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट**





# स्टोक्स ने बुमराह फैक्टर को किया खारिज

- इंग्लैंड के कप्तान ने खुद को पंत का बड़ा प्रशंसक बताया

बर्मिंघम, एजेंसी





इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मंगलवार को जसप्रीत बुमराह के 5 में से केवल 3 टेस्ट मैचों में उपलब्ध होने को लेकर चल रही अटकलों को खारिज करते हुए इसे भारत की समस्या करार दिया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में कड़ी चुनौती पेश करेगी।

बुमराह लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला, जिससे भारतीय टीम मज़बूत स्थिति में होने के बावजूद हार गई। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाज़ इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। भारत ने अभी तक यह तय नहीं किया कि बुमराह इंग्लैंड में किन 3 टेस्ट मैचों का हिस्सा होंगे। उन्होंने एक मैच खेला है और उन्हें अब 4 मैचों में से 2 में खेलना है। इंग्लैंड की टीम हालांकि बुमराह को लेकर चिंतित नहीं है और उसका ध्यान शृंखला में अपनी बढ़त पर है। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर बुमराह से जुड़े सवाल का कहा, यह भारत की समस्या है। वे इससे निपट लेंगे। मैं इंग्लैंड का कप्तान हूं। भारतीय टीम के बारे में उन्होंने कहा, अच्छी टीम है। हमेशा कड़ी टक्कर देते हैं, मेहनत करते हैं। उसके खिलाड़ी जुनूनी हैं। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे खिलाड़ियों पर दबाव होता है लेकिन भारत की तरफ से विशेष कर क्रिकेट में अन्य टीमों की तुलना में अधिक दबाव होता है। पिछले सप्ताह जो कुछ हुआ वह अतीत की बात है। यह नया मैच है और हम इसमें फिर से नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं।

स्टोक्स ने खुद को ऋषभ पंत का बड़ा प्रशंसक बताया जिन्होंने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। पंत के आक्रामक अंदाज को देखकर इंग्लैंड का कप्तान भी खुद को मुस्कुराने से नहीं रोक पाया था। स्टोक्स ने कहा, भले ही वह विपक्षी टीम में हो, लेकिन मुझे पंत को क्रिकेट खेलते हुए देखना पसंद है। मुझे वह तरीका पसंद है, जिससे वह खेल के सभी प्रारूपों में खेलता है। पंत एक टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए, जिससे क्रिकेट जगत ने उनकी प्रशंसा की।

# अल्काराज ने फोगनिनी को हराया





लंदन, एजेंसी

दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के पहले दौर के मुकाबले में फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा। स्पेन के अल्काराज ने साढे चार घंटे चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विम्बलडन क्यो है। फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं।

### पेगुला पहले दौर में कोकियारेटो से हारीं

**लंदन।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला विम्बलडन के पहले दौर में 116वीं रैंकिंग पर काबिज एलिसाबेटा कोकियारेटो से हार गईं। पेगुला इस टूर्नामेंट से पहले बैड होम्बर्ग ओपन का चैंपियन बन कर पहुंची थी। उन्होंने जर्मनी में घसियाले कोर्ट के इस टूर्नामेंट के फाइनल में इगा स्विएतेक को सीधे सेटों में हराया था।

### सिनर का शानदार आगाज, फ्रिट्ज ने भी दर्ज की जीत

शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने इटली के हमवतन लुका नारडी के खिलाफ जीत से अभियान का आगाज किया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर पहले विंबलडन खिताब की तलाश में हैं। सिनर के सामने दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिक की चुनौती होगी। वहीं, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने पहले दौर के पांच सेट के मैच में जियोवानी म्पेत्शी पेर्रिकार्ड पर जीत दर्ज की। पेर्रिकार्ड ने 153 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से सर्विस की जो विम्बलडन का नया रिकॉर्ड हैं।

# भारत के सामने इराक की चुनौती

चियांग माइ (थाईलैंड), एजेंसी

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी। शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी।

तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर से सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद 6 अंकों और +17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी 6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर +11 है। पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके 4 अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में 5 जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले मैच से 3 अंक पाने पर है। छेत्री ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है। विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

**एएफसी महिला क्वालीफायर**



# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए टीम का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने 8 से 20 जुलाई तक 8 मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए पुरुष टीम का ऐलान किया। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित हुआ है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा कि इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे। भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे। भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा कि यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिए अहम प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह का पता चलेगा।



**गोलकीपर :** पवन, मोहित एच शशिकुमार, **डिफेंडर :** प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान), **मिडफील्डर :** पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह, **फॉरवर्ड :** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाठे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह, **स्टैंडबाय :** अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

# मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

- आईसीसी ने जारी की रैंकिंग शेफाली वर्मा 13वें और हरलीन देयोल 86वें स्थान पर पहुंची



भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके करियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढ़कर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।

### हरमनप्रीत के खेलने पर फैसला मैच से ठीक पहले

**ब्रिस्टल।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 से एक दिन पहले ब्रिस्टल में अभ्यास सत्र में वापसी की। उन्हें पिछले हफ्ते ईसीबी डेवलपमेंट इलेवन के खिलाफ टी-20 अभ्यास मैच के दौरान सिर पर गेंद लगी थी, जिसके बाद उन्होंने 5 मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला नहीं खेला था। हरमनप्रीत के खेलने को लेकर फैसला मैच के दिन ही लिया जाएगा। भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने सोमवार को बताया, यह सकारात्मक संकेत हैं कि हरमनप्रीत आज अभ्यास सत्र में शामिल हुईं। अभ्यास सत्र के बाद उनका मूल्यांकन और निगरानी होगी। यह स्पष्ट नहीं है कि हरमनप्रीत को सिर में चोट कब और कैसे लगी, लेकिन उस मैच में उन्होंने 16 गेंदों में 28 रन बनाए थे, जिसमें 4 चौके थे। वह लेग स्पिनर सेरा ग्लेन की गेंद पर पगबाधा हुईं और भारत यह मैच 6 रन से हार गया था। उन्होंने प्री-सीरीज प्रेस वार्ता में भी भाग नहीं लिया और नॉटिंघम के पहले टी-20 में स्मृति मंधाना ने कप्तानी की, जो भारत ने 97 रन से जीता। मंधाना ने इस मैच में अपना पहला टी-20 शतक लगाया, जिससे भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वह तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाली पहली भारतीय और दुनिया की पांचवीं महिला क्रिकेटर बनीं।



# कजाकिस्तान: मुस्लिम महिलाओं के नकाब पहनने पर लगा प्रतिबंध

- बना कानून, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छिपा सकेंगी चेहरा

अस्ताना, एजेंसी

कजाकिस्तान ने मुस्लिम महिलाओं के नकाब लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही यह मध्य एशिया का पहला देश बन गया है, जिसने महिलाओं के नकाब लगाने पर पाबंदी लगा दी है।

कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कानून द्वारा परिभाषित सीमित मामलों को छोड़कर सार्वजनिक रूप से ऐसे कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो किसी व्यक्ति के चेहरे को छिपाते हैं। कानून में हालांकि स्पष्ट रूप से धार्मिक पोशाक का नाम नहीं है, लेकिन समझा जाता है कि नकाब और बुर्का जैसे परिधानों को ध्यान में रखकर यह प्रतिबंध लगाया गया है।

नए कानून के तहत चेहरा ढकने वाले कपड़ों को विशिष्ट मामलों में जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों, चिकित्सा कारणों, खराब मौसम से सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा उद्देश्यों के लिए या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के वास्ते ही अनुमति दी गई है। इससे पहले, किर्गिस्तान ने जनवरी 2025 में सार्वजनिक स्थानों पर नकाब पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया था। वहां के सांसदों ने तर्क दिया कि इस तरह के धार्मिक परिधान सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यक्तियों की पहचान करना मुश्किल बनाते हैं।

## बार्सिलोना में 100 साल में सबसे गर्म रहा जून 2025 का महीना

**पेरिस।** स्पेन की राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि बार्सिलोना में जून का महीने 100 साल में सबसे गर्म दर्ज किया गया है। बार्सिलोना की कैन फैबरा वेधशाला ने औसत तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जोकि 1914 के बाद से सर्वाधिक है।

इससे पहले बार्सिलोना में जून में सबसे अधिक गर्मी 2003 में दर्ज की गई थी जब औसत तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम केंद्र ने कहा कि सोमवार 30 जून को इस महीने का एक दिन का सबसे अधिक तापमान 37.9 डिग्री दर्ज किया गया। बार्सिलोना आमतौर पर स्पेन की भीषण गर्मी से बचा रहता है, क्योंकि यह शहर पहाड़ियों और भूमध्यसागर के बीच, स्पेन के उत्तर-पूर्वी छोर पर स्थित है।

# जलवायु परिवर्तन का संकेत भी हैं बादल फटने की घटनाएं

बादल फटने का मतलब होता है, किसी स्थान पर बहुत ही कम समय में अत्यधिक मात्रा में वर्षा होना, जो सामान्य कई गुना तेज और भारी होती है। यह एक अत्यंत विनाशकारी प्राकृतिक घटना होती है, जिसके अचानक बाढ़, भूस्खलन और जानमाल की हानि जैसे परिणाम सामने आते हैं। भारतीय मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार मानसून के मौसम में ये घटनाएं अधिक होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ी हैं। खासकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख और पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार ऐसी घटनाएं हुई हैं और 2010 के बाद से इन घटनाओं में तेजी देखी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इसका एक प्रमुख कारण हो सकता है। फिलहाल अधिकांश घटनाएं उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में हो रही हैं। आईएमडी और राज्य सरकारें अब अधिक अलर्ट जारी करने लगी हैं।



### बादल फटने का वैज्ञानिक अर्थ

जब किसी छोटे क्षेत्र में बहुत ही तीव्र गति से 100 मिमी या उससे अधिक वर्षा एक घंटे के भीतर हो जाती है तो उसे बादल फटना कहा जाता है। यह घटना आमतौर पर पहाड़ी क्षेत्रों में होती है। गर्म और नम हवा जब तेजी से ऊपर उठती है और ठंडी हवा से मिलती है, तब भारी मात्रा में जलवाष्प संघनित होकर अचानक भारी वर्षा के रूप में गिरती है। कई बार बादल ऊपरी वायुमंडल में अटक जाते हैं और जब वे एक जगह फटते हैं तो मूसलाधार वर्षा होती है।

### ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ रहीं घटनाएं

वैज्ञानिक धारणा है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वायुमंडल में अधिक जलवाष्प धारण करने की क्षमता बढ़ जाती है। इससे अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ती हैं। जलवायु परिवर्तन पर कई वैज्ञानिक रिपोर्टें कहती हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण बादल फटने जैसी घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार होने लगी हैं।

### ये होती है बर्बादी

बादल फटना विनाशकारी होता हैं। जानमाल की हानि तो होती ही है, सड़कें, इमारतें और पुल बहने जैसा ढांचागत नुकसान प्रभावित इलाके को कई साल पीछे धकेल देता है। कृषि भूमि और पशुधन की भारी बर्बादी होती है।

### कहर बरपाया था इन घटनाओं ने

- वर्ष 1970 में उत्तराखंड की अल्कनंदा घाटी में बादल फटने से भयंकर बाढ़ आई जिसमें सैकड़ों मौतें हुईं।
- वर्ष 2005 लद्दाख में बादल फटा, इसके बाद इतनी तेज बाढ़ आई कि कई गांव और तमाम लोग बह गए।
- वर्ष 2010 में जम्मू-कश्मीर के लेह में बादल फटने से दो सौ से ज्यादा मौतें हुईं। सेना को राहत कार्यों में लगाया।
- वर्ष 2013 में केदारनाथ में बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलन हुआ, 5,000 से ज्यादा मौतें हुई थीं।
- वर्ष 2021 हिमाचल प्रदेश में बादल फटने के बाद कई मकान बह गए और दर्जनों की मौत हो गई।
- वर्ष 2023 में भी जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में लगातार ये घटनाएं हुईं। बचाव कार्यों में सेना लगाई गई।

### अब सामान्य से ज्यादा घटनाएं

बादल फटना एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसकी घटनाएं अब सामान्य से अधिक हो रही हैं। इसके पीछे स्थानीय भूगोल, मानसून की तीव्रता और मानव जनित जलवायु परिवर्तन जैसी कई वजहें हैं। जलवायु परिवर्तन संकेत दे रहा है कि हमें भविष्य में और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' समाप्त होगी

**लंदन।** ब्रिटेन की 'रॉयल ट्रेन' अब जल्द ही अंतिम बार स्टेशन से रवाना होगी। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है। 2027 में इसके रखरखाव संबंधी मौजूदा अनुबंध खत्म होने से पहले इसकी सेवा को बंद कर दिया जाएगा। इस ट्रेन को महारानी विक्टोरिया ने 1869 में अपनी यात्राओं के लिए शुरू किया था।

### भारतीय नौसेना ने जहाज पर लगी आग पर काबू पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में पलाऊ के ध्वज वाले एक टैंकर में लगी आग पर काबू पा लिया तथा जहाज में सवार चालक दल के 14 भारतीय सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। रविवार को जहाज से संकट की सूचना मिलने के बाद नौसेना ने तुरंत कार्रवाई की और अग्निशमन अभियान शुरू किया। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से लगभग 80 समुद्री मील पूर्व में जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लग गई थी।

### भारत-फ्रांस की सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त परिचालन तैयारियों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए फ्रांस में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास किया। फ्रांस की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 18 जून से एक जुलाई तक आयोजित भारत-फ्रांस सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के लिये लगभग 50 बख्तरबंद और सामरिक वाहन और लड़ाकू जेट तैनात किए गए थे। विज्ञप्ति के अनुसार, इस अभ्यास में फ्रांसीसी सेना, विदेशी स्वयंसेवक सैनिक, साथ ही फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना तथा फ्रांसीसी नौसेना की विभिन्न इकाइयों के 500 से अधिक सैनिक और सैन्यकर्मी शामिल हुए। भारतीय दल के 90 कर्मी अभ्यास में शामिल हैं।

### पाकिस्तान में दो पुलिस दो कर्मियों की हत्या

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में मंगलवार को अज्ञात हथियारबंद व्यक्ति ने कथित तौर पर गोली मारकर दो यातायात पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। बंदूकधारी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में लोंगखेल रोड पर गुल बाज दखन के पास दोनों पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया। पुलिस ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों की तैनाती चौक ताजाजई स्थित यातायात पुलिस चौकी पर थी। घटना के समय दोनों अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे।

# आर्थिक युद्ध का कृत्य था पहलगाम हमला

## न्यूयॉर्क में जयशंकर ने कहा- परमाणु ब्लैकमेल की पाकिस्तान की नीति भारत को रोक नहीं पाएगी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला आर्थिक युद्ध का नया कृत्य था जिसका मकसद कश्मीर में पर्यटन खत्म करना था। उन्होंने कहा कि भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि परमाणु 'ब्लैकमेल' की पाकिस्तान की नीति भारत को पड़ोसी देश से उत्पन्न आतंकवाद का जवाब देने से नहीं रोक पाएगी।

जयशंकर ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान से प्रेरित कई आतंकवादी हमले हुए हैं और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश में यही भावना है कि अब बहुत हो गया। समाचार पत्रिका 'न्यूजवीक' के सीईओ देव प्रगाद के साथ मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर स्थित प्रकाशन के मुख्यालय में आयोजित एक बातचीत के दौरान आई उन्होंने यह टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमला एक आर्थिक युद्ध का कृत्य था। इसका उद्देश्य कश्मीर में पर्यटन को तबाह करना था, जो वहां की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। इसका उद्देश्य धार्मिक हिंसा को भड़काना भी था क्योंकि लोगों को मारने से पहले उनसे उनके धर्म के बारे में पूछा गया था।

उन्होंने कहा, इसलिए हमने तय किया कि हम आतंकवादियों को दंडित किए बिना नहीं छोड़ सकते। वे सीमा के उस तरफ हैं और इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती, मुझे लगता है कि इस तरह के विचार को चुनौती देने की आवश्यकता है और हमने यही किया। जयशंकर अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं और मंगलवार को चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी जाएंगे। 'क्वाड' चार देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका का समूह है। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' (द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म) शीर्षक वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करके की।



न्यूयॉर्क में एक बैठक के दौरान जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया के साथ जयशंकर।

### पाकिस्तान में कॉरपोरेट मुख्यालय जैसे हैं आतंकी ठिकाने

जयशंकर ने कहा कि भारत के खिलाफ हमलों को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के आतंकवादी गुप्त रूप से काम नहीं करते हैं और इन आतंकी संगठनों के पाकिस्तान के घनी आबादी वाले शहरों में कॉरपोरेट मुख्यालय सरीखे ठिकाने हैं। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि संगठन 'ए' और संगठन 'बी' का मुख्यालय क्या है और ये वे इमारतें, मुख्यालय हैं जिन्हें भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में नष्ट कर दिया।

## भारत और अमेरिका के बीच मजबूत आर्थिक संबंध, इन्हें चीन के नजरिए से देखना भ्रामक

- कहा- भारतीय समुदाय देता है अमेरिका में बड़ा योगदान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को केवल चीन के नजरिये से आंकना उनका बहुत अधिक सरलीकरण है और कई बार यह भ्रामक भी हो सकता है।

उनसे पूछा गया था कि भारत-अमेरिका के संबंध किस हद तक चीन के संदर्भ में उसका रुख जाहिर करते है। जयशंकर ने 'वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' में न्यूजवीक के मुख्यालय में उसके सीईओ देव प्रगाद के साथ बातचीत के दौरान कहा, भारत-अमेरिका संबंध कई अन्य पहलुओं से जुड़े हुए हैं, जैसे कि बड़ा भारतीय समुदाय जो अमेरिका में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह 'गेम-चेंजर' साबित होगा। इसका चीन से कोई लेना-देना नहीं है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वाशिंगटन और दिल्ली के बीच बहुत मजबूत आर्थिक संबंध हैं।

उन्होंने कहा, हमारे व्यापार के आंकड़ों को देखें और उस व्यापार की हमारी संबंधित अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रासंगिकता को देखें। हमारे प्रौद्योगिकी संपर्क को देखें। रक्षा या सुरक्षा सहयोग को भी चीन से जोड़ने की प्रवृत्ति है, लेकिन हम वैश्विक नौवहन के लिए अरब सागर को सुरक्षित रखने के वास्ते काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य की कुछ वास्तविकताएं हैं और उनमें से एक यह है कि अमेरिका और चीन के बीच का रिश्ता अब वैसा नहीं रहा जैसा पहले हुआ करता था। इसमें अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धात्मकता आ गई है।

जयशंकर ने कहा, साफ तौर पर कहूं तो, जहां तक हमारा सवाल है, हम इन दोनों देशों (अमेरिका और चीन) को इस नजरिए से देखते हैं कि उन्होंने एक-दूसरे को लेकर अपनी-अपनी सोच तय कर ली है। निश्चित रूप से इसमें रणनीति भी शामिल होगी। वे एक-दूसरे के प्रति एक व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण रखते हैं।

# ट्रंप पर फिर भड़के मस्क नई पार्टी बनाने का आह्वान

- कहा- पागलपन भरे बिल से आम अमेरिकियों को होगा बड़ा नुकसान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख कानून वन बिग ब्यूटीफुल बिल पर तीखा हमला करते हुए अरबपति एलन मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का आह्वान किया है। मस्क ने कहा, इस पागलपन भरे विधेयक में रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि से आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा।

मस्क ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से यह स्पष्ट है जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर तक बढ़ाता है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं - पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है। ट्रंप के प्रमुख व्यय बिल 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' की आलोचना उन्होंने ऐसे समय में की है जब एक सप्ताहांत की बातचीत और देरी के बाद सीनेट में घरेलू नीति विधेयक का मैराथन मतदान सत्र चल रहा है।

सीएनएन के मुताबिक सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून ने सदन में संवाददाताओं को बताया, उम्मीद है कि हम जल्द ही जान जाएंगे कि क्या रिपब्लिकन के पास विधेयक को पारित करने के लिए वोट हैं। उन्होंने कहा, इसमें थोड़ा समय लग सकता है। मस्क ने रिपब्लिकन विरोधी बयानबाजी को बढ़ा दिया है, विधेयक के 'पागलपन खर्च' की आलोचना की और दावा किया कि यह रिपब्लिकन पार्टी को डेमोक्रेट से अलग नहीं दिखाता है।

### समर्थन जुटाने में जुटे रिपब्लिकन सांसद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में ट्रंप के महत्वाकांक्षी विधेयक पर बहस मंगलवार को भी जारी रही। सोमवार को रात भर हंगामेदार सत्र में रिपब्लिकन सांसद जहां इस विधेयक के लिए समर्थन जुटाने की कवायद में लगे नजर आए। विपक्षी डेमोक्रेट सदस्य इसे गिराने के लिए पेश संशोधनों को पारित कराने की कोशिशों में लगे रहे। सीनेट में बहुमत के नेता और साउथ डकोटा से रिपब्लिकन सीनेटर जॉन थून अपनी पार्टी के उन सदस्यों के बीच समझौता कराने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, जो इस बात से चिंतित हैं कि विधेयक में 'मेडिकेड' में प्रस्तावित कटौती से लाखों लोग स्वास्थ्य देखभाल बीमा से वंचित हो जाएंगे।

# थाईलैंड: अदालत ने प्रधानमंत्री शिनावात्रा को किया निलंबित

- फोन पर सेना विरोधी बातचीत लीक होने के मामले में कार्रवाई

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पी शिनावात्रा को कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ फोन पर हुई उनकी सेना विरोधी बातचीत के लीक होने के मामले की जांच होने तक निलंबित करने का आदेश दिया है।

अदालत ने संविधान उल्लंघन को लेकर सुश्री शिनावात्रा के खिलाफ दायर याचिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। नेशन थाईलैंड की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीशों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से शिनावात्रा पर नैतिकता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार किया और उन्हें पद से निलंबित करने के लिए सात से दो मतों से मतदान किया।

गौरतलब है कि शिनावात्रा को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के तरीके को लेकर देश में बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 28 मई को हुआ एक सशस्त्र टकराव शामिल है। इसमें एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था।

### इक्वाडोर: पूर्व उपराष्ट्रपति को 13 साल की कैद

**क्विटो।** इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को 2016 में आए विनाशकारी भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए रखे गए सार्वजनिक धन के गबन के मामले में 13 साल जेल की सजा सुनाई गयी है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। इक्वाडोर के समाचार पत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधिकरण द्वारा छह दिनों की सुनवाई के बाद सर्वसम्मति से यह सजा सुनाई गई।

## यूक्रेन ने 1300 किमी दूर रूस में औद्योगिक संयत्र को बनाया ड्रोन हमले का निशाना

- दोनों देशों में अपनी ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और उसके इस्तेमाल की बढ़ी होड़

**कीव।** यूक्रेन ने देश से लगभग 1,300 किमी दूर एक रूसी औद्योगिक संयंत्र पर ड्रोन से हमला किया है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हथियारों के विकास को प्राथमिकता दी है और रूस ने जून में यूक्रेन पर रिकार्ड संख्या में ड्रोन हमले किए हैं।

रूस द्वारा फरवरी 2022 में पड़ोसी देश यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के बाद तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध में दोनों पक्षों के बीच ड्रोन तकनीक को बेहतर बनाने और युद्ध के मैदान में उनका उपयोग बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। दोनों देशों ने परिष्कृत और घातक ड्रोन तैनात किए हैं, जिससे युद्ध नए हथियारों के लिए परीक्षण का मैदान बन गया है। यूक्रेन पर रूस की ओर से लगभग 1,000 किलोमीटर लंबे मोर्चे पर कई जगहों पर भारी दबाव है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि उसकी रक्षा अधिकांश स्थानों पर मजबूत बनी हुई है। हाल ही में सीधे शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई है, इसलिए अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के बावजूद रूस और यूक्रेन हथियार भंडार बढ़ा रहे हैं।

## अनुष्ठान



महाराष्ट्र के सोलापुर के अकलुज में संत तुकाराम महाराज की पालकी यात्रा के दौरान वृत्ताकार रिंगन नामक अनुष्ठान में भाग लेते भक्त। असल में यह एक गोलाकार घेरे में प्रतीकात्मक घोड़ों के पीछे नंगे पैर दौड़ने की एक पुरानी प्रथा है, जो आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का प्रतीक है। एजेंसी

## एक महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जुलाई 2025 के लिए मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के दो साल के कार्यकाल का हिस्सा है। पाकिस्तान जनवरी 2025 में दो साल के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया था। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में भारी समर्थन के साथ सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया और उसे 193 में से 182 वोट मिले थे। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता का पद मासिक आधार पर 15 सदस्यों के बीच वर्णानुक्रम में बदलता रहता है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने सरकारी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान से कहा, पाकिस्तान की अध्यक्षता पारदर्शी, समावेशी और उत्तरदायी होगी।

# नीट यूजी में बिजली गुल दोबारा परीक्षा का आदेश

इंदौर, एजेंसी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने चिकित्सा क्षेत्र के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चार मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के दौरान बिजली गुल हो जाने से प्रभावित उम्मीदवारों की दोबारा परीक्षा लिए जाने का आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय ने देश के सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय के सिद्धांत को स्थापित करने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का हवाला देते हुए कहा है कि इन उम्मीदवारों की कोई भी गलती न होने के बावजूद उन्हें बिजली कटौती के कारण नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया गया था। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने नीट-यूजी के कई उम्मीदवारों की याचिकाओं पर सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला पिछले माह सुरक्षित रख लिया था।



- मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के फैसले का 75 अभ्यर्थियों को मिलेगा लाभ

याचिकाकर्ताओं के वकील मृदुल भटनागर ने बताया कि उन्हें अदालत के 23 जून के आदेश की प्रति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इंदौर और उज्जैन में हुई नीट-यूजी परीक्षा में बैठे करीब 75 उम्मीदवारों को इस आदेश का फायदा मिलेगा जिनके परीक्षा केंद्र में बिजली गुल हो गई थी।

## कोर्ट ने रूस के पूर्व उप रक्षामंत्री को 13 साल की सजा सुनाई

**मॉस्को।** रूस के पूर्व उप रक्षा मंत्री को मंगलवार को गबन और धन शोधन के जुर्म में दोषी ठहराया गया और उन्हें 13 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

इस मामले ने बड़े सैन्य भ्रष्टाचार को उजागर किया था, जिसे यूक्रेन में मॉस्को की सैन्य असफलताओं के लिए व्यापक रूप से जिम्मेदार ठहराया गया था। तिमूर इवानोव सैन्य भ्रष्टाचार की व्यापक जांच में सबसे चर्चित व्यक्ति है, जिसमें पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के करीबी कई अन्य शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे। शोइगु पूर्व वरिष्ठ अधिकारी थे और उनके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से व्यक्तिगत संबंध हैं। उन्हें रूस की सुरक्षा परिषद के सचिव का नया उच्च-स्तरीय पद दिया गया। इवानोव(49) को 2016 में उप रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था।

श्रद्धा | मौके पर ही शुरू हुआ पंजीकरण, कल से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी यात्रा

# अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जम्मू, एजेंसी

जम्मू में प्रशासन की ओर से अमरनाथ यात्रा के लिए मौके पर ही पंजीकरण शुरू किए जाने के बाद मंगलवार को देशभर से सैकड़ों श्रद्धालु यहां जम्मू पहुंचे। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर की यात्रा औपचारिक तौर पर तीन जुलाई को शुरू होगी।

दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों से शुरू होगी। इसमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग है। प्राधिकारियों ने यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



यात्रा से पहले जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर में जोश में नजर आए तीर्थयात्री।

तीर्थयात्रियों का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। उप संभागीय मजिस्ट्रेट मनु हंसा ने कहा, अमरनाथ यात्रा के लिए देश के अन्य भागों से जम्मू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मौके पर पंजीकरण शुरू हो गया है। यहां शालीमार इलाके में अपंजीकृत श्रद्धालुओं के लिए मौके पर ही पंजीकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि पुरानी मंडी स्थित राम मंदिर परिसर में साधुओं के पंजीकरण के लिए विशेष शिविर बनाया गया है।

उन्होंने कहा, पंजीकरण वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा समेत तीन केंद्रों पर किया जा रहा है। सरस्वती धाम एकमात्र केंद्र है, जहां से भक्त टोकन प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण केंद्र सुबह सात बजे खुल गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू स्थित राम मंदिर में साधुओं का पंजीकरण शुरू हो गया है और उनके लिए सभी इंतजाम किये गये हैं। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से 300 से अधिक साधु राम मंदिर परिसर में पहुंचे हैं, जो उनके लिए आधार शिविर है। उन्होंने बताया कि यहां उनके लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 1,600 से अधिक तीर्थयात्री कल कश्मीर की अपनी आगे की यात्रा पर जाने के लिए यहां भगवती नगर आधार शिविर पहुंचे हैं।

### ठहराव केंद्रों पर 50 हजार लोगों के खाने की व्यवस्था

संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने बताया, जम्मू क्षेत्र में लखनपुर से बनिहाल तक विभिन्न ठहराव केंद्रों पर 50,000 से अधिक लोगों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस उद्देश्य के लिए कुल 106 आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुमार ने बताया कि यात्रा दो जुलाई को जम्मू से शुरू होगी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कड़ी सुरक्षा के बीच भगवती नगर आधार शिविर से इसे हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने कहा, यात्रा औपचारिक रूप से तीन जुलाई को कश्मीर से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा के लिए यहां पहुंचे तीर्थयात्रियों में उत्साह साफ देखा जा सकता है। भगवती नगर आधार शिविर में पहुंचे पंजाब के संतोख सिंह ने कहा कि यह नौवीं बार है जब वह अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए आए हैं।